BRIMSTONE, [ब्रिम्'-स्टोन्], *n.* सं०sulphur. गंधक; *adj.* सं० वि० relating to sulphur. गंधक संबंधी।

BRINDLE, BRINDLED, [ब्रिन्-इल्-ब्रिन-डलड्], *adj.* सं० वि० variegated. चितकबरा।

BRINE, [ब्राइन्], *n.* सं० water saturated with salt. ननकीन पानी: sea-water. समुद्र का पानी।

BRING, [ब्रिङ्], *v. t.* स० क्रि० to carry.

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

लाना; to produce. प्रस्तुत करना; to cause to arise. सम्मुख करना; to influence. प्रभाव डालना; **To bring about** (to achieve. प्रतिपादन करना); **To bring down** (to degrade. अवनति करना; to shoot down. गिरा देना); **To bring back** (to call to mind. स्मरण करना); **To bring forth** (to be the origin of. जन्म देना); **To bring forward** (to adduce as an argument. प्रमाण की तरह प्रस्तुत करना); **To bring off** (to accomplish. पूरा करना); **To bring home to** (to stamp on the mind. मन पर पूरी तरह अंकित कर देना); **To bring in** (to introduce. परिचय कराना); **To bring off** (to free from a charge. भार से मुक्त करना); **To bring out** (to publish. प्रकाशित करना); **To bring over** (to convert. अपने मत में लाना); **To bring under** (to conquer. जीतना); **To bring up** (to educate. शिक्षा देना); **To bring to book** (to punish an offender. अपराधी को दंड देना); **To bring to pass** (to happen. घटित होना); **To bring down the house** (to produce great applause. अधिक जय-जयकार उत्पन्न करना।)

BRINJAL, [ब्रिन्'-जल्], *n.* सं० the fruit of the egg-plant. भण्टा, बैंगन।

BRINK, [ब्रिङ्क्], *n.* सं० edge or border of any steep place. तट (किनारा); **On the brink of grave** (about to die. मरणोन्मुख)।

BRIQUETTE, [ब्रिक्-एट्'], *n.* सं० a preparation of coal dust in the form of a brick. कोयले का चूर्ण जो ईंट के रूप में बनाकर काम में आता है।

BRISK, [ब्रिस्क्], *adj.* सं० वि० spirited. उत्साही; active. तीव्र, चंचल; *v. t.* & *i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make or become brisk. तीव्र होना या करना।

BRISTLE, [ब्रिस'-सल्], *n.* सं० the coarse hair of swine. शूकर के कड़े बाल; *v.t.* स० क्रि० to fix a bristle to. कड़े बाल लगाना; *v. i.* अ० क्रि० to raise the bristles. रोमांचित होना; **To bristle up** (to resent. प्रतिवाद करना)।

BRIT, [ब्रिट्], *n.* सं० a kind of seafish. एक समुद्री मछली।

BRITANNIC, [ब्रिट्-टैन्'-इक्], *adj.* सं० वि० relating to Britain or its inhabitants. ब्रिटेन् या इसके निवासी संबंधी।

BRITISH, [ब्रिट्'-इश्], *adj.* सं० वि० pertaining to Great Britain or its empire. ब्रिटेन या ब्रिटिश साम्राज्य संबंधी; relating to the inhabitants of Britain. ब्रिटेन के निवासी संबंधी।

BRITON, [ब्रि'-टॉन], *n.* सं० a native of Great Britain. ग्रेट् ब्रिटेन् का निवासी।

BRITTLE, [ब्रिट्ल्], *adj.* सं० वि० liable to break easily. शीघ्र टूटने योग्य; fragile. भंगुर।

BROACH, [ब्रोच्], *n.* सं० a pointed hand-tool for making holes. छोटा बरमा; to bore a hole. छिद्र करना; to open up. खोलना; to approach a subject of discussion. शास्त्रार्थ के विषय को प्रस्तुत करना।

BROAD, [ब्रॉड्], *n.* सं० a wide stretch of river. नदी का वृहत् फैलाव; *adj.* सं० वि० extended. विस्तृत; comprehensive. व्यापक; distinct. स्पष्ट; bold. साहसी; widespread. विस्तार वाला।

BROAD-AWAKE, [ब्रॉड्-अवेक्], *adj.* सं० वि० fully awake. प्रबुद्ध।

BROADCLOTH, [ब्रॉड्-क्लॉथ्], *n.* सं० a fine woollen cloth. बनात।

BROADEN, [ब्रॉड्'-एन्], *v. t.* स० क्रि० to make broad. चौड़ा करना; *v. i.* अ० क्रि० to grow broader. चौड़ा हो जाना।

BROAD-EYED, [ब्रॉड्'-आइड्], *adj.* सं० वि० having a wide survey. वृहत् निरीक्षण।

BROAD-GAUGE, [ब्रॉड्'-गॉज्], *n.* सं० a railway track with rails having 4 feet 8 inches width. बड़ी लाइन जिसकी लाइनों के बीच की दूरी ४ फीट ८ इञ्च का अन्तर रहता है।

BROADSIDE, [ब्रॉड्'-साइड्], *n.* सं० the whole length of one side of a ship. पोत की पूरी लंबाई।

BROADSWORD, [ब्रॉड्'-सोर्ड], *n.* सं० a sword having a broad blade. चौड़ी धार वाली खड्ग।

BROCADE, [ब्रॉक्-एड्], *n.* सं० a silk fabric decorated with silver and gold threads. कामिक्क दौम (किम खाब) *v. t.* & *i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make brocade. किमख़ाब बनाना; to make designs on cloth. कपड़े पर जरी बनाना।

BROCHURE, [ब्रॉश'-युर्], *n.* सं० a small descriptive pamphlet. पुस्तिका।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

BROIL, [ब्रॉयल्], *n.* सं० a noisy quarrel. कलह; a row. झगड़ा; a turmoil. विवाद; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to cook in the flames of fire. आग पर सेंकना; to perspire through heat. गरमी से पसीना बहना।

BROKEN, [ब्रो-कन्], *adj.* सं० वि० weak. दुर्बल; subdued. विनीत; being in fragments. टुकड़ों के रूप में; tame. पालतू; ruined. नष्ट।

BROKENLY, [ब्रोकन्'-ली], *adv.* क्रि० वि० in an intermittent manner. रुकावट से।

BROKENMEAT, [ब्रोकन्-मीट्], *n.* सं० small pieces of food. भोज्य पदार्थ के टुकड़े।

BROKER, [ब्रोक्'-अर्], *n.* सं० one who buys and sells for another. घटक (दलाल)।

BROKERAGE, [ब्रोक्'-अर्-एज्], *n.* सं० the business of a broker. दलाल का कार्य; the commission earned by a broker. दस्तूरी।

BRONCHITIS, [ब्राङ्क्'-आइट्'-इस्], *n.* सं० inflammation of the bronchial tubes. फेफड़े में का शोथ।

BRONZE, [ब्रान्ज़], *n.* स० an alloy of copper and zinc. कसकुट; *adj.* सं० वि० made of bronze. काँसे का; *v. t.* स० क्रि० to give the colour of bronze. काँसे के रंग का बनाना।

BROOCH, [ब्रूच्], *n.* सं० an ornament with a pin for attaching it to a garment. स्त्रियों के वस्त्र में लगाने का कीलयुक्त आभूषण।

BROOD, [ब्रूड्], *n.* सं० all the offsprings of one parent. एक ही माता पिता की संतान; children. संतान; *v. i.* अ० क्रि० to sit on eggs in order to hatch them. अंडा सेना; to ponder for a long time. देर तक चिन्तन करना।

BROODING, [ब्रूड्-इङ् ग्], *adj.* सं० वि० meditating for a long time. अधिक काल तक मनन करते हुए।

BROODY, [ब्रूड्'-ई], *adj.* सं० वि० noody. ध्यान में लीन; having a natural desire to brood. अंडा सेने की स्वाभाविक प्रवृत्ति वाली।

BROOK, [ब्रुक्], *n.* सं० a small current or stream. स्रोत; *v. t.* स० क्रि० to tolerate. सहना; to support. अनुमोदन करना।

BROOKLET, [ब्रुक्-लेट्], *n.* सं० a small brook or stream. छोटी नदी या नाला।

BROOM, [ब्रूम्], *n.* सं० a brush used for sweeping. मार्जनी (झाड़ू) *v. t.* स० क्रि० to sweep with a broom. झाड़ू देना।

BROOMSTICK, [ब्रूम्-स्टिक्], *n.* सं० the handle of a broom. झाड़ की डंडी।

BROTH, [ब्रॉथ्], *n.* सं० a kind of soup having meat and vegetables. एक प्रकार का मांस तथा तरकारी से बनाया हुआ रसा।

BROTHER, [ब्रद्'-अर], *n.* सं० one who is born of the same parents. भ्राता (भाई); a fellow-member. साथी।

BROTHERHOOD, [ब्रद्-अर्-हुड्], *n.* सं० the condition of being a brother. भ्रातृत्व; a class of the same occupation. एक ही व्यवसाय के लोगों का संघ।

BROTHER-IN-LAW, [ब्रदर्'-इन्-लॉ], *n.* सं० the brother of one's husband or wife. साला, देवर, जेठ; sister's husband. बहनोई।

BROTHER-UTERINE, [ब्रद्'-अर्-युट्-अर्'-आइन्], *n.* सं० born of the same mother. एक ही माँ की सन्तति।

BROUGHAM, [ब्रो'-अम्] *n.* सं० a closed carriage drawn by one horse. एक घोड़े की बन्द गाड़ी।

BROW, [ब्राउ], *n.* सं० the ridge above each eye. भ्रू; the forehead. ललाट; the edge of a steep place. करारा।

BROW-AGUE, [ब्रू-एग्यू], *n.* सं० pain in the head. मस्तक में पीड़ा।

BROWBEAT, [ब्रो'-बीट्], *v. t.* स० क्रि० to intimidate. धमकाना।

BROWN, [ब्रा'-उन्], *n.* सं० a dark colour made up of yellow, red and black. भूरा रंग; *adj.* सं० वि० having a dusky colour. भूरा; *v. t.* & *i.* स० तथा अ० क्रि० to make brown. भूरा बनाना; to become brown. भूरा होना।

BROWNIE, [ब्राउन्'-इ], *n.* सं० a fairy helpful to human beings. एक प्रकार की परी।

BROWNISH, [ब्राउन्'-इश्], *adj.* सं० वि० slightly brown. कुछ भूरा।

BROWNNESS, [ब्राउन्'-नेस्], *n.* सं० the quality of being brown. भूरापन।

BRUISE, [ब्रूज़्], *n.* सं० an injury caused by a blow. आघात, प्रहार; *v. t.* & *i.* स० तथा अ० क्रि० to injure by blow. आघात से पीड़ित करना; to crush. कुचल देना।

BRUIT, [ब्रूट्], *n.* सं० rumour. जनप्रवाद;

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

noise. कोलाहल; fame. यश; *v. t.* स० क्रि० to spread a rumour. असत्य समाचार फैलाना।

BRUMAL, [ब्रू - मॉल्], *adj.* सं० वि० pertaining to winter. शरद ऋतु संबंधी।

BRUME, [ब्रूम्], *n.* सं० fog. कुहरा।

BRUNETTE, [ब्रून्'-एट्], *n.* सं० a woman with brown complexion and dark eyes. पिंग केशी (श्यामावर्णा स्त्री)।

BRUNT, [ब्रन्ट्], *n.* सं० the first blow. प्रथम आघात; fierce attack. कठिन चोट।

BRUSH, [ब्रश्], *n.* सं० an instrument made up of bristles, feathers etc. used for scrubbing or removing dirt. कूँची, (बालों की बनी हुई शलाका या झाड़ू); a thicket of small trees. छोटे वृक्षों से घिरी हुई झाड़ी; *v. t. & i.* स० तथा अ० क्रिया; to apply a brush to. झाड़ू देना; to rub lightly in pressing. धीरे धीरे थपथपाना; **To brush away** (to remove with quick movement. तीव्र गति से हटा देना) **To brush aside** (to reject summarily. तुरत अस्वीकार कर देना) **To brush up** (to revive in the memory. पुनः स्मरण करना)।

BRUSHING, [ब्रश्-इङ्], *adj.* सं० वि० light. हलका; sweeping. स्वच्छ साफ करते हुए।

BRUSHWOOD, [ब्रश्' - वुड्], *n.* सं० a dense thicket. घनी झाड़ी।

BRUSQUE, [ब्रस्क्], *adj.* सं० वि० abrupt in manners. असभ्य; curt. अल्पभाषी।

BRUSQUENESS, [ब्रस्क्'-नेस्], *n.* सं० the quality of being brusque. असभ्यता।

BRUTAL, [ब्रू'-टॉल्], *adj.* सं० वि० savage. जंगली; inhuman. पाशविक; rough. रूखा।

BRUTALISM, [ब्रू'-टॉल्-इज्म्], *n.* सं० inhumanity. पाशविकता; cruelty. क्रूरता।

BRUTALITY, **Same as Brutalism.**

BRUTALIZE, [ब्रू'-टॉल्-आइज्], *v. t.* स० क्रि० to make brutal. क्रूर करना।

BRUTE, [ब्रूट्], *n.* सं० an irrational animal. पशु; a brutal person. क्रूर पुरुष; an uncivilised being. असभ्य व्यक्ति; *adj.* सं० वि० savage. क्रूर; ferocious. भयानक; inhuman. अमानुषिक; rude. असभ्य।

BUBO, [ब्यू'-बो], *n.* सं० a pus-emitting swelling in the armpit. कखौरी।

BUBONIC, [ब्यू-बॉन्-इक्], *adj.* सं० वि० relating to buboes. गिल्टी संबंधी।

BUCCANEER, [बुक्-ऑ-नेर्'], *n.* सं० a sea robber. समुद्री लुटेरा; a freebooter. डाकू।

BUCK, [बक्], *n.* सं० the male of the deer. हिरन; a dandy. छैला; *v. t.* स० क्रि० to jump. कूदना; to kick the legs out. पैर समेट कर कूदना; **To buck up** (to cheer up. बढ़ावा देना)।

BUCKET, [बक्'-एट्], *n.* सं० a tapering vessel for drawing or carrying water. बालटी; *v. t.* स० क्रि० to splash water with the oar. डाँड़े से पानी उछालना।

BUCKETFUL, [बक्'-एट्-फुल्], *n.* सं० the amount that a bucket will contain. बालटी भर।

BUCKLE, [बक्'-कुल्], *n.* सं० a metallic link used for fastening belts etc. पट्ट बंद। *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to fasten with a buckle. पट्टबंध से बाँधना; to prepare for action. कार्य में तत्पर होना; to struggle. संघर्ष करना; to bend under pressure. दबाव से झुकना।

BUCKLER, [बक्'-लर्], *n.* सं० a kind of shield used in ancient times. प्राचीनकाल में प्रयोग आने वाली ढाल।

BUCKRAM, [बक्'-रॉम्], *n.* सं० a coarse linen cloth used in tailoring. चिमड़ा मोटा वस्त्र।

BUCKSHOT, [बक्-शॉट्], *n.* सं० a large shot for killing deer. हरिण मारने की बड़ी गोली।

BUCKWHEAT, [बक्'-व्हीट्], *n.* सं० a kind of edible grain used for horses. मोथी।

BUCOLIC, [ब्यु-कॉल्'-इक्], *n.* सं० a pastoral poem. ग्रामीण काव्य; *adj.* सं० वि० pastoral. ग्रामीण; of the countryside. देहाती।

BUD, [बड्], *n.* सं० an unexpanded leaf. कलिका; a half-opened flower. कली; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to graft by inserting a bud. कली से बढ़ाना; to begin to grow. बढ़ना आरंभ करना; **To nip in the bud** (to destroy in early stages. आरंभ में ही नष्ट करना)।

BUDGE, [बज्], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to cause to move slightly. थोड़ा

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

सरकाना; to move. हिलना।

BUDGET, [बज्'-एट्], *n.* सं० contents of a small bag. संग्रह; a stock or store. पूंजी या कोष; a record of annual income and expenditure. आय-व्यय का वार्षिक लेखा; *v.t.* स० क्रि० to estimate expenditure. व्यय का पहिले से ही अनुमान करना।

BUDLET, [बड्'-लेट्], *n.* सं० a little bud. लघु कली।

BUFF, [बफ्], *n.* सं० a leather prepared from the skin of a buffalo, ox etc. भैंस या गाय इ० का चमड़ा; a blow. घूँसा; *v. t.* स० क्रि० to polish with a buff. चमड़े की पहिये से किसी धातु को चमकाना; to strike. पीटना।

BUFFALO, [बफ्'-ऑल-ओ], *n.* सं० a kind of wild ox. भैंस (महिष)।

BUFFER, [बफ'-फर्], *n.* सं० a shock absorbing contrivance fitted in a vehicle. रेल इ० में झटका रोकने का यंत्र; a stupid person. मूर्ख मनुष्य; **Buffer state** (a small state between two large one. मध्यस्थ राज्य)।

BUFFET, [बफ'-एट्], *n.* सं० a place for light refreshments. भोजन फलक; a blow with the hand. थप्पड़; blow. घूँसा; *v.t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to beat. मारना; to cuff. घूँसा मारना; to struggle. संघर्ष करना।

BUFFO, [बफ्'-फो], *n.* सं० a comic actor. विदूषक।

BUFFOONERY, [ब-फून्'-अर-ई], *n.* सं० practical joking. परिहास; jest. हँसी।

BUG, [बग्], *n.* सं० a verminous insect which sucks blood and is generally found in beds. मत्कुण (खटमल)।

BUGBEAR, [बग्'-बियर्], *n.* सं० something frightful (as a spectre) भयमूल हौवा; an idle apparition. झूठा भय; *v. t.* स० क्रि० to terrify with imaginary fear. काल्पनिक भय से भयभीत करना।

BUGGY, [ब-गी], *n.* स० a light four-wheeled carriage drawn by one horse. एक घोड़े की चौपहिया गाड़ी।

BUGLET, [ब्यूग्'-लेट्], *n.* सं० a small bugle. छोटी सिंधी।

BUILD, [बिल्ड्], *n.* सं० form or mode of construction. आकृति (बनावट); *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to frame or construct. निर्माण करना; to increase and strengthen. पुष्ट करना; to depend for support. आश्रित होना; to improve. उन्नति करना; **To build on** (to rely upon. आश्रय करना)।

BUILDER, [बिल्ड्'-अर्], *n.* सं० a person who builds. शिल्पी।

BUILDING, [बिल्ड्'-इङग्], *n.* सं० a thing built. घर; an edifice. भवन; **Building society** (a plan in which subscribers lend money to build houses. भवन निर्माण के लिये ऋण देने वाली संस्था)।

BULB, [बल्ब्], *n.* सं० a bud of party-developed leaves producing a stem. कन्द; an expanded tube of glass. दीप-गोलक: an electric lamp. बिजली का लट्टू;

BULBOUS, [बल्ब्'-अस्], *adj.* सं० वि० round. गोलाकार; swollen. फूला हुआ।

BULGE, [बल्ज्], *n.* सं० a swelling. फूलन; an irregular protuberance. सूजन; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to swell out. फूल आना; to expand in a clumsy manner. सूज आना।

BULGY, [बल्ज्'-ई], *adj.* सं० वि० bulging unduly. अधिक फूला हुआ।

BULK, [बल्क्], *n.* सं० the whole cargo of a ship. पोत का पूरा भार; magnitude. विस्तार; mass. मात्रा; the majority. बहुमत; **In bulk** (not in package. खुला माल); **To load in bulk** (to put grain in loose condition. अनाज इ० खुला हुआ जहाज में लादना); **To sell in bulk** (to sell in large unpacked bundles. थोक में विक्रय करना)।

BULKY, [बल्क्'-ई], *adj.* सं० वि० of great bulk or size. भारी या बड़े आकार वाला।

BULL, [बुल्], *n.* सं० the male ox. साँड (बैल); an edict issued by the Pope. धर्माध्यक्ष (पोप) की घोषणा; *adj.* सं० वि० of large size. वृहत् आकार का; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to cause a rise in shares. अंश का भाव बढ़ाना; **A bull in a**

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

china-shop (a tactless person. नितान्त अनुभवहीन मनुष्य); **To take the bull by the horns** (to grapple with danger without flinching. बिना हिचकिचाहट के आपत्ति का सामना करना)।

BULL-CALF, [बुल्'-काफ़्], *n.* सं० a male calf. बछवा; a stupid fellow. मूर्ख मनुष्य।

BULLET, [बुल्'-एट्], *n.* सं० a lead rod of metal fired from a rifle or revolver. सीसे की गोली जो बन्दूक से छोड़ी जाती है।

BULLETIN, [बूल्'-एट्-इन्], *n.* सं० a brief official statement of facts concerning public exents. अधिकारी की विज्ञप्ति (वृत्तान्त पत्र)।

BULLET-PROOF, [बुल्-लेट्-प्रूफ़्], *adj.* सं० वि० able to resist a bullet. बन्दूक की गोली से अभेद्य।

BULLION, [बूल्'-यॉन्], *n.* सं० uncoined gold or silver. चाँदी या सुवर्ण की ठोस सिल; a kind of fringe. एक प्रकार की झालर।

BULLOCK, [बूल्-लॉक्], *n.* सं० a young bull. बरधा।

BULL'S-SYE, [बुल्स्-आइ], *n.* सं० the centre of a target. लक्ष्य लगाने का गोल बिन्दु।

BUM, [बम्], *n.* सं० the buttocks. चूतड़; *v. i.* अ० क्रि० to make a noise like a bee. मधुमक्खी की तरह भन भनाना; to hum. गुन-गुनाना।

BUMKIN, [बम्'-किन्], *n.* सं० a small adjustment over the stern of a boat. नाव के पिछले भाग में लगा हुआ लंगर फंसाने का हुक।

BUMP, [बम्प्], *n.* सं० a heavy blow. बड़ा आघात; a thump. झटका; a swelling caused by a collision. झटके से उत्पन्न सूजन; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to strike against anything solid. टकराना; to push against something. ढकेलना।

BUMPKIN, [बम्प्'-किन्], *n.* सं० an awkward fellow. अशिष्ट पुरुष।

BUMPTIOUS, [बम्प्'-शस्], *adj.* सं० वि० conceited. दंभी; arrogant. आत्मश्लाघी।

BUN, [बन्], *n.* सं० a small sweet cake. कोमल छोटी डिकिया (रोटी)।

BUNCH, [बन्च्], *n.* सं० a cluster or group of objects of a similar kind. गुच्छा; a knot. गाँठ; tuft. जूड़ा; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to gather up into a bunch. गुच्छा बनाना; to swell out. फूलना; **The best of the bunch** (the pick of anything. सबसे उत्कृष्ट वस्तु)।

BUNCHY, [बन्च्'-ई], *adj.* सं० वि० growing in bunches. गुच्छों वाला।

BUNDLE, [बन्'-डल्], *n.* सं० a number of things bound together. गठ्ठर, पोटली; a package. बंडल; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make up into a bundle. गठरी बाँधना; to depart hurriedly. जल्दी से भाग जाना।

BUNG, [बंग्], *n.* सं० a large cork-stopper. बड़ा डट्टा; *v. t.* स० क्रि० to stop the hole of a cask. डट्टा लगाकर पीपा बन्द करना।

BUNGLE, [बंगल्], *n.* सं a clumsy performance. प्रमाद, गोलमाल; a gross blunder. भद्दी भूल; *v. t.* स० क्रि० to manage awkwardly. भद्दी तरह से काम करना।

BUNION, [बन्'-यन्], *n.* सं० an inflammation on the foot. पादविस्फोट (पैर की सूजन)।

BUNK, [बङ्क्], *n.* सं० a berth for sleeping in a railway carriage. शयन करने के निमित्त लगा हुआ रेलगाड़ी का तख्ता; *v. t.* स० क्रि० to sleep. सोना।

BUNKUM, [बङ्'-कम्] *n.* सं० empty futile talk. वृथा की बातचीत।

BUNT, [बन्ट्], *n.* सं० a parasite which attacks wheat. गेहूँ में लगने वाला कीड़ा; the middle part of a sail. पाल का मध्य भाग।

BUNTING, [बन्ट्'-इङ्ग्], *n.* सं० a woollen stuff used in making of flags. ध्वजपट।

BUOY, [बॉय्], *n.* सं० a floating mark to point out the objects beneath the water. तरण, पोत का मार्ग दिखलाने का तैरता हुआ पीपा।

BUOYANT, [बॉय्-ऑन्ट्], *adj.* सं० वि० floating. तरण शील; light-hearted. प्रसन्न।

BURDEN, [बर्'-डेन्], *n.* सं० a load or weight. भार या बोझा; the verse repeated in a song. कविता का टेक; anything which is wearisome. थकाने की वस्तु; *v. t.* स० क्रि० to lay a heavy load on. अधिक बोझ लादना; to oppress. कष्ट देना; **Burden of proof** (responsibility of proving. प्रमाणित करने का उत्तरदायित्व); **Beast of burden** (an

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

animal used for carrying load. बोझ ढोने वाला पशु)।

BURDENSOME, [बर्'-डन्-सम्], *adj.* सं० वि० heavy to bear. भारी; oppressive. कष्टकर; fatiguing. थकाने वाला।

BUREAU, [ब्यू-रो'], *n.* सं० a desk for writing. लेखन पीठ; a public house. कार्यालय; a government department. राजकीय विभाग।

BUREAUCRACY, [ब्यु-रोक्'-रॉस्-इ], *n.* सं० the system of administration through officials. कर्मचारी राज्य।

BURGEON, [बर्'-जॉन्], *v. i.* अ० क्रि० to come into bud. उगना।

BURGLAR, [बर्ग-लॉर], *n.* सं० one who enters a house in the night to commit a theft. रात्रि में चोरी करने वाला (सेंध मारने वाला)।

BURGLARY, [बर्ग्-लॉर्-ई], *n.* सं० the act of breaking into a house after sunset with intent to steal. रात में चोरी करने का अपराध।

BURGLE, [बर्गल्], *v. i.* स० क्रि० to enter with an intention to commit burglary. सेंध मार कर चोरी करना।

BURIAL, [बे'-रि-अल्], *n.* सं० act of burying dead in the earth. शव को भूमि में गाड़ने का कार्य।

BURIAL-GROUND, [बे'-रि-अल्-ग्राउन्ड'], *n.* सं० a place for the burial of the dead. श्मशान।

BURKE, [बर्क्], *v. t.* स० क्रि० to murder. हत्या करना; to hush up. दबाना।

BURL, [बर्ल्], *n.* सं० a knot in a cloth. वस्त्र की ग्रन्थि।

BURLESQUE, [बर्-लेस्क्'], *n.* सं० a ludicrous representation. परिहास; *adj.* सं० वि० farcical. हँसी की विडंबना; *v. t.* स० क्रि० to caricature. व्यंग बनाना।

BURLY, [बर्'-ली], *adj.* सं० वि० of great bulk. स्थूलकाय; stout. पुष्ट; lusty. मोटा ताजा।

BURN, [बर्न्], *n.* सं० an injury caused by fire. जलने से उत्पन्न घाव; a brook. नाला; *v. t.* स० क्रि० to consume with fire. जलाना; to injure by fire. तपाना; to scorch. झुलसना; to dry up. सुखाना; *v. i.* अ० क्रि० to shine. चमकना; to be on fire. आग में जलना; **To burn down** (to destroy completely by fire. आग से पूर्ण रूप से नष्ट कर देना) **To burn up** (to get rid of by fire. अग्नि से जलाकर छुटकारा पाना) **To burn the candle at both ends** (to spend extravagantly. धन का अपव्यय करना) **To burn the midnight oil** (to work hard late at night. रात्रि में देर तक परिश्रम करना); **Money burns hole in pocket** (money is clamorous to be spent. जेब में रुपया व्यय होने के लिये खड़खड़ाता है); **To burn one's finger** (to suffer from interferring in other men's affairs. दूसरे के काम में हस्तक्षेप करने से हानि उठाना)।

BURNISH, [बर्न्'-इश्], *n.* सं० lustre. चमक; gloss. चिकनाहट; *v. t.* स० क्रि० to polish by rubbing. रगड़ कर चमक लाना; to grow bright. चमकीला बनाना।

BURNED, BURNT, [बर्न्ट्], *adj.* सं० वि० acted on by fire. जला हुआ; hurt. दुःखी।

BURR, [बर्], *n.* सं० the rough edge left by the tool while engraving on a metal. धातु का खुरखुरा किनारा; a buzz. भनभनाहट; *v. i.* अ० क्रि० to speak in a guttural manner. गला दबा कर बोलना।

BURROW, [बर्'-रो], *n.* सं० a hole made in the ground by foxes, hares etc. for habitation. माँद; *v. t.* स० क्रि० to dig a way underground. माँद बनाना; *v. i.* अ० क्रि० to hide. छिपाना।

BURRY, [बर्'-री], *adj.* सं० वि० prickly. काँटेदार।

BURSAR, [बर'- सर्], *n.* सं० a cashier. कोषाध्यक्ष; a scholarship holder in a University. विश्वविद्यालय का छात्रवृत्ति पाने वाला विद्यार्थी।

BURST, [बर्स्ट्], *n.* सं० a sudden disruption. धड़ाका; tearing assunder. फटन; a spurt. उछाल; *v. t.* स० क्रि० to open suddenly. सहसा खुलना; *v. i.* अ० क्रि० to explode. उड़ जाना; to fly by a sudden violence; फूटकर उड़ जाना; **To burst in** (to come into a room abruptly. सहसा झपट कर कमरे में प्रवेश करना) **To burst into tears** (to weep bitterly. फूट-फूट कर रोना) **To burst upon enemy's country** (to overrun enemy's territory. शत्रु का

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

देश विजय कर लेना) **To burst up** (to bring to utter ruin. पूरी तरह से नष्ट कर देना) **To burst into view** (to be suddenly visible. सहसा दिखलाई पड़ना)।

BURY, [बे-री], *v. t.* सo क्रि० to put a dead body into the grave. शव को गाड़ना; to hide. छिपाना; to forget and forgive. दोष क्षमा कर देना; **To bury hatchet** (to restore amicable relations. शान्ति स्थापन करना)।

BURYING-PLACE, [बे-रिङ्-प्लेस्], *n.* सं० a place of burial. मरघट; sepulchre. क़ब्रगाह।

BUS, [बस्], *n.* सं० an omnibus. किराये पर चलने वाली मोटरगाड़ी; **To miss the bus** (to miss a good opportunity. अच्छा अवसर खो देना)।

BUSH, [बुश्], *n.* सं० a thick shrub. झाड़ी; a forest region. जंगल; *v. t.* सo क्रि० to perplex. घबड़ाना; *v. i.* अ० क्रि० to grow thick. घना करना; **To beat about the bush** (to go indirectly. अपरोक्ष रूप से बातें करना) **Good wine needs no bush** (a good article needs no propaganda. अच्छी वस्तु के प्रचार के लिये विज्ञापन की आवश्यकता नहीं पड़ती)

BUSHEL, [बुश्'-एल्], *n.* सं० a measure of grain etc. of eight gallons. ८ गैलन का एक माप।

BUSHMAN, [बुश्'-मॉन], *n.* सं० a woodsman. जंगली मनुष्य।

BUSHY, [बुश्'-ई], *adj.* सं० वि० overgrown with bushes. झाड़ीदार।

BUSINESS, [बिज़्-इ-नेस्], *n.* सं० an affair कार्य; a trade or profession. व्यवसाय या धन्धा; trading. व्यापार; subject. विषय; a special duty. विशेष कर्तव्य; **To make it one's business** (to do a thing. काम में लगना) **He means business** (he is earnest. वह सचमुच कार्य में लगने वाला है) **To send a man about his business** (to dismiss a man. किसी काम से अलग करना)।

BUSINESS-LIKE, [बिज़्'-नेस्-लाइक्], *adj.* सं० वि० orderly. नियम पूर्वक; efficient and practical. निपुण तथा व्यवहारिक।

BUSY, [बिज़्'-ई], *adj.* सं० वि० actively engaged. कार्य में व्यस्त; restless. चिन्तित; diligent. परिश्रमी; occupied. लीन; *v. t.* सo क्रि० to make busy. कार्य में व्यस्त करना; to engage. लगाना।

BUSYBODY, [बि'-ज़ी-बड्-ई], *n.* सं० one who interferes in other's business. दूसरे के कार्य में व्यर्थ हस्तक्षेप करने वाला।

BUT, [बट्], *adv.* क्रि० वि० not more than. इससे अधिक नहीं (केवल); *prep.* शo अo except. बिना; than. अतिरिक्त; *conj.* सं० अo unless. किन्तु; however. तिसपर भी; **All but** (very nearly. प्रायः)।

BUTCHER, [बुच्'-अर्], *n.* सं० one who slaughters animals for meat. मांस विक्रेता; one who sells meat. कौटिक; a murderer. हत्यारा; *v. t.* सo क्रि० to murder with cruelty. निर्दयता से वधकरना; to massacre. नर संहार करना।

BUTLER, [बट्'-लर्], *n.* सं० the principal man-servant in an establishment. भंडारी।

BUTT, [बट्], *n.* सं० a large cask. पीपा; a big cask containing wine. मदिरा का बड़ा पीपा; a barrell. पीपा; the mound behind a target. लक्ष्य; the thicker end of a tool or weapon. किसी शस्त्र का मोटा छोर; a person or object of ridicule. परिहास का लक्ष्य; a limit. सीमा; *v. t. & i.* सo क्रि० तथा अo क्रिया to strike by thrushing against. टक्कर खाना; to jut out. कोना बाहर निकालना।

BUTTER, [बट्'-टर्], *n.* सं० an unctuous substance obtained from cream by churning. मक्खन (नवनीत); soft speech. मृदु बात; *v. t.* सo क्रि० to cover with butter. मक्खन लगाना; to flatter. झूठी प्रशंसा करना; **To butter up** (to flatter. अति प्रशंसा करना) **To know on which sides one's bread is buttered** (to be aware of one's own best interests. अपने स्वार्थ को भली प्रकार से समझना), **Butter of almonds** (mere flattery. केवल चाटूक्ति)

BUTTER-FINGERED, [बट्'-अर्-फिंग्-गर्ड्], *adj.* सं० वि० not able to grasp firmly. कसकर न पकड़ सकने वाला।

BUTTERMILK, [बट'-टर्-मिल्क्], *n.* सं० the milk that remains after churning. मक्खन निकाला हुआ दूध (मठा)।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

BUTTER-FLY, [बट्'-टर्-फ्लाइ], *n.* सं० a kind of insect. तितली; a trivial person. आडंबरी मनुष्य ।

BUTTERY, [बट्'-टर्-ई], *n.* सं० a pantry. भंडार घर; *adj.* सं० वि० of the nature of butter. मक्खन के समान ।

BUTTOCK, [बट्'-टॉक्], *n.* सं० the rump. नितम्ब; *v. t.* स० क्रि० to throw a wrestler by using the buttock. किसी मल्ल या पहलवान को कुल्हा लगा कर पटक देना ।

BUTTON, [बट्'-टन्], *n.* सं० a knob or disc for fastening different parts of a dress. कुडुपे (बटन); *v. t.* स०क्रि० to fasten with buttons. बुताम लगाना; *v. i.* अ० क्रि० to be fastened by buttons. बटन से बन्द होना; **Boy in buttons** (a boy servant. लड़का भृत्य) **To take by the button** (to check. रोकना) **To touch the button** (to start work. कार्य आरंभ करना) ।

BUTTONHOLE, [बटन्'-होल्], *n.* सं० the hole or loop through which a button is inserted. गंड छिद्र; *v. t.* स० क्रि० to hold by the button. बटन से पकड़ना ।

BUXOM, [बक्स्'-अम्], *adj.* सं० वि० lively. प्रफुल्लवदन; brisk. चंचल; plump and good looking. पीन (मोटा ताजा) तथा सुन्दर ।

BUY, [बाइ], *n.* सं० a purchase. सौदा; *v. t.* स० क्रि० to acquire by paying a price. मूल्य देकर लेना; to purchase. मोल लेना; to bribe. उत्कोच (घूस) देना; to corrupt. दूषित करना; **To buy in** (to purchase a stock of goods. वस्तुओं को मोल लेना); **To buy off** (to bribe. घूस देकर अपने अनुकूल करना); **To buy out** (to purchase the share of another person. दूसरे का अंश मोल लेना); **To buy up** (to purchase the entire available stock. जितना माल हाट में मिल सके व मोल ले लेना); **To buy over** (to convert by paying price. धन देकर अपने मत सका बनाना) ।

BUYABLE, [बाइ'-ऑ-बुल्], *adj.* सं० वि० that may be purchased. क्रय (खरीदने) योग्य ।

BUYER, [बाइ'-अर], *n.* सं० one who buys. ग्राहक ।

BUZZ, [बज्], *n.* सं० a continuous humming noise as of bees. मधुमक्खी के समान भनभनाहट; a whisper. काना फुसकी; *v. t.* & *i.* स०क्रि० तथा अ०क्रि० to make a humming sound. भनभनाना; to speak with a low voice. अस्पष्ट शब्द में बोलना ।

BUZZER, [बज्'-ज़र्], *n.* सं० a steam whistle or hooter. भाप से बजने वाली सीटी; a tale-bearer. झूठी वार्ता फैलाने वाला ।

BY, [बाइ], *prep.* श० अ० close to. निकट; in the neighbourhood of. पार्श्व में; *adv.* क्रि० वि० near. निकट; at hand. समीप; aside. पास में; **By all means** (without doubt. निस्संदेह); **By no means** (not at all. किसी भी अवस्था में नहीं); **By and by** (soon. शीघ्र ही); **By and large** (in general. साधारणतया); **To stand by** (to be faithful. विश्वसनीय रूप में रहना); **To abide by** (to accept. स्वीकार करना); **To come by** (to get. प्राप्त करना); **By night** (during the night. रात्रि में); **By dint of** (by the help of. सहारे से); **By your leave** (with your permission. आपकी आज्ञा से); **One by one** (one after another. एक के बाद एक); **In days gone by** (in ancient times. प्राचीन काल में); **By heart** (in the memory. स्मरण में आया हुआ); **By, Bye** *adj.* सं० वि० secondary. अप्रधान; minor. छोटा; secret. गुप्त ।

BYE, [बाई], *n.* सं० run scored when a ball passes batsman without touching him. क्रिकेट् के खेल में जब गेंद बल्लेबाज़ को बिना छुये विकेट् कीपर् के पास से निकल जाता है ।

BYE-LAW, [बाइ-लॉ], *n.* सं० a special law made by a corporation local body. उपनियम ।

BY-ELECTION, [बाइ'-इलेक्-शन्], *n.* सं० an election held owing to some special reasons. उपनिर्वाचन ।

BYGONE, [बाइ-गॉन्], *adj.* सं० वि० past. व्यतीत; belonging to the past. भूतकाल का; **Let bygones be bygones** (forget past grievances. पहले की बातों को भूलना चाहिये) ।

BY-NAME, [बाइ'-नेम्], *n.* सं० a name of reproach or contempt. चिढ़ाने का नाम ।

BY-PATH, [बाइ'-पाथ्], *n.* सं० a little-used way. कम चालू रास्ता; a side walk. पगडंडी ।

BY-PRODUCT, [बाइ-प्रो'-डक्ट्], *n.* सं० something produced in additionto the

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

principal product. अप्रधान रूप से निर्माण किया हुआ द्रव्य (वाह्य निर्माण)।

BY-ROAD, [बाइ'-रोड्], *n.* सं० a subsidiary road. एक छोटी सड़क या मार्ग।

C

C [सी], *n.* सं० the third letter of the English alphabet. अंग्रेजी वर्णमाला का तृतीय अक्षर; various personal names begining with **C.** 'सी' अक्षर से आरम्भ होने वाले अनेक व्यक्ति वाचक शब्द; the third in a series. क्रम में तृतीय; **A Roman numeral standing for 100** (Latin Centum=hundred) रोमन संख्या में १०० के लिये 'C' प्रयोग किया जाता है; an object shaped like the letter C. 'सी' अक्षर के आकार का कोई पदार्थ; it is sounded as 'S' when it comes before the letters e, i or y in a word. किसी शब्दमें जब 'सी' अक्षर ई, आई और वाई के पूर्व में आता है तो इसका उच्चारण 'स्' होता है; but when C comes before a, l, o, r or u, it is sounded as ch, or k. परन्तु ए, एल्, ओ, आर् तथा यू अक्षर के पूर्व आने पर C का उच्चारण 'क' अथवा 'च' होता है; the scale in music having C as the key-note. गायन के क्रम में पहिला सुर "सा"।

(C) SPRING, [सी-स्प्रिङ्], *n.* सं० a spring of the shape of letter C. 'सी' अक्षर के आकार की कमानी।

CAB, [कॉब्], *n.* सं० a public carriage with two or four wheels drawn by one horse. किराये की घोड़ा गाड़ी; the shelter for the driver of a locomotive. रेल गाड़ी के हाँकने वाले का सुरक्षित (ढका हुआ) स्थान।

CABAL, [कॉ-बॉल्'], *n.* सं० secret intrigue. गुप्त षड्यन्त्र; *v. i.* अ० क्रि० to intrigue. षड्यन्त्र करना; to conspire. कूट रचना करना।

CABALLER, [कॉ-बॉल्-लर्], *n.* सं० a conspirator. राजनैतिक षड्यन्त्रकारी मनुष्य।

CABBAGE, [कॉब्'-बेज्], *n.* सं० a well-known vegetable. बन्दगोभी; *v. t.* स० क्रि० to filch. चोरी करना; to misappropriate. अन्याय से (किसी की वस्तु) अपहरण करना।

CABBAGE-TREE, [कॉब्'-बेज्-ट्री], *n.* सं० a broad-rimmed hat. चौड़े किनारे की अंग्रेजी टोपी।

CABINET, [कॉब्'-इन्-एट्], *n.* सं० a closet. छोटी कोठरी; a private room for consultation. मंत्रणा गृह; the secret council of a monarch. राजा की गुप्त सभा, महामात्र मण्डल; ministers of government. मंत्री मण्डल; a chest or box with drawers or door. दराज या पल्ला लगी हुई पेटी; a place for keeping safe valuables. बहुमूल्य वस्तु को सुरक्षित रखने का स्थान; **Cabinet crisis.** *n.* सं० differences among ministers for allocation of portfolios. मंत्रिमण्डल का पद विभाजन में मतभेद; **Cabinet-council.** *n.* सं० a council held with privacy. मन्त्रिमण्डल की गुप्त बैठक; **Cabinet-maker.** *n.* सं० one who makes boxes, chests etc. काठ की सुन्दर सामग्री (कुरसी, टेबुल, बक्स आदि) बनाने वाला; **Cabinet-minister.** *n.* सं० a member of a cabinet. मन्त्री मण्डल का सदस्य; **Cabinet photograph.** *n.* सं० a photograph measuring. $3\frac{7}{8} \times 5\frac{1}{2}$ in. फोटो का चित्र जो $5\frac{1}{2}$ इंच लंबा तथा $3\frac{7}{8}$ इंच चौड़ा होता है; **Cabinet picture.** *n.* सं० a small well finished picture. छोटा सुघटित चित्र।

CABLE, [केब्'-बल्], *n.* सं० a long strong rope or iron chain which is used to hold a ship at anchor. लोहे की पुष्ट सिकड़ी या लम्बा मोटा रस्सा जिससे जहाज का लंगर बाँधा जाता है; insulated wires protected in a sheath used for submarine telegraphy. धातु लपेटा हुआ मोटा तार जो समुद्र में डाला जाता है जिसके द्वारा समुद्र पार समाचार भेजा जाता है; a measure of 100 fathoms which is 1/10 of a nautical mile. १०० फादम् की नाप जो समुद्री मील का दशमांश होती है; **Cable message.** *n.* सं० समुद्र के भीतर के तार द्वारा भेजा हुआ समाचार; **Cablegram.** *n.* सं० a message through submarine cable. समुद्र द्वारा भेजा हुआ तार का समाचार; **Cable,** *v. t.* स० क्रि० to fasten with a cable. मोटे रस्से या सिकड़ से बाँधना; to send a message by telegraph cable. तार द्वारा सागर पार समाचार भेजना; **Cable laid,** *adj.* सं० वि० twisted like a cable. मोटे रस्से के सदृश पैंठा

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

हुआ।

CABLET, [कॉब्-लेट्], *n.* सं० a small cable. महीन रस्सा; rope used in towing a vessel. (कून) रस्सा जिससे नाव जल में खींची जाती है।

CAB-MAN, [कॉब'-मॉन], *n.* सं० the driver of a cab. किराये की मोटर गाड़ी हाँकने वाला।

CABOOSE, [कॉ-बूस्], *n.* सं० cook-room on the deck of a ship. पोत की छत पर का पाक गृह (पकशाला)।

CABOTAGE, [कॉब्'-ओ-टेज्], *n.* सं० the coasting trade. समुद्र तट का व्यापार।

CABSTAND, [कॉब्'-स्टॉन्ड], *n.* सं० a place for cabs to wait for hire. किराये की गाड़ी ठहरने का स्थान।

CACHE, [कॉश्], *n.* सं० a secret place for hiding or concealing provisions or food. भोजन सामग्री आदि गुप्त रूप से सञ्चित करने का स्थान।

CACHECTICAL, [कॉ-केक्'-टिक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० having an ill habit of body. शरीर का बुरा अभ्यास।

CACHET, [कॉश्-एट्], *n.* सं० a distinctive mark. विशेषांक चिह्न; a seal. मुद्रा (मोहर)।

CACHEXY, [कॉ-केक्'-सी], *n.* सं० morbid state of body. शरीर दोष, रुग्णावस्था।

CACHINNATE, [कॉक्-इन्-नेट्], *v. i.* अ० क्रि० to laugh loudly. अट्टहास करना (ठट्ठा मार कर हँसना)।

CACHINNATION, [कॉक्-इन्-नें-शन्], *n.* सं० loud laughter. अट्टहास (ठहाका)।

CACHOU, [कॉ-शू], *n.* सं० a little pill used to purify the breath. श्वास को सुगन्धित करने के लिये चूसने की गोली।

CACKLE, [कॉक्'-कल्], *n.* सं० the noise of a goose. मुर्गे का शब्द; idle talk. (बकबक) जल्प; *v. i.* अ० क्रि० to make a noise like goose. हंसवत् शब्द करना; to tattle. आत्मश्लाघा करना।

CACHODEMON, [कॉक्-ओ-डी'-मॉन्], *n.* सं० a horrible dream. भयंकर स्वप्न; a wicked spirit. दुष्ट पिशाच।

CACOGRAPHY, [कॉ-कॉग्'-रॉ-फ़ी], *n.* सं० bad writing or spelling. अनुचित शब्द प्रयोग या अक्षर विन्यास।

CACOLOGY, [कॉ-कॉल्'-ऑ-जी], *n.* सं० bad pronunciation. दुरुच्चारण।

CACOPHONICOUS, [कॉक्-ओ-फ़ॉन्'-इक्-अस्], *adj.* सं० वि० harsh-sounding. कर्कश स्वर का।

CACOPHONY, [कॉ-कॉफ़्'-ओ'-नी], *n.* सं० harsh sound. कटु शब्द; discord. स्वर विरोध।

CACTACEOUS, [कॉक्-टे-शस्], *adj.* सं० वि० of the cactus family. थूहर की जाति का।

CADASTRAL, [कॉ-डॉस्'-ट्रॉल्], *adj.* सं० वि० pertaining to accurate survey of a country. भूमि के परिमापन सम्बन्धी।

CADAVERIC, CADAVEROUS, [कॉ-डेव्-एर्-इक् (-अस्)], *adj.* सं० वि० corpse-like शवतुल्य।

CADDISH, [कॉड्'-इश्], *adj.* सं० वि० behaving rudely. अशिष्ट व्यवहार करनेवाला; dishonourable. अप्रतिष्ठित।

CADDY, [कॉड्'-डी], *n.* सं० a small chest for keeping tea. चाह रखने की छोटी पेटी।

CADE, [केड्], *adj.* सं० वि० domesticated. पलुआ; *v. t.* स० क्रि० to tame. पालना; to domesticate. पलुआ बनाना।

CADENCE, [केंड्-डेन्स्], *n.* सं० the fall of voice at the end of a sentence. वाक्य के अन्त में स्वर संक्रम; modulation of the voice. स्वर का समाधान; sound or tone. लय या ध्वनि; uniformity in pace. गति की समानता; *v. t.* स० क्रि० to regulate by musical measure. ताल सुर में क्रमबद्ध करना।

CADENT, [केंड्'-डेन्ट्], *adj.* सं० वि० dropping. टपकता हुआ।

CADET, [कॉ-डेट्], *n.* सं० youngest son. कनिष्ठतम पुत्र; a pupil in a naval or military academy. नौ शिक्षालय अथवा सेना शिक्षालय का विद्यार्थी; **Corps,** [कोर्], *n.* सं० an institution for training youths as soldiers. नव यौवनों को सैनिक शिक्षा देने की संस्था।

CADGE, [कॉड्ज्], *n.* सं० begging. भिक्षुक वृत्ति; *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to hawk or peddle. घूमघूम कर सामग्री बेचना।

CADI, [कॉ'-डे], *n.* सं० Turkish judge. टर्की देश का न्यायाधीश।

CADMIUM, [कॉड्'-मि-अम्], *n.* सं० a kind of white metal. सूज्यातु नाम का सफेद धातु।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

CADRE, [कॉड्र्], *n.* सं० the officers of a battalion regarded as a whole. सेना-गुल्म के अधिकारियों की समष्टि, सैन्यवाहिनी।

CAESIUM, [सी'-ज़ो-अम्], *n.* सं० a silver-like metal. रजत (चाँदी) के समान एक धातु।

CAFE, [कॉ-फ़े], *n.* सं० a restaurant. खाद्य पेय गृह; coffee house. लघु भोजनालय।

CAFTAN, [कॉफ़्-टॉन्], *n.* सं० an under-coat. भीतरी पहिरावा।

CAGE, [केज्], *n.* सं० an enclosure made of wire, twigs etc. for shutting up birds or animals. पिंजर, पींजड़ा; a prison. कारागृह; *v. t.* स० क्रि० to confine in a cage. पिंजड़े में बन्द करना; **Cageling** (-लिङ्) *n.* सं० a bird confined in a cage. पिंजड़े में बन्द किया हुआ पक्षी।

CAIN, [केन्], *n.* सं० a murderer. नरघातक (हत्यारा)।

CAIRN, [केयर्न्], *n.* सं० a conical heap of stones erected as a memorial. चैत्य, स्तूप।

CAISSON, [केंसन्], *n.* सं० a wooden chest with bombs buried beneath the route of an enemy for exploding. शत्रु के मार्ग में पृथ्वी के नीचे गड़ा हुआ बम् भरा हुआ लकड़ी का बक्स जो इनके चलने पर फूटता है; a wooden frame-work. लकड़ी का ढाँचा।

CAITIFF, [के'-टिफ़], *n.* सं० a mean person. नीच व्यक्ति; *adj.* सं० वि० base. नीच; vile. दुष्ट।

CAJOLE, [कॉ-जोल्], *v. t.* स० क्रि० to coax by flattery. चाटूक्ति (चापलूसी) द्वारा ठगना; to cheat. छलना; to wheedle. फुसलाना।

CAJOLEMENT, [कॉ-जोल्'-मेन्ट्], *n.* सं० wheedling or flattery. चाटूक्ति।

CAJOLER, [कॉ-जोल्'-अर्], *n.* सं० one who flatters. चापलूसी करनेवाला व्यक्ति।

CAJOLERY, [कॉ-जोल्'-अर्-ई], *n.* सं० the act of cajoling. चाटूक्ति।

CAKE, [केक्], *n.* सं० a composition of flour, butter and sugar etc. baked together. अपूप, मालपुआ; any thing in the form of a cake. अपूप के आकार की कोई वस्तु; *v. i.* अ० क्रि० to harden into a mass. ठोस (घना) होना; **Like hot cakes** (very quickly) बड़ी शीघ्रता से।

CALABASH, [कॉल्'-अॉ-बॉश्], *n.* सं० the fruit of calabash tree. अलाबू का फल; drinking bowl made of this. पीने का पात्र या तम्बी।

CALAMINE, [कॉल्'-अॉ-मिन्] *n.* सं० an ore of Zinc. जस्ते की खान।

CALAMITY, [कॉ-लॉम्'-इ-टी], *n.* सं० a misfortune that produces great distress. कष्ट, विपत्ति; disaster. उत्पात, विपद् (अभाग्य)।

CALCAREOUS, [कॉल्-केअर्'-इ-अस्], *adj.* सं० वि० of the nature of lime. चूने की प्रकृति या गुण का।

CALCIFY, [कॉल्'-सि-फ़ाइ], *v. i.* (*p. t.* भू० का० —**fied,** —फ़ाइड्), अ० क्रि० to become hard by conversion into lime. चूना बनकर कड़ा होना; *v. t.* स० क्रि० to convert into lime. चूने में परिणत करना; जला कर चूना बनाना।

CALCINATION, [कॉल्-सि-नें-शन्], *n.* सं० the act of reducing to powder by the action of heat. भस्मी करण या जलाकर चूर्ण करने की क्रिया।

CALCINE, [कॉल्'-साइन्], *v. t.* स० क्रि० to reduce to powder by heat. भस्म करना; *v. i.* अ० क्रि० to undergo calcination. भस्म करना।

CALCULABLE, [कॉल्'-क्यु-लॉ-बल्], *adj.* सं० वि० that may be reckoned. गणना करने योग्य, गणनीय।

CALCULATE, [कॉल्'-क्यु-लेट्], *v. t.* स० क्रि० to reckon. गणना करना; to adapt. संयुक्त करना; to adjust. समाधान करना; *v. i.* अ० क्रि० to estimate by calculation. हिसाब ठीक करना; to think. विचार करना।

CALCULATING, [कॉल्'-क्यु-लेट्-इङ्], *adj.* सं० वि० reckoning carefully before-hand. पूर्व विचार करने वाला; expert in computing. गणना प्रवीण।

CALCULATION, [कॉल्-क्यु-लें-शन्], *n.* सं० reckoning. गणना; inference. अनुमान; opinion. विचार।

CALCULATIVE, [कॉल्'-क्यु-लेट्-इव्], *adj.* सं० वि० having to do with calculation. गणना सम्बन्धी।

CALCULATOR, [कॉल्'-क्यु-लेट्-अर्], *n.* सं० one who computes. गणक, गणना करने वाला; a machine used for reckoning.

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by eGangotri Foundation USA

गणनयन्त्र ।

CALCULOUS, [कॉल्'-क्यु-लस्], *adj.* सं० वि० stony. पथरीला; arising from stone. पत्थर से उत्पन्न होने वाला ।

CALCULUS, [कॉल्-क्यु-लस्], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Calculi**-ली) a stony concretion in the body. अश्मरी, पथरी (शरीर मे की); a method of computation by algebraic symbols. बीजगणित की विधि से गणना करने की एक रीति; **Differential calculus** (method of differencing quantities.) चलन-कलन; **Integral calculus** (a method of summing up differentials of exponential quantities.) चलन राशि कलन ।

CALDRON, [कॉल्'-ड्रॉन्], *n.* सं० a large boiler. बड़ा कड़ाहा: same as. **Cauldron.**

CALEFACTION, [कॉल्-ए-फॉक्'-शान्], *n.* सं० the state of being heated. ऊष्ण होने की अवस्था ।

CALEFACTORY, [कॉल्-इ-फ्रॉक्'-टॉर्-इ], *adj.* सं० वि० imparting warmth. ऊष्णता देने वाली ।

CALENDAR, [कॉल्'-एन्-डर्], *n.* सं० an almanac. पञ्चाङ्ग, पञ्जिका; *v. t.* स० क्रि० to enter into a calendar. पञ्चाङ्ग मे लिख लेना; **Calendar month** (a solar month.) सौर मास ।

CALENDS, [कॉल्'-एन्ड्स्], *n. pl.* स० ब०व० the first day of each month. प्रत्येक मास का पहिला दिन, प्रतिपदा; **At the Greek calenders** (never). कभी नहीं ।

CALENDULA, [कॉ-लेन्'-डु-लॉ], *n.* सं० a species of marigold. गेंदे की जाति का एक पुष्प (फूल) ।

CALENTURE, [कॉ-लेन्'-च्यूर्], *n.* सं० sun stroke. आतप लङ्घ न, लू लगना ।

CALESCENCE, [कॉ-लेस्'-सेन्स], *n.* सं० increasing heat. उष्णता प्रवर्धन ।

CALF, [काफ़्], *n.* सं० (*pl.* **Calves**) the young one of a cow. गाय का बच्चा (बछवा); calf-skin leather. बछवे का चमड़ा; a stupid cowardly fellow. मूर्ख डरपोक मनुष्य; **Calf-love** *n.* सं० silly love of a boy on girl. बालक का बालिका पर मूढ़ प्रेम ।

CALF, [काफ़्], *n.* the muscle behind the shin. जङ्घा पिण्ड, पेंडुरी ।

CALIBRATION, [कॉल्-इ-ब्रे-शान्], *n.* सं० measurement of internal diameter of an object. भीतरी व्यास की नाप ।

CALIBRE, [कॉल्-इ-बर्] *n.* सं० the diameter of a cylindrical body. नली के छिद्र का भीतरी व्यास; capacity of mind. मेधा शक्ति, बोध शक्ति ।

CALICLE, [कॉल्'-इ-कूल्], *n.* सं० a cup-like organ. प्याली के आकार का अङ्ग ।

CALICO, [कॉल्'-इ-को], *n.* सं० cotton-print. दरेस, चित्राङ्कित वस्त्र, छींट; **Calico printer** *n.* सं० one who prints figured patterns on calico. दरेस छापने वाला, छीपी ।

CALICULAR, [कॉ-लिक्'-यु-लर्], *adj.* सं० वि० cup-shaped. प्याले के आकार का ।

CALIDUCT, [कॉल्-इ-डक्ट्], *n.* सं० a pipe to convey heat in the rooms of a house, घर की कोठरियों में उष्णता फैलाने वाली नाली ।

CALIGINOUS, [कॉ-लिग्'-इन्-अस्], *adj.* सं० वि० misty. कुहिरा पूर्ण ।

CALIPERS, [कॉल्'-इ-पर्ज़], *n. pl.* सं० ब० compasses made with curved legs for measuring the inner or outer diameters of round objects. वह परकाल जिससे किसी गोल पदार्थ का भीतरी या बाहरी व्यास नापा जाता है ।

Calipers.

CALIPHATE, [कॅ-लिफ़्-एट्], *n.* सं० the dignity of a caliph. खलीफा की पद मर्यादा ।

CALIX, [कॅ'-लिक्स्], *n.* सं० an organ-shaped like a cup. पुष्प गर्भ, कटोरी के आकार का अङ्ग ।

CALK, [कॉक्], *n.* सं० a piece of pointed iron fitted on shoes to prevent slipping on ice. हिम पर न फिसलने के लिये जूते में जड़ा हुआ नोकदार लोहा (जूते की नाल); *v. t.* स० क्रि० to stop the seams of a ship. पोत का छिद्र भरना (बन्द करना ।

CALL, [कॉल्], *n.* सं० a vocal address. पुकार; summons. बुलाहट; Command. आज्ञा, invitation. निमन्त्रण; a short visit. आह्वान; shout. चिल्लाहट; need. प्रयोजन; demand. जीविका; request. प्रार्थना; *v. i.* अ० क्रि० to cry aloud. चिल्लाकर पुकारना, चीत्कार करना; to address by name. नाम लेना; to make a short visit. भेंट करना; *v. t.* स० क्रि० to summon. बुलाना; to proclaim. घोषणा करना;

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

to appoint. नियुक्त करना; to signal. सङ्केत करना; to invoke. जागृत करना; **To call back** (to retract) फेर लेना; **To call for** (to demand) मांगना; **To call forth** (to bring to action) कार्य में परिणत करना; **To call in** (to collect) इकट्ठा (संग्रह) करना; **To call off** (to divert) हटाना; **To call on** (to make a short visit) भेंट करना; to demand the payment of debt. ऋण निस्तार के लिये माँग करना; **To call out** (to challenge to fight) लड़ने के लिये ललकारना; **To call over** (to read aloud a list name by name) नाम ले लेकर पुकारना; **To call to mind** (to remember). स्मरण करना; **To call to the bar** (to admit as barrister) बारिस्टर बनना; **To call up** (to bring into action) कार्य में परिणत होना; **To call upon** (to implore.) प्रार्थना करना; **To call names** (to abuse). गाली देना।

CALLER, [कॉल्'-लर्] *n.* सं० a visitor, अभ्यागत; the card player who calls. ताश के खेल में रंग बोलने वाला। *adj.* सं० वि० fresh. नया; brisk. चञ्चल।

CALLIGRAPHY, [कॉल्-इग्'-रॉ-फ़ी], *n.* सं० the art of beautiful writing. चारु लेखन कला।

CALLISTHENICS, [कॉल्'इस्-थेन्-इक्स्], *n. pl.* सं० ब० व० exercises for developing physical strength and beauty. सौन्दर्य तथा बलोत्पादक व्यायाम।

CALL-NOTE, [कॉल्-नोट्], *n.* सं० the cry of a bird to its mate. पक्षी का अपनी सहचरी को पुकारने का शब्द।

CALLOUS, [कॉल्'-अस्], *adj.* सं० वि० hard. कठोर; indifferent to the pain of others. दूसरों के कष्ट पर निस्पृह; unfeeling. अनुभूति हीन।

CALLOW, [कॉल्'-लो], *adj.* सं० वि० featherless (bird). निष्पक्ष, बिना पर जमा हुआ (पक्षी) immature. अप्रौढ, clumsy. भद्दा।

CALM, [काम्], *n.* सं० condition of weather when there is no wind. ऋतु की निर्वात स्थिति; tranquility. शान्त भाव; *adj.* सं० वि० windless. निर्वात; not agitated. क्षोभ रहित; *v. t.* स० क्रि० to pacify. शान्त करना; to [illegible] down. स्थिर करना; *v. i.* [illegible] become calm. शान्त होना; **To calm down** (to appease) सान्त्वन करना।

CALMATIVE, [काम्'-आँ-टिव्], *n.* सं० a sedative drug. शान्तिकर औषधि; *adj.* सं० वि० having a sedative effect. (रोगी को) शान्ति देने वाला।

CALOMEL, [कॉल्'-ओ-मेल्], *n.* सं० mercury chloride used as a purgative. पारे से बनी हुई एक रोचक औषधि, रसकपूर।

CALORESCENCE, [कॉल्'-ऑर्-एस्-सेन्स्], *n.* सं० changing of light rays into heat waves. प्रकाश की किरणों को उष्ण किरणों में परिवर्तन।

CALORIC, [क्रॉल्-ऑर्'-इक्], *n.* सं० warmth. उष्णता; *adj.* सं० वि० relating to heat. उष्णता सम्बन्धी।

CALORIE, [कॉल्'-ऑर्-ई], *n.* सं० a standard unit of heat. ऊष्माङ्क।

CALORIFACIENT, [कॉल्'-ऑर्-इ-फ़ें'-शेन्ट्], *n.* सं० a substance which supplies animal heat. पाशविक उष्णता देने का साधन; *adj.* सं० वि० heat producing. उष्णता उत्पन्न करने वाला।

CALORIFIC, [कॉल्'-ऑर्-इफ़्'-इक्], *adj.* सं० वि० producing heat. ऊष्णोत्पादक; **Calorification.** (फ़ि-शन्) *n.* सं० the production of heat. ऊष्णोत्पादन।

CALOTYPE, [कॉल्'-ओ-टाइप्], *n.* सं० a process of photography. फोटो (छाया चित्र) उतारने की एक विशेष विधि।

CALTROP, [कॉल्'-ट्रॉप्], *n.* सं० a kind of thistle. एक प्रकार का गोखरू।

CALUMNIATE, [कॉल्'-अम्-नि-एट्], *v. t.* स० क्रि० to speak ill of. निन्दा करना; to slander. मिथ्या दोष लगाना।

CALUMNIATOR, [कॉल्'-अम्-नि-एट्-ऑर्], *n.* सं० one who slanders. निन्दक, पिशुन मनुष्य।

CALUMNIOUS, [कॉल्-अम्'-नि-अस्], *adj.* सं० वि० pertaining to calumny. निन्दा सम्बन्धी, आक्षेपक।

CALUMNY, [कॉल्-अम्'-नी] *n.* सं० false charge. मिथ्या अभियोग; slander. परिवाद; malicious report about a person. मिथ्या अपवाद।

CALVE, [काव्], *v. t.* अ० क्रि० to give birth to a calf. गाय का बच्चा देना।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

CALVES, [काल्ज्], *n. pl.* सं० ब० व० fleshy part of leg, shank. जंघा पिण्डिका, पेंडरी।

CALX, [कॉल्क्स्], *n.* सं० (*pl.* ब०व० calxes or calces. -सीज़्) lime. चूना; chalk. खड़िया; residene left after calcination भस्म।

CALYX, [कॉल्'-इक्स्], *n.* सं० the cup-shaped cover of a bud. पुष्प कोश।

CAMARADERIE, [कॉम्'-एर्-आड्-अर्-ई], *n.* सं० good comradeship. मैत्री, सौहार्द्र।

CAMBRIC, [कॉम्'-ब्रिक्] *n.* सं० fine white linen. किमरिख।

CAMEL, [कॉम्'-एल्], *n.* सं० a large ruminan quadruped used in desert regions for transport. ऊँट; a kind of large floating device for carrying ships in a port. जहाज को बन्दरगाह में ले जाने का समुद्री बेड़ा।

CAMELOPARD, [कॉम् एल्'-ओ-पार्ड्], *n.* सं० a giraffe. ज़िराफ़ नामक बड़ा ऊँचा लम्बी गरदन का पशु।

CAMISOLE, [कॉम्'-इ-सोल्], *n.* सं० a woman's under-garment. स्त्री का भीतरी वस्त्र।

CAMLET, [कॉम्'-लेट्], **CAMELOT** [कॉम्-इ-लॉट्], *n.* सं० a kind of thin material made of wool and silk. ऊन तथा रेशम से बना हुआ पतला वस्त्र।

CAMOMILE, CHAMOMILE, [कॉम्'-ऑम्-ईल्], *n.* सं० a strong scented bitter plant used as medicine. एक प्रकार का तीव्र गन्ध का कड़ुवा पौधा जो औषधी में प्रयोग होता हैं।

CAMP, [कॉम्प्], *n.* सं० a tract of land where tents are erected for soldiers. सैन्य निवास, शिविर, पड़ाव; *v. i.* अ० क्रि० to pitch a camp. पड़ाव डालना; to take up temporary quarters. कुछ काल के लिये डेरा डालना; **To camd out** (to live in tent) शिविर में निवास करना।

CAMPAIGN, [कॉम्-पेन्], *n.* सं० a series of military operations towards a single objective. किसी मुख्य उद्देश्य से सैनिक प्रवृत्ति; a series of actions planned with a definite purpose. कार्यकलाप; *v. t.* अ० क्रि० to work in a campaign. विरोध कार्य में लग जाना।

CAMPANIFORM, [कॉम्'-पॉन्-इ-फ़ार्म्], *adj.* सं० वि० shaped like a bell. घंटे के आकार का।

CAMPANOLOGIST, [कॉम्'-पॉन्-ऑल्-ऑज़्-इस्ट्], *n.* सं० one who is an expert in the art of bell-ringing. घंटा बजाने की कला में निपुण।

CAMPHOR, [कॉम्'-फ़र्] *n.* सं० a volatile strong smelling solid white substance used in medicine. कर्पूर, कपूर।

CAMPHORACEOUS, [कॉम्'-फ़र्-एं-शस्], *adj.* सं० वि० resembling camphor. कर्पूर के सदृश।

CAMPHORATE, [कॉम्'-फ़र्-एट्], *v. t.* स० क्रि० to impregnate with camphor. कर्पूर मिश्रित करना।

CAMP-STOOL, [कॉम्प्'-स्टूल्], *n.* सं० a folding stool. मोड़ने वाली तिपाई (छोटी चौकी)।

CAN [कॉन्] *n.* सं० a small metal container. धातु का छोटा पात्र।

CAN, [कान्], *v. t.* स० क्रि० to put into can. धातु पात्र में भरना, to preserve in air tight can. वायुनिष्कासित पात्र में सुरक्षित रखना।

CAN, [कॉन्] *pre. t.* of *aux, verb.* (*pt.* भू० का० **could** कुड्) सकना; to be able to, to have the power to. सामर्थ्य होना।

CANAILLE, [कॉन्'-इल्], *n.* सं० the rabble. नीच लोग।

CANAL [कॉन्'-ऑल्], *n.* सं० artificial water-course made for irrigation or navigation. प्रणाली, नहर; a duct in a living body. जीवित शरीर के भीतर की नली; breathing tube. श्वास प्रणाली।

CANARD, [कॉन्-आर्'] *n.* सं० an invented story. कल्पित कथा; a hoax. मिथ्या प्रवाद।

CANARY [कॉन्-एअर्'ई], *n.* सं० a small song-bird of yellow colour. एक छोटा पीले रंग का मधुर बोलने वाला पक्षी; *adj.* सं० वि० bright yellow. चमकीले पीले रंग का; **Canary grass.** (-ग्रास) *n.* सं० the canary seed plant). ककुनी का पौधा।

CANCAN, [कॉन्'-कॉन्], *n.* सं० a kind of wild dance. एक प्रकार का जंगली नाच।

CANCEL, [कॉन्'-सेल्], *n.* सं० something cut off. कटाव; ,a punch for tickets. टिकट काटने की संडसी; *v. t.* & *i.* स० क्रि० (*pt.* भू०

ENCHANTMENT, [एन्-चॉन्ट्'-मेन्ट्], *n.* सं० a spell. मन्त्र; great attraction. वशीकरण; charm. माया ।

ENCIRCLE, [एन्-सर्कल्'], *v. t.* स० क्रि० to move round in a circle. चक्राकार घुमाना ।

ENCLAVE, [एन्-क्लेव्], *n.* सं० the territory of one country encircled by another. किसी राज्यका प्रदेश जो दूसरे राज्य से घेर लिया जाता है; **Enclavement** (-मेन्ट्) *n.* सं० परिवेष्टन ।

ENCLOSURE, [एन्-क्लो'-ज़र्], *n.* सं० the act of enclosing. परिवेष्टन; space enclosed by a barrier. प्राचीर; something enclosed with a letter or packet. अन्तर्गत पत्र आदि ।

ENCOMIAST, [एन्-को'-मि-ऑस्ट्], *n.* सं० a writer or speaker of encomium. प्रशंसक, गुण-लेखक ।

ENCOMIUM, [एन्-को'-मि-अम्], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Encomiums**) a ceremonious

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

culogy. गुण-वर्णन, स्तुति ।

ENCOMPASS, [एन्-कम्'-पास्], *v. t.* स० क्रि० to enclose from all sides. चारों ओर से घेर लेना; to encircle. चक्कर लगाना ।

ENCOUNTER, [एन्-कौन्'-टर्], *n.* सं. a hostile meeting. सम्मिलन; a conflict. विग्रह ।

ENCOUNTER, [एन्-कौन्'-टर्], *v. t.* स० क्रि० to meet in conflict. विरोध से (लड़ने के लिये) सम्मिलित होना; to come up against. भिड़ जाना ।

ENCOURAGE, [एन्-कर्'-रेज्], *v. t.* स० क्रि० to inspire with courage. प्रोत्साहित करना; to give confidence to. आश्वासन देना; to cause to arise. बढ़ावा देना; to help to grow. बढ़ने में सहायता करना ।

ENCRADLE, [एन्-क्रे'-ड्ल्], *v. t.* स० क्रि० to put (a baby) in a cradle. बच्चे को पालने में सुलाना ।

ENCRIMSON, [एन्-क्रिम्'-ज़ॉन्], *v. t.* स० क्रि० to colour crimson. लाल रंगना ।

ENCRISPED, [एन्-क्रिस्प्ड्], *adj.* सं० वि० thickly curled. घने घुँघुरुवा बालोंका ।

ENCROACH, [एन्-क्रोच्], *v. t.* स० क्रि० (used with on or upon) to go beyond one's rights and invade the territory of another. आशाके बिना अतिक्रमण करना; to usurp by slow degrees. धीरे-धीरे बल-पूर्वक ग्रहण करना ।

ENCROACHMENT, [एन्-क्रोच्'-मेन्ट्], *n.* सं० the act of encroaching. सकपट ग्रहण, अनधिकार प्रवेश ।

ENCRUST, [एन्-क्रस्ट्], *v. t.* स० क्रि० to cover as with a crust. शल्क (छिलके) से आच्छादित करना अर्थात ढांपना; to make solid. ठोस बनाना ।

ENCUMBRANCE, [एन्-कम्'-ब्रॉन्स्], *n.* सं० that which encumbers. प्रतिबन्ध, अधिक भार; mortgage on property. भूमिरिक्थ निर्देश (सम्पत्ति पर देन का भार) ।

ENCUMBRANCER, [एन्-कम्-ब्रॉन्स्'-अर्], *n.* सं० a person having a legal claim on an estate. वह मनुष्य जिसकी सम्मति पर न्याय संगत अधिकार हो ।

ENCURLED, [एन्-कर्ल्ड्], *adj.* सं० वि० curled around. चारों ओर लपेटा हुआ ।

ENCYCLIC, [एन्-साइ'-क्लिक्], **ENCYCLICAL.** (-ऑल्) *n.* सं० Papal letter issued to the whole of Roman Church. बहुजन प्रेषित पत्र; पोपका पत्र जो सर्वत्र भेजा गया हो ।

ENCYCLOPEDIACAL, [एन्-साइ'-क्लो-पी'-डि-ऑक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० pertaining to an encyclopedia. विश्वकोश सम्बन्धी ।

ENCYCLOPEDIC, [एन्-साइ'-क्लो-पी'-डिक्], *adj.* सं० वि० covering the whole field of knowledge. सर्वज्ञान सम्पन्न ।

ENCYCLOPEDIST, [एन्-साइ'-क्लो-पी'-डिस्ट्], *n.* सं० a compiler of an encyclopedia. विश्वकोश लिखनेवाला ।

ENCYSTIS, [एन्-सिस्'-टिस्], *n.* सं० a collection of fluid matter in a cyst. शरीरके अन्तस्थ कोषमें एकत्रित मल ।

END, [एन्ड्], *n.* सं० conclusion. परिणाम; final point. अन्त; ultimate state. अन्तिम अवस्था; cessation. विराम; limit. अवधि, सीमा; the final purpose. उद्देश्य; death. मृत्यु; **Bitter end** (conclusion however unpleasant). बुरा से बुरा आशय; **At a loose end** (with nothing special to do). कोई विशिष्ट कार्य करते हुए; **To make ends meet** (to do with bare sufficiency). अपर्याप्त सामग्री से सन्तुष्ट होना; **Wrong end of a stick** (mistake caused by combining the opposites). विपरीत अंशोंको मिलानेसे उत्पन्न अशुद्धि ।

END, [एन्ड्], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to finish. समाप्त करना; to bring to an end. अन्त करना; to come to an end. अन्त होना; to result in. परिणाम होना; to die. मृत्यु को प्राप्त होना ।

ENDANGER, [एन्-डेन्'-जर्], *v. t.* स० क्रि० to expose to danger. संकट में डालना ।

ENDANGERMENT, [एन्-डेन्'-जर्-मेन्ट्], *n.* सं० the act of endangering. संकटमें डालनेका कार्य ।

ENDEAVOUR, [एन्-डेव्'-अर्], *n.* सं० an attempt to gain an object. व्यवसाय, उद्यम ।

ENDEAVOUR, [एन्-डेव्'-अर्], *v. t.* स० क्रि० to make an attempt. प्रयत्न करना; to accomplish something. कोई यत्न पूरा करना ।

ENDLESS, [एन्ड्'-लेस्], *adj.* सं० वि० without end बिना छोरका; everlasting. अनन्त; unlimited. निरवधि; excessively long. अति दीर्घ ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

ENDOGAMY, [एन्-डॉग्-ऑम्-ई], *n.* सं० the restriction of marriage to members of the same tribe. अन्तर्जातीय विवाह पद्धति ।

ENDOGENOUS, [एन्-डॉज़्'-एन्-अस्], *adj.* सं० वि० growing from within. भीतरी ओर बढ़ता हुआ ।

ENDOLYMPH, [एन्-डो-लिम्फ्], *n.* सं० the fluid in the labyrinth of the ear. कर्ण-शष्कुली के भीतरका द्रव पदार्थ ।

ENDOPLASM, [एन्'-डो-प्लॉ-ज़्म्], *n.* सं० the inner layer of a protoplasm. जीव-तत्व की भीतरी तह ।

ENDORSABLE, [एन्-डॉर्स्'-ऑ-ब्ल्], *adj.* सं० वि० able to be endorsed. हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित करने योग्य ।

ENDORSE, [एन्-डॉर्स्'], **INDORSE,** [इन्-डॉर्स्'], *v. t.* स० क्रि० to write one's name on the back of a document, cheque etc. for confirming. प्रमाणित करने के लिये लेख, हुण्डी आदि के पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना ।

ENDORSEE, [एन्'-डार्-सी], *n.* सं० the person for whom a document or cheque is endorsed. वह पुरुष जिसके नाम हुण्डी आदि लिखी जावे ।

ENDOSCOPE, [एन्'-डॉस्-कोप्], *n.* सं० an optical instrument for examining internal organs. भीतरी अंगकी परीक्षा करने का यंत्र ।

ENDOSIS, [एन्-डो-सिस्], *n.* सं० temporary cessation of fever. ज्वरकी कुछ कालके लिये निवृत्ति ।

ENDOSKELETON, [एन्'-डो-स्केल्'-इट्-ऑन्], *n.* सं० the internal bony structure of vertebrate. पीठकी रीढ़वाले जन्तुओंके शरीरकी भीतरी अस्थि रचना ।

ENDOTHERMIC, [एन्'-डो-थर्म' - इक्], *adj.* सं० वि० producing heat during decomposition. विद्रावण (पृथक्करण) के समय उष्णता उत्पन्न करने वाला ।

ENDOW, [एन्-डाउ'], *v. t.* स० क्रि० to provide with gift. भेंट (उपहार) देना; to provide financial help. आर्थिक सहायता देना; to bestow as a dower. यौतुक (दहेज) देना ।

ENDOWER, [एन्-डाउ-अर्], *n.* सं० one who endows. भेंट देने वाला ।

ENDUE, [एन्-ड्यू, **INDUE,** इन्-ड्यू'], *v. t.* स० क्रि० to invest upon. अर्पण करना, to endow with. सहायता करना ।

ENDUEMENT, [एन्-ड्यू'-मेन्ट्], *n.* सं० same as **Endowment.**

ENDURABLE, [एन्-ड्यूर्'-ऑ-ब्ल्], *adj.* सं० वि० able to be endured. सहनीय ।

ENDURANCE, [एन्-ड्योर्-ऑन्स्], *n.* सं० the act of enduring. सहनशीलता; fortitude, स्थिरता, धैर्य ।

ENDURE, [एन्-ड्यूर्'], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to tolerate. सहन करना; to remain. ठहरना; to submit. अंगीकार करना; to suffer hardship. क्लेश सहन करना ।

ENDURING, [एन्-ड्योर्'-इङ्], *adj.* सं० वि० longlasting. चिरकाल स्थायी, बहुत दिन तक ठहरनेवाला ।

ENEMY, [एन्'-इम्-ई], *n.* सं० a foe. शत्रु; an antagonist. वैरी, विपक्षी; an opponent. अमित्र; a nation at war with another. प्रतिद्वन्दी राष्ट्र; *adj.* सं० वि० pertaining to an enemy. शत्रु संबंधी ।

ENERGIZE, [एन्'-अर्-जाइज़्], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to rouse to activity. बल सहित प्रवृत्त करना; to make vigorous. शक्तिमान या प्रबल बनाना; to act with force. शक्तिपूर्वक काम करना ।

ENERGY, [एन्'-अर्-जी], *n.* सं० power, शक्ति; capacity to do effective work. सामर्थ्य; inherent strength. आन्तरिक बल; vigour. उत्साह; **Conservation of energy,** (the law that energy in the material world is always constant). यह सिद्धान्त कि भौतिक पदार्थों में शक्ति सर्वदा आकारमें न्यूनाधिक होने पर भी समान रहती है ।

ENFILADE, [एन्-फ़िल्-एड्], *n.* सं० use of gun-powder upon an enemy from a flank. पार्श्व भागसे शत्रुपर अग्निचूर्णका प्रयोग ।

ENFILADE, [एन्-फ़िल्-एड्], *v. t.* स० क्रि० to fire on the enemy from the flank. पार्श्व भाग से शत्रु पर गोली मारना ।

ENFOLD, [एन्-फ़ोल्ड्'], *v. t.* स० क्रि० to envelop. लपेटना; to embrace. आलिङ्गन करना; also **Infold.**

ENFORCE, [एन्-फ़ोर्स], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to compel obedience. आज्ञा पालन के लिये विवश करना; to subdue opposition by force. बलपूर्वक आधीन करना;

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

to attempt by force. बलपूर्वक विधान करना।

ENFORCEMENT, [एन्-फ़ोर्स्'-मेन्ट्], *n.* सं० the act of enforcing. प्रवर्तन; the condition of being enforced. दृढ़ीकरण; compulsion. सबल विधान।

ENFRANCHISE, [एन्-फ्रॉन्-चाइज्], *v. t.* स० क्रि० to grant the right to vote. मताधिकार प्रदान करना; to release. निर्मुक्त करना; to emancipate. स्वतन्त्रता देना; to convert into freehold. करमुक्तमें परिणत करना।

ENGAGE, [एन्-गेज्], *v. t.* स० क्रि० to bind by pledge or promise. वचन बद्ध करना; to bind oneself to marry. विवाह करने की प्रतिज्ञा करना; to occupy. नियुक्त करना; to attach. व्यापृत करना; to secure. दृढ़ करना; *v. i.* अ० क्रि० to make a promise. प्रतिज्ञा करना; to pledge oneself. वचनबद्ध होना; to take part in an enterprise. किसी कार्यमें भाग लेना; to commence hostilities. युद्ध आरम्भ करना।

ENGAGED, [एन्-गेज्ड्], *adj.* सं० वि० employed. व्यापृत; promised. वचनबद्ध; betrothed. सगाई किया हुआ; hired. भाड़े पर दिया हुआ; in use. उपभोगमें रक्खा हुआ।

ENGARLAND, [एन्-गार्'-लॉन्ड्], *v. t.* स० क्रि० to decorate with garlands. मालाओं से सजाना।

ENGARRISON, [एन्-गॉर्-रिस्'-ऑन्], *v. t.* स० क्रि० to provide with a garrison. सेना का प्रतिपादन करना।

ENGENDER, [एन्-जेन्'-डर्], *v. t.* स० क्रि० to produce. उत्पन्न करना; to breed. जनना; to stir up. उभाड़ना।

ENGILD, [एन्-गिल्ड्], *v. t.* स० क्रि० to gild. सोना चढ़ाना; to brighten. चमकीला बनाना।

ENGINE, [एन्'-जिन्], *n.* सं० an apparatus for converting steam gas etc. into mechanical energy. यन्त्र, उपकरण; a device. प्रयुक्ति; an instrument of war. युद्धास्त्र; a locomotive. यन्त्र।

ENGINEER, [एन्'-जिन्-इअर्] *n.* सं० an expert in engineering. यन्त्रकार, यन्त्राध्यक्ष; a supervisor of machinery. यन्त्र-निरीक्षक।

ENGINEER, [एन्'-जिन्-इअर्'], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to superintend the working of engines. यन्त्र के संचालन का निरीक्षण करना; to device intricate schemes of action. जटिल कार्यकी विधि रचना।

ENGINEERING, [एन्'-जिन्-इअर्'-इङ्], *n.* सं० the science concerned with the principles of designing engines. स्थापत्य, यन्त्र-निर्माण विद्या; civil engineering. नहर, सड़क, पुल आदिका निर्माण; Military Engineering. गढ़ आदि के निर्माण का शास्त्र।

ENGRAFT, [एन्-ग्रॉफ्ट'], *v. t.* स० क्रि० to insert or graft a shoot from one tree into another. एक वृक्षकी शाखा दूसरे वृक्षकी शाखा से सटाना (कलम करना); to implant. सम्मावेश करना।

ENHANCE, [एन्-हॉन्स्], *v. t.* स० क्रि० to raise. बढ़ाना; to increase. वृद्धि करना, to exaggerate. अत्यक्ति करना।

ENHANCEMENT, [एन्'-हॉन्स्'-मेन्ट्], *n.* सं० act of enhancing. संवर्धन, वृद्धि।

ENIGMA, [एन्-इग्-मा], *n.* सं० a puzzle. कूटोक्ति; a riddle. प्रहेलिका।

ENIGMATIC, [एन्'-इग्-मॉट्'-इक्], *adj.* सं० वि० puzzling. गूढार्थ; mysterious. गुह्य, दुर्बोध।

ENIGMATICAL, [एन्'-इग्-मॉट्'-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० same as **Enigmatic.**

ENIGMATIST, [एन्-इग्'-मॉट्-इस्ट्], *n.* सं० a person who coins enigmas. प्रहेलिका निर्माणक।

ENIGMATIZE, [एन्-इग्'-मॉट्-आइज्], *v. t.* स० क्रि० to devise enigmas. गूढ़ प्रश्न निर्माण करना।

ENIGMATOLOGY, [एन्'-इग्-मॉट्-ऑल्'-ऑ-जी], **Enigmatography** (-ऑग्-रॉ-फ़ी), *n.* सं० the art of making enigmas. गूढ़ प्रश्न बनाने की कला।

ENJAIL, [एन्-जेल्], *v. t.* स० क्रि० to imprison. बन्दी बनाना।

ENJOIN, [एन्-जॉयन्], *v. t.* स० क्रि० to lay down as a rule to be strictly followed. नियम स्थापित करना; to give instructions. आदेश करना; to give orders. आज्ञा देना।

ENJOINMENT, [एन्-जॉयन्'-मेन्ट्], *n.* सं० a strict command. दृढ़ शासन।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

ENJOY, [एन्-जॉय'], *v. t.* सं० क्रि० to experience joy. आनन्द लेना; to have a right to the use of. प्रयोग में लाने का (उपभोग करने का) अधिकार होना।

ENJOYABLE, [एन्-जॉय्'-ऑ-बल्], *adj.* सं० वि० affording enjoyment. उपभोग करने योग्य।

ENJOYMENT, [एन्-जॉय्'-मेन्ट्], *n.* सं० delight. सुख; pleasure. आनन्द।

ENKERNEL, [एन्-कर्न्'-एल्], *v. t.* सं० क्रि० to enclose in a kernel. पिटक में बन्द करना।

ENKINDLE, [एन्-किन्'-ड्-ल्], *v. t.* सं० क्रि० to set on fire. जलाना; to put vigour into. उद्दीप्त करना।

ENLACE, [एन्-लेस्], *v. t.* सं० क्रि० to embrace. आलिंगन करना; to enfold. लपेट लेना।

ENLARD, [एन्-लार्ड्], *v. t.* सं० क्रि० to cover with grease. वसा पोतना।

ENLARGE, [एन्-लार्ज्], *v. t.* सं० क्रि० to make bigger. विस्तृत करना; to add to. बढ़ाना; *v. i.* अ० क्रि० to become extensive. बढ़ना, फैलना; **To enlarge upon** (to discuss fully.) पूर्णरूप से विचार करना या प्रपंच करना।

ENMITY, [एन्'-मिट्-ई], *n.* सं० ill-will. विरोध; hostility. शत्रुता; opposition. द्वेष; antagonistic feelings. अमित्रता।

ENORMITY, [इन्-ऑर्म्'-इ-टी], *n.* सं० the state of being enormous. अतिमात्रता, वृद्धत्व; an atrocious crime. महापातक; a wicked behaviour. दुष्ट आचरण।

ENORMOUS, [इन्-ऑर्'-मस्], *adj.* सं० वि० of huge dimensions. वृहत्काय; vast. अपरिमित; tremendous. विशाल।

ENOUGH, [ए-नफ्], *n.* सं० the exact amount required. पर्याप्त मात्रा।

ENOUGH, [ए-नफ्], *adj.* सं० वि० neither too much nor too little. न तो अधिक न न्यून; sufficient. पर्याप्त।

ENOUGH, [ए-नफ्], *adv.* क्रि० वि० sufficiently. पर्याप्त रूप में।

ENOUNCE, [इ-ना-उन्स्], *v.t.&i.* सं० क्रि०, तथा अ० क्रि० to utter. उच्चारण करना, to speak. कहना; to proclaim. घोषणा करना।

ENOW, [ए-नाउ'], *adj.* सं० वि० enough. पर्याप्त; *adv.* क्रि० वि० sufficiently. पर्याप्त रूप में।

ENQUIRE, [एन्-क्वायर्], See **Inquire**

Enquirer, [एन्-क्वायर्-अर्] See **Inquirer**

Enquiry, [एन्-क्वाय-री], *n.* सं० see **Inquiry.**

ENRACE, [एन्-रेस्], *v.t.* सं० क्रि० to ascribe origin to. उत्पत्ति का संबंध स्थापित करना।

ENRAIL, [एन्-रेल्], *v.t.* to set upon rails. लोहशलाका (लोहे के डंडहरे) पर बैठाना।

ENRANK, [एन्-रॉङ्क्], *v.t.* सं० क्रि० to set in ranks. क्रम में बैठाना।

ENRAPT, [एन्-रॉप्ट्], *adj.* सं० वि० delighted to ecstasy. अति हर्षित।

ENRAPTURE, [एन्-रॉप्'-चर्], *v.t.* सं० क्रि० to make spell-bound with delight. हर्ष से पखरा करना।

ENRAVISH, [एन्-रॉ-विश्], *v.t.* सं० क्रि० to delight extremely. अत्यन्त मुदित (प्रसन्न) करना।

ENRAVISHMENT, [एन्-रॉव्'-इश्-मेन्ट्], *n.* सं० a transport of delight. अति प्रसन्नता।

ENREGIMENT, [एन्-रेज्'-इ-मेन्ट्], *v.t.* सं० क्रि० to marshal into a regiment. सैन्यदल का निर्माण करना।

ENRHEUM, [एन्-रूम्], *v. t.* अ० क्रि० to develop a cold. अभिष्यन्द (सरदी) का बढ़ जाना।

ENRICH, [एन्-रिच्], *v.t.* सं० क्रि० to make wealthy. धनवान् बनाना; to improve the quality of. गुण में उन्नति करना; to make beautiful. सुन्दर करना; to make gorgeous. विभूषित करना।

ENRICHER, [एन्-रिच्'-अर्], *n.* सं० a person who enriches. धनवान् बनाने वाला मनुष्य।

ENRIPEN, [एन्-राइ'-एन्], *v.t.* सं० क्रि० to ripen. पकाना।

ENROBE, [एन्-रोब्], *v.t.* सं० क्रि० to deck with rich attire. बहुमूल्य वस्त्र पहिराना।

ENROL, [एन्-रोल्], *v. t.* सं० क्रि० (*p.t.* भू० का० **Enrolled**) to enter by name in a list. नामावली में नाम लिखना।

ENROLMENT, [एन्-रोल्'-मेन्ट्], *n.* सं० the act of enrolling. नाम निर्देश।

ENSIGN, [एन्'-साइन्], *n.* सं० the flag

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

of a country or regiment. किसी देश या सेना की ध्वजा, पताका; a symbol indicating the office or rank of the bearer. ध्वजा वाहक, लक्षण।

ENSILAGE, [एन्-सिल्'-एज्], *n.* सं० a method of preserving green fodder in a pit. गड्ढे में पशुओं का हरा चारा सुरक्षित रखने की एक विधि।

ENSLAVE, [एन्-स्लेव्'], *v. t.* स० क्रि० to reduce to slavery. दास बनाना; to subject to one's will. वशीभूत करना; to obtain mastery over. आधिपत्य प्राप्त करना।

ENSLAVEMENT, [एन्-स्लेव्-मेन्ट्], *n.* सं० the act of enslaving. दासत्व।

ENSUE, [एन्-स्यू'], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to occur as a consequence. परिणाम होना; to result. घटित होना।

ENTAIL, [एन्-टेल्] *n.* सं० the settlement of the succession of an estate so that it cannot be disposed of at will. विशिष्ट क्रमागत रिक्थ अर्थात् वह सम्पत्ति जिसको उत्तराधिकारी स्वेच्छानुसार अर्पण न कर सके।

ENTAIL, [एन्-टेल्'], *v. t.* स० क्रि० to bequeath by entail. सम्पत्ति को विशिष्ट रूप से उत्तराधिकारी को देना।

ENTAME, [एन्-टेम्'], *v. t.* स० क्रि० to tame. वशीभूत करना।

ENTANGLE, [एन्-टॉङ्ग्ल्], *v. t.* स० क्रि० to cause to be caught in a mesh or net-like obstacle. जाल अथवा अन्य प्रतिबन्ध से फँसाना।

ENTANGLEMENT, [एन्-टॉङ्'ग्ल्'-मेन्ट्], *n.* सं० the state of being entangled. आकुलता; perplexity. व्यग्रता।

ENTENTE, [ऑन्-टॉन्ट'], *n.* सं० a friendly alliance especially between nations. विभिन्न राष्ट्रों का परस्पर मित्र भाव।

ENTER, [एन्'-टर्], *v. t.* स० क्रि० to pass inside. भीतर जाना; to penetrate. प्रवेश करना; to become a member of. सदस्य बनना; to write or record in a book. सूची में लिख लेना; *v. i.* अ० क्रि० to go in. प्रवेश करना; to come upon the stage. रंगभूमि में प्रवेश करना; **To enter for** (to compete). स्पर्धा करना; **To enter into** (to engage in). कार्य में व्याप्त होना; to sympathize with. सहानुभूति प्रकट करना; **To enter upon** (to begin). आरम्भ करना; to assume possession of. अधिकार स्थापित करना।

ENTERA, [एन्-टर्-आ']; *n. pl.* सं० ब० व० the intestines. अन्त्र, अँतड़ियाँ।

ENTERABLE, [एन्'-टर्-आब्ल्'], *adj.* सं० वि० capable of being entered. प्रवेश होने योग्य।

ENTERIC, [एन्-'टे-रिक्], *adj.* सं० वि० pertaining to intestines. अन्त्र (आँत) सम्बन्धी।

ENTERING, [एन्'-टर्-इङ्], *n.* सं० the act of coming in or going out. प्रवेश करने या निकलने का कार्य।

ENTEROCELE, [एन्'-टर्-ओ-सील्], *n.* सं० a tumour in the intestines. अन्त्रमें का व्रण।

ENTEROLITE, [एन्'-टेर्-ओ-लाइट्'], *n.* सं० intestinal calculus. आंतों में पथरी पड़ना, आन्त्रिक अश्मरी।

ENTEROLOGY, [एन्'-टर्-ऑल्'-ऑ-जी], *n.* सं० the study of the bowels. अन्त्रों का अध्ययन।

ENTEROTOMY, [एन्'-टर्-ऑट्'-ओ-मी], *n.* सं० dissection of the intestines. अन्त्रों की अस्त्र चिकित्सा (चीरफाड़)।

ENTERPRISE, [एन्'-टर्-प्राइज्], *n.* सं० undertaking. आरम्भ; task. कर्म; courageous adventure. साहसिक कार्य; the ability to start upon a new scheme. नई योजना करने की योग्यता।

ENTERPRISING, [एन्'-टर्-प्राइज्'-इङ्], *adj.* सं० वि० bold in an undertaking. साहसिक, आरम्भ शूर।

ENTERTAIN, [एन्'-टर्-टेन्'], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to provide hospitality for. आतिथ्य, सत्कार करना; to amuse. प्रसन्न करना; to ponder. विचार करना; to provide light amusement. अनुरंजन करना।

ENTERTAINMENT, [एन्'-टर्-टेन्-मेन्ट्], *n.* सं० the act of entertaining. मनोरञ्जन; the condition of being entertained. आतिथ्य सत्कार; amusement. विनोद; an entertaining dramatic performance. अनुरंजक नाटक।

ENTHRAL, ENTHRALL, [एन्-थ्रॉल्], *v. t.* स० क्रि० (*p.t.* भ० का० **Enthrall-d**)

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

to make a slave of. बन्दी करना; to enchant वशीभूत करना; to interest intensely. अधिक रोचकता करना।

ENTHRONE, [एन्-थ्रोन्], *v. t.* स० क्रि० to set on a throne. राजसिंहासन पर बैठाना; to invest with regal authority. राज्याधिकार समर्पण करना।

ENTHUSE, [एन्-थ्यूज़्], *v. i.* अ० क्रि० to be enthusiastic. उत्साह सहित होना; to gush. शीघ्रता से बोलना।

ENTHUSIASM, [एन्-थ्यू'-ज़ि-ऑज़्म्], *n.* सं० a keen zeal. तीव्र उत्साह; religious fervour. धर्मोन्माद।

ENTHUSIASTIC, [एन्-थ्यू'-ज़ि रट्-इक्], *n.* सं० an enthusiast. अभिनिवे... उत्साही।

ENTHUSIASTIC, [एन-थ्यू-ज़ि-आस्ट्-इक] *adj.* सं० वि० eager. उत्सुक; zealous. आस्थापूर्ण।

ENTICE, [एन्-टाइस्], *v. i.* स० क्रि० to tempt to evil. दुराचार या पातक करने के लिये प्रवृत्त करना; to allure. ललचाना; to lead astray. बहकाना।

ENTICEMENT, [एन्-टाइस्'-मेन्ट्], *n.* सं० the act of enticing. विलोभन; that which entices. प्रलोभक।

ENTIRE, [एन्-टायर्], *n.* सं० anything that is unmixed. सम्पूर्णता, अमिश्रता; an uncastrated animal. बिना बधिया किया हुआ पशु।

ENTIRE [एन-टायर], *adj.* सं० वि० complete. अखिल, अशेष; unbroken. अखण्डित; uncastrated. बधिया न किया हुआ (अडुवा)।

ENTIRELY, [एन्-टायर्'-ली], *adv.* क्रि० वि० wholly. सर्वथा; fully. पूर्णरूप से; utterly. साकल्येन।

ENTITLE, [एन्-टाइ-टुल्], *v. t.* स० क्रि० to give a name or title to. नाम या पदवी आरोपित करना; to give a claim or right to. अधिकार देना।

ENTITY, [एन्-टिट्-ई], *n.* सं० a thing complete in itself. सम्पूर्ण वस्तु; something with a real existence of its own. किसी वस्तु की सत्ता या अस्तित्व।

ENTOMOLOGY, [एन्-टॉम्'-ऑल्-ओ-जी], *n.* सं० the science dealing with insects. कृमिशास्त्र।

ENTRAIL, [एन्-ट्रेल्'], *v. t.* स० क्रि० to entwine. लपेटना।

ENTRAILS, [एन्-ट्रेल्ज़्], *n. pl.* सं० ब० व० the bowels. अँतड़ियाँ; the internal parts of a thing. किसी पदार्थ का भीतरी भाग।

ENTRAIN, [एन्-ट्रेन्], *v.t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to despatch by train. रेल से भेजना; to board a train. रेल पर चढ़ना।

ENTRANCE, [एन्'-ट्रॉन्स्], *n.* सं० the act of one who enters. प्रवेश; the right to be admitted. प्रवेश का अधिकार; a doorway. द्वार; commencement. आरम्भ।

ENTRANCE, [एन्-ट्रॉन्स्], *v. t.* स० क्रि० to fill with joyous fascination. हर्ष से स्तब्ध करना; to put in a trance. मूर्छित करना।

ENTRANCEMENT, [एन्-ट्रॉन्स्'-मेन्ट्], *n.* सं० the act of entrancing. मूर्छा; entranced state. हर्षस्तम्भ।

ENTRANT, [एन्'-ट्रान्ट्], *n.* सं० one who enters. प्रवेश करनेवाला व्यक्ति; a candidate. पदान्वेषी।

ENTRAP, [एन्'-ट्रॉप्], *v. t.* स० क्रि० (*p.t.* **Entrapped**) to snare in a trap. जाल में फँसाना; to gain an advantage by trickery. छल से अपना आशय सिद्ध करना।

ENTREAT, [एन्-ट्रीट्], *v. t.* स० क्रि० to make an urgent petition. उत्सुकता सहित प्रार्थना करना; to implore. याचना करना।

ENTREATING, [एन्-ट्रीट्'-इङ्], *adj.* सं० वि० expressing an appeal. विनय सहित।

ENTREATIVE, [एन्-ट्रीट्'-इव्], *adj.* सं० वि० imploring. प्रार्थना सहित।

ENTREATY, [एन्-ट्रीट्'-ई] *n.* सं० an earnest petition. उत्कट प्रार्थना, अभ्यर्थना।

ENTREE, [एन्-ट्री'], *n.* सं० right of access. प्रवेश का अधिकार।

ENTRENCH, [एन्-ट्रेन्च्], *v. t.* स० क्रि० to make a trench round. परिखा (खाई) से घेरना; to protect with trench. परिखा से सुरक्षित करना।

ENTREPOT, [ऑन्ट्र'-पो], *n.* सं० a warehouse. पण्यधानी।

ENTRUST, [एन्'-ट्रस्ट] **INTRUST,** [इन्'-ट्रस्ट], *v. t.* स० क्रि० to commit for safe keeping. सुरक्षित रखने के लिए किसीको सौंपना।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

ENTRY, [एन्-ट्री'], *n.* सं० the right of entering. प्रवेशाधिकार; a doorway. फाटक, द्वार; a written record. लेख; legal possession of property. सम्पत्ति का वैधानिक अधिकार।

ENTWINE, [एन्-ट्वाइन्'], *v.t.&i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to interlace. गुथना; to twine round. लपेटना।

ENUMERATE, [इ-न्यू'-मर्-एंट्], *v.t.* स० क्रि० to reckon. गणना करना; to count one by one. एक एक करके गिनना; to tell in detail. विस्तृत रूप में वर्णन करना।

ENUMERATION, [इ-न्यू'-मर्-ए-शन्], *n.* सं० the act of enumerating. संख्यान; a reckoning. गणना; a detailed statement. क्रमिक वर्णन।

ENUNCIATE, [इ-नन्'-शि-एंट्], *v.t.* स० क्रि० to pronounce. उच्चारण करना; to proclaim. घोषित करना; to propound. प्रतिपादन करना।

ENUNCIATION, [इ-नन्'-शि-ए-शन्], *n.* सं० the manner of enunciating. प्रतिपादन; a formal statement. निश्चित वचन।

ENVELOP, [एन्-वेल्'-ऑप्], *v.t.* स० क्रि० to surround. घेरना; to cover up. ढाँपना; to hide. छिपाना।

ENVELOPE, [एन्'-वेल्-ऑप्], *n.* सं० outer covering. बाहरी आच्छादन; a paper cover for sending a letter. लिखित पत्रका आवरण।

ENVELOPMENT, [एन्-वेल्'-ऑप्-मेन्ट्], *n.* सं० a complete covering. पूर्ण आच्छादन; the act of enveloping. ढाँपने का कार्य।

ENVIOUS, [एन्'-वि-अस्], *adj.* सं० वि० animated by envy. ईर्ष्यालु, असूयापूर्ण।

ENVIRON, [एन्-वाइ'-रॉन्], *v.t.* स० क्रि० to encompass. व्याप्त करना; to stand around. घेर लेना।

ENVIRONS, [एन्-वाइ-रॉन्ज्], *n. pl.* सं० ब० व० outskirts. उपान्त भाग; the suburbs of a town. नगर का परिसर (नगर के बाहर का प्रदेश)।

ENVOLUME, [एन्-वॉल्'-यूम्], *v.t.* स० क्रि० to make part of a volume. किसी ग्रन्थ का अंग बनाना।

ENVOY, [एन्'-वॉय्], *n.* सं० a representative next in rank to an ambassador. सन्देशहर, राजदूत का प्रतिनिधि; the concluding part of a poetical composition. कविता का अनुलेख।

ENVOYSHIP, [एन्-वॉय्'-शिप्], *n.* सं० the office of an envoy. राजदूत का पद।

ENVY, [एन्'-वी'], *n.* सं० the feeling of ill-will excited by grudge for one's good fortune. दूसरे के उत्कर्ष का द्वेष; object of ill-will. मत्सरता का पात्र।

ENVY, [एन्'-वी], *v.t.* स० क्रि० (*p.t.* भू० का० **Envied**) to feel envy of. ईर्ष्या करना; to cherish envious feelings against. डाह रखना।

ENWIND, [एन्-वाइन्ड्'], *v. t.* स० क्रि० to twine round something else. किसी अन्य पदार्थके चारो ओर लपेटना (मंडल बनाना)।

ENWOMB, [एन्-वूम्], *v. t.* स० क्रि० to hide. छिपाना; to cover. ढाँपना।

ENWOVEN, [एन्-वोव्'-एन्], *adj.* सं० वि० interwoven. गुथा हुआ।

ENWRAPMENT, [एन्-रॉप'-मेन्ट्], *n.* सं० the state of being enwrapped. आच्छादन करनेकी अवस्था।

ENWREATHE, [एन्-रीथ्], *v. t.* स० क्रि० to wind with a garland. माला लपेटना।

EOAN, [इ-ऑन्], *adj.* सं० वि० primitive. प्राच्य।

EOLITH, [ई'-ओ-लिथ्], *n.* सं० a flint implement of ancient people. प्राचीन युगका चकमक पत्थरका शस्त्र।

EP, [एप्], **EPI,** [ए-पि], *pref.* उप० on, upon. पर, ऊपर; besides. अतिरिक्त; on account of. वास्ते, लिये।

EPACT, [ई-पॉक्ट्], *n.* सं० the age of the moon on the first of January. पहिली जनवरी को चन्द्रमाकी अवस्था।

EPAGOGE, [एप्'-ऑग्-ऑग्-ई]. *n.* सं० a figure of speech in which universal propositions are proved by example. वह अलंकार जिसमें सार्वलौकिक सिद्धान्त उदाहरण से प्रमाणित किये जाते हैं, (न्याय) निगमन।

EPENCEPHALON, [एप्'-एन्-सेफ़्'-ऑल्-ऑन्], *n.* सं० the hindmost part of the brain. मस्तिष्क का सबसे पिछला भाग।

EPEXEGESIS, [एप्'-एक्-सेज्-एस्'-इस्], *n.* सं० additional explanation. अतिरिक्त

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

व्याख्या।

EPHELIS, [एफ़्-इल्'-इस्], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Efelides**) a freckle. चमड़े पर काला धब्बा।

EPHEMERA, [एफ़्-एम्'-एर्-आ], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Ephemerae.**) an insect living only for a day. केवल एक दिन जीने वाला कीड़ा; anything short-lived. क्षण-भंगुर।

EPHEMERAL, [एफ़्-एम्'-एर्-ऑल्], *adj.* सं० वि० lasting only for a day. ऐकाहिक; transitory. क्षण-विध्वंसी।

EPIC, [एप्'-इक्], *n.* सं० a long poem describing the adventures of a hero or group of heroes. वीर पुरुषका इतिहास, महावीर चरित्र, महाकाव्य।

EPIC, [एप्'-इक्], **EPICAL,** [एप्'-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० pertaining to an epic. महाकाव्य संबंधी।

EPICURE, [एप्'-इ-क्यूर्], *n.* सं० one who enjoys and fully appreciates good food and drink. विषयासक्त मनुष्य; one who is fastidious about what he eats and drinks. भोजन चञ्चु।

EPICURIANISM, [एप्'-इ-क्यूर्-इ-ऑन्-इज़्म्], *n.* सं० the quality of being an epicure. इन्द्रिय सुखानुराग।

EPICYCLE, [एप्'-इ-साइ-क्ल्], *n.* सं० a small circle having its centre situated and moving on the circumference of a larger one. परिधिचक्र, अर्थात् वह छोटा चक्र जो बड़े वृत्त की परिधि पर भ्रमण करता हो।

EPIDERMIS, [एप्'-इ-डर्म्'-इस्], *n.* सं० the cuticle or outer layer of skin of human beings and animals. बाह्य त्वचा।

EPIGEE, [एप्'-इ-जी], *n.* सं० the point of moon's orbit nearest to the earth. चन्द्रमा की कक्षा का पथ जो पृथ्वी से अति समीप हो।

EPIGLOTTIC, [एप्'-इ-ग्लॉट्'-इक्], *adj.* सं० वि० pertaining to epiglottis. उपजिह्वा सम्बन्धी।

EPIGLOTTIS, [एप्'-इ-ग्लॉट्'-इस्], *n.* सं० a small cartilage which covers the top of windpipe. उपजिह्वा, अलिजिह्वा, गले में की घंटी।

EPIGRAM, [एप्'-इ-ग्राम्], *n.* सं० a short satirical or witty saying in prose or poetry. क्षुद्र कविता, लघु काव्य; a pointed remark. तीक्ष्ण वचन।

EPIGRAMMATIC, [एप्'-इ-ग्रॉम्-ऑट्'-इक्], *adj.* सं० वि० relating to epigrams. तीक्ष्ण वचन संबंधी।

EPIGRAMMATISE, [एप्'-इ-ग्रॉम्-ऑट्'-आइज़], *v. t.* स० क्रि० to compose an epigram on. किसी पर क्षुद्र कविता बनाना।

EPIGRAPH, [एप्'-इ-ग्राफ़्], *n.* सं० an engraved inscription. शिलालेख; a quotation at the beginning of a book. पुस्तक के आदि का उद्धृत वाक्य या लेख।

EPIGRAPHIC, [एप्'-इ-ग्रॉफ़्-इक्], *adj.* सं० वि० pertaining to epigraphs. शिलालेख संबंधी।

EPIGRAPHICS, [एप्'-इ-ग्रॉफ़्-इक्स्], *n. pl.* सं० ब० व० the study of epigraphs. शिलालेख का अध्ययन।

EPIGRAPHY, [एप्'-इ-ग्रॉफ़्-ई], *n.* सं० the study of inscriptions. शिलालेख का अध्ययन।

EPILEPSY, [एप्'-इ-लेप्'-सी], *n.* सं० a nervous affliction expressed by foaming at the mouth and unconsciousness. अपस्मार; the falling sickness. मिरगी रोग।

EPILEPTIC, [एप्'-इ-लेप्'-टिक्], *n.* सं० one who is suffering from epilepsy. अपस्मार रोग से ग्रस्त व्यक्ति।

EPILEPTICAL, [एप्'-इ-लेप्'-टिक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० same as **Epileptic.**

EPILEPTICS, [ऐप्'-इ-लेप्'-टिक्स्], *n. pl.* सं० ब० व० medicines for epileptic patients. अपस्मार के रोगियों के लिये औषधियां।

EPILOGICAL, [एप्'-इ-लॉज्'-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० pertaining to an epilogue. परिशिष्ट भाग (उपसंहार) संबन्धी।

EPILOGUE, [एप्'-इ-लॉग्], *n.* सं० a short speech of an actor at the end of a play. नाटक का उपसंहार; the concluding summary of a discourse. व्याख्यान के अन्त का सारांश।

EPISCOPATE, [एप्-इस्क्'-ऑप्-ऐट्], *n.* सं० the office and rank of a bishop. धर्माध्यक्षका पद; *v. i.* अ० क्रि० to officiate as a bishop. धर्माध्यक्ष का स्थानापन्न होना।

EPISTLE, [ए-पिस्ट्ल्], *n.* सं० a letter. पत्र; a literary composition. साहित्यिक लेख।

EPITAPH, [एप्'-इ-टॉफ़्], *n.* सं० a short

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

memorial passage inscribed on a tomb. चैत्योपलिपि. चैत्य पर खोदा हुआ मृत्यु लेख।

EPITHET, [एप्'-इ-थेट्], *n.* सं० a descriptive word or phrase. वर्णनात्मक शब्द, विशेषण।

EPITOME, [एप्-इट्'-ऑम्-इ], *n.* सं० an abridgement or summary in which nothing essential is left out. संक्षेप, संग्रहसार; a miniature copy. संक्षेप प्रतिलिपि।

EPITOMIST, [एप्-इट्'-ऑम्-इस्ट्], *n.* सं० one who writes epitomes. संग्रहकर्त्ता, संक्षेपक।

EPITONIC, [एप्'-इट्-ऑन्'-इक्], *adj.* सं० वि० stretched very far. अति विस्तृत, बहुत दूर फैला हुआ।

EPIZOOTIC, [एप्'-इज्-ओ'-ऑट्-इक्], *n.* सं० a disease affecting several animals at once. पशुओं का संक्रामक रोग।

EPLICATE, [ए'-प्लिक्-ऐट्] *adj.* सं० वि० not plaited. तह न किया हुआ।

EPOCH, [ई'-पॉक्], *n.* सं० a period of time marked by special events. विशिष्टकाल; period of life. जीवन काल; age. युग; a division of time. काल की अवधि।

EPOCHAL, [एप्'-ऑक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० pertaining to an epoch. युग (काल) संबंधी।

EPODE, [एप्-ओड्], *n.* सं० a little verse which follows a greater one. उपगीत, बड़े काव्य के अन्त का छोटा पद्य।

EPODIC, [एप्'-ऑड्-इक्], *adj.* सं० वि० resembling an epode. उपगीत (काव्य) के सदृश।

EPONYM, [एप्-ऑन्-इम्], *n.* सं० any historical person from whose name, the name of a race or family is derived. कोई ऐतिहासिक मनुष्य जिसके नाम पर किसी जाति या कुल का नाम रक्खा जाता है।

EPONYMIC, [इप्-ऑन्-इम्-इक्], *adj.* सं० वि० **Eponymous.** (-अस्), *adj.* सं० वि० pertaining to eponym. ऐतिहासिक मनुष्य के नाम का।

EPOPEE, [एप्'-ऑप्-ई], *n.* सं० an epic. महाकाव्य।

EPOPŒIA, [एप्-ऑप्-ई'-ऑ], *n.* सं० the subject matter of an epic. महाकाव्य की कथा का आधार।

EPULARY, [एप्'-यूल्-एर्-ई], *adj.* सं० वि० relating to a banquet. भोज संबंधी।

EPULIS, [एप्-यू'-लिस्], *n.* सं० a small swelling on the gums. मसूड़े पर की सूजन।

EQUABLE, [इक्'-वॉ-बल्], *adj.* सं० वि० steady. स्थायी; uniform. समान; not liable to sudden changes. निर्विकार; not easily disturbed. प्रशान्त।

EQUAL, [ई'-क्वल्], *n.* सं० a person of the same social standing. समान पदस्थ व्यक्ति; a person of similar age. समान वय का मनुष्य।

EQUAL, [ई'-क्वॉल्], *adj.* सं० वि० the same in size, number etc. समान, सदृश; equable. समवृत्ति वाला; **To be equal to** (to have necessary ability for). बराबर होना।

EQUAL, [ई-क्वॉल्], *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Equalled**) to make equal to in number or quality. संख्या, गुण आदि में तुल्य करना।

EQUALITY, [ईक्-वॉल्'-इट्-ई], *n.* सं० the state of being equal. समानता, तुल्यता।

EQUALIZE, [ई'-क्वॉल्-आइज्], *v. t.* स० क्रि० to make even or equal. बराबर करना।

EQUANIMITY, [ईक्'-वॉन्-इम्'-इट्-ई], *n.* सं० steadiness of disposition. समचित्तता, composure of mind. मनकी शान्ति।

EQUATE, [ई-क्वेट्], *v. t.* स० क्रि० to look upon as equal. बराबर जानना; to make no distinction between. कोई अन्तर न रखना (बराबर करना)।

EQUATION, [ई-क्वे-शन्], *n.* सं० the act of equating. साम्य; of formal statement of equality. समीकरण।

EQUATOR, [ई-क्वे-टर्], *n.* सं० an imaginary line round the earth that is always equidistant from either pole. भूकक्षा, निरक्ष; the corresponding circle in the celestial sphere. व्योम कक्षा।

EQUESTRIAN, [इक्-वेस्ट्'-रि-ऑन्], *n.* सं० a horseman. अश्वारोही।

EQUESTRIAN, [इक्-वेस्ट्'-रि-ऑन्], *adj.* सं० वि० pertaining to horsemanship. अश्वारोहण सम्बन्धी।

EQUILIBRATE, [ई'-क्वि-लिब्'-रे'ट्], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to bring into a state of balance. समभार का करना या होना।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

EQUILIBRIUM, [ई'-क्वि-लिब्'-रि-अम्], *n.* सं० a state of poise. सम तोलन; a balance of power. शक्ति का साम्य।

EQUINOX, [ई'-क्वि-नॉक्स्], *n.* सं० the time when the sun passes over the equator and day and night are of equal length. विषुव अर्थात् वह काल जब सूर्य निरक्ष पर जाता है और दिन और रात बराबर होते हैं। ऐसा समय वर्ष में दो बार आता है यथा— **Autumnal Equinox**=जल विषुव जो २२ या २३ सितम्बरको होता है, **Spring or Vernal Equinox**. महा विषुव या हरिपद जो २० मार्च को होता है।

EQUIP, [इ-क्विप्'], *v. t.* स० क्रि० (*p.t.* भू० का० **Equipped**) to furnish with something necessary. उपकरणों से युक्त करना।

EQUIPAGE, [इ'-क्विप्-एज्], *n.* सं० servants and officers attending a great person on a journey. अधिकारी तथा भृत्यों का संघ जो यात्रा में बड़े आदमी के साथ रहता है।

EQUIPENDENCY, [ई'-क्वि-पेन्'-डेन-सी], *n.* सं० the condition of being without bias. पक्षपात हीन अवस्था।

EQUIPMENT, [इ-क्विप्'-मेन्ट्], *n.* सं० outfit. सज्जा; requisites. साधन के पदार्थ।

EQUIPOISE, [ई'-क्वि-पॉएज्], *n.* सं० perfect balance. समतोलन, समभार; *v. t.* स० क्रि० to counter-balance. सम भार करना।

EQUIPOLLENCE, [ई'-क्वि-पोल्'-एन्स्], *n.* सं० equality of force or meaning. शक्ति या अर्थ की समानता।

EQUIPOLLENT, [ई'-क्वि-पोल्'-एन्ट्], *adj.* सं० वि० of equal force. समान बल या शक्ति का।

EQUIPONDERANT, [ई'-क्वि-पॉन्'-डर्-ऑन्ट्], *adj.* सं० वि० equal in weight. तुल्य भार का।

EQUIROTAL, [ई'-क्वि-रोट्'-ऑल्], *adj.* सं० वि० having wheels of the same size. तुल्य परिमाण की पहियों वाला।

EQUITABLE, [ईक्'-विट्-ऑ-बुल्], *adj.* सं० वि० according to justice and equity. यथान्याय, पक्षपात रहित, न्यायानुकूल।

EQUITATION, [ईक्'-विट्-यें'-शन्], *n.* सं० skill in horsemanship. घोड़े पर चढ़ने की कला।

EQUITY, [ईक्'-विट्-ई], *n.* सं० the principle of impartial unprejudiced judgment. न्याय्यता, अपक्षपात, औचित्य।

EQUIVALENCE, [इ-क्विव्'-ऑल्-एन्स्], *n.* सं० the state of being equivalent. तुल्यावस्था।

EQUIVALENT, [इ-क्विव्'-ऑल्-एन्ट्], *n.* सं० that which is equal. तुल्य मूल्य की वस्तु; *adj.* सं० वि० producing the same effect. अनरूप; equal. समान।

EQUIVOCAL, [इ-क्विव्'-ऑक्-ऑल्], *n.* सं० an ambiguous word. अस्पष्टार्थ शब्द; *adj.* सं० वि० liable to be interpreted in more than one way. द्व्यर्थक, सन्दिग्धार्थ।

EQUIVOCALNESS, [ई-क्विव्-ऑक्'-ऑल्-नेस्], *n.* सं० the state of being equivocal. अर्थ सन्देह, अस्पष्टता।

EQUIVOCATE, [इ-क्विव्-ओ-केट्], *v. t.* स० क्रि० to use words of doubtful meaning. द्व्यर्थक शब्द का प्रयोग करना; to quibble. वाक्छल करना।

EQUIVOCATOR, [इ-क्विव्'-ऑक्-एट्-अर्], *n.* सं० a person who equivocates. सन्दिग्ध वाक्य बोलने वाला मनुष्य।

EQUIVOKE, [इक्'-वि-वोक्], *n.* सं० an equivocal term. वक्रोक्ति।

ERA, [इअर्'-आ], *n.* सं० a system of dates starting from some selected event. किसी विशिष्ट घटना से आरम्भ होने वाला काल; epoch. युग, शाका।

ERADIATE, [इ-रॉड्'-इ-एट्], *v. i.* अ० क्रि० to shoot out like the rays of light. प्रकाश की किरणों की तरह निकल पड़ना।

ERADICATE, [इ-रॉड्'-इक्-एट्], *v. t.* to extirpate. उन्मूलन करना; to tear up by the roots. मूलोच्छेद करना।

ERADICATION, [इ-रॉड्'-इक्-एं'-शन्], *n.* सं० the act of eradicating. उन्मूलन, उत्पादन।

ERADICATIVE, [इ-रॉड्'-इक्-ऑट्-इव्], *adj.* सं० वि० able to eradicate. उन्मूलक।

ERASE, [इ-रेज्'], *v. t.* स० क्रि० to scratch out. खुरच डालना; to wipe out. रगड़कर उन्मलन करना।

ERASION, [इ-रे'-जन्], *n.* सं० the place where something has been erased. वह

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

स्थान जहाँ से कुछ मिटाया गया हो।

ERASURE, [इ-रे'-ज़र्], *n.* सं० same as **Erasion.**

ERE, [एअर्], *prep.* शo अo before. पूर्व काल में।

ERECT, [इ-रेक्ट्'], *adj.* सं० वि० vertically upright. उन्नत, उताना; standing up. खड़े बल का; *v. t.* स० क्रि० to elevate. उन्नत करना, उभाड़ना; to build. (गृह आदि) निर्माण करना।

ERECTER, [इ-रेक्'-टर्], *n.* सं० one who erects a building. गृह निर्माण करने वाला, स्थपति।

ERECTION, [इ-रेक्'-शन्], *n.* सं० the act of erecting. निर्माण का कार्य; a building. प्रासाद, गृह आदि।

ERISTIC, [ए-रेस्'-टिक्], *adj.* सं० वि० cristical, pertaining to controversy. वादा-विवाद विषयक।

ERODE, [इ-रोड्'], *v. t.* स० क्रि० to wear away slowly and gradually. धीरे-धीरे क्रम से नष्ट होना; to corrode. रगड़ना, नष्ट करना।

EROSION, [इ-रो'-ज़न्], *n.* सं० the act of eroding. घिसकर नष्ट करने का कार्य; the destruction of coastline by the sea. समुद्र से तट का नाश।

EROSIVE, [इ-रो'-सिव्], *adj.* सं० वि० capable of eroding. काटकर नाश करने योग्य।

EROTESIS, [इ-रॉट्-एस्'-इस्], *n.* सं० an assertion in the form of a question. प्रश्न रूप में स्वीकार की उक्ति।

EROTIC, [इ'-रॉट्'-इक्], *adj.* सं० वि० relating to love and sexual passion. प्रेम तथा काम सम्बन्धी; amorous. कामुक।

EROTOMANIA, [इ-रॉट्-ओ'-मॉन्'-इ-ऑ], *n.* सं० madness arising from erotic passion. अति कामुकता से उत्पन्न उन्माद।

ERPETOLOGY, [एर्'-पेट्-ऑल्'-ओ-जी], *n.* सं० the scientific study of reptiles. रेंगने वाले कीड़ों का वैज्ञानिक अध्ययन।

ERR, [एर्], *v. i.* अo क्रि० to make mistakes. अशुद्धि (भूल) करना; to sin. पाप करना।

ERRAND, [ए-रॉन्ड्], *n.* सं० a change. आदेश; a message. दूत कर्तव्य; a short journey with a message. सन्देश लेकर छोटी यात्रा।

ERRAND BOY, [ए-रॉन्ड्'-बॉय्], *n.* सं० a boy employed to run messages. संदेशवाहक बालक।

ERRATA [एर्-रॉ'-टा], *n. pl.* सं० ब० व० (*sing.* ए० व० **Erratum**) an error in writing or printing. लिखने या छापने की अशुद्धियाँ।

ERRATIC, [ए-रॉट्'-इक्], *n.* सं० a rogue. दुष्ट व्यक्ति; a wanderer. परिभ्रामक, घूमने वाला; *adj.* सं० वि० wandering. भ्रमण करने वाला; irregular. अनिश्चित, अस्थिर।

ERRATUM, [इ-रॉ'-टम्], *n.* सं० (*pl.* ब०व० **Errata**) a slip or error in writing or printing. लिखने या छापने की अशुद्धि।

ERRONEOUS, [इ-रो'-नि-अस्], *adj.* सं० वि० incorrect. अशुद्ध; mistaken. भ्रान्तिमूलक, भ्रमात्मक।

ERROR, [ए-रॉर्], *n.* सं० mistake. भ्रान्ति, अशुद्धि; fault. दोष; sin. पातक।

ERRORIST, [ए-रॉर्'-इस्ट्], *n.* सं० one who spreads error. भ्रान्ति फैलाने वाला।

ERST, [अर्स्ट्], *adv.* क्रि० वि० formerly. पूर्व काल में।

ERUBESCENT, [ए'-रूब्-एस्-एन्ट्], *adj.* सं० वि० blushing. लज्जायुक्त।

ERUCT, [इ-रक्ट्'], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अo क्रि० to eructate. उद्गार लेना, डेकारना।

ERUDITION, [इ'-रूड्-इश्'-अन्]; *n.* सं० scholarly knowledge. पाण्डित्य, विद्वत्ता।

ERUGATE, [ए'-रूग्-ऐट्], *adj.* सं० वि० smoothed out. स्निग्ध (चिकना) किया हुआ।

ERUPT, [इ-रप्ट्'], *v. i.* अo क्रि० to break out. टूटना; to burst forth. फूट उठना।

ERUPTED, [इ-रप्ट्'-एड्], *adj.* सं० वि० forcibly ejected. बलपूर्वक हटाया हुआ।

ERUPTIVE, [इ-रप्'-टि], *adj.* सं० वि० liable to erupt. फूटने वाला; accompanied by an eruption on the skin. फफोला पड़ा हुआ।

ESCALADE, [इस्'-कॉल्-ऐड्'], *n.* सं० the act of scaling walls with ladders. सीढ़ियां लगाकर (दुर्ग की) भीत लांघना।

ESCAPE, [एस्-केप्'], *n.* सं० the act of escaping. पलायन, अपक्रमण; a leakage. चुवन।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

ESCAPE, [एस्-केप्], *v. t.* स० क्रि० to avoid. मुक्त करना; to get away from. निकल जाना; to issue unawares from. गुप्त रूप से चले जाना; *v. i.* अ० क्रि० to get free. मुक्त होना; to get away safely. सुरक्षित रूप से हट जाना।

ESCAPEMENT, [एस्-केप्-मेन्ट्], *n.* सं० the mechanism in a watch or a clock by which the action of the main spring is regulated. घड़ी में का वह भाग जो बड़ी कमानी के कार्य को व्यवस्थित करता है।

ESCHATOLOGY, [एस्'-कॉट्-ऑल्'-ऑ-जी], *n.* सं० the study of last events. अन्तिम घटनाओं का अध्ययन।

ESCHEAT, [एस्-चीट्], *n.* सं० lapsing of one's property to the crown when there are no heir. उत्तराधिकार के अभाव में सम्पत्तिका राजाको मिलना; *v. i.* अ० क्रि० to fall to the crown. सन्तान के अभाव से सम्पत्ति का राज्य में मिलना, to confiscate. सम्पत्ति का अपहरण होना।

ESCORT, [एस्'-कॉर्ट्], *n.* सं० a person or persons accompanying another for purposes of protection. रक्षापुरुष, परिचर; *v. t.* स० क्रि० to accompany as an escort. रक्षापुरुष की तरह साथ देना।

ESCUTCHEON, [एस्-कच्'-ऑन्], *n.* सं० a shield with coat-of-arms. कुल चिन्ह युक्त ढाल; the place on the stern of a ship where its name is written, वह स्थान जहाँ पर पोत का नाम लिखा रहता है; the cover of a key hole. ताले का मुखपात; **A blot on one's escutcheon** (a stain on one's reputation). किसी की ख्याति पर लाञ्छन (दुर्नाम)।

ESOTERIC, [एस्-ऑट्'-एर्'-इक्], *adj.* सं० वि० confidential. गुप्त; secret. रहस्यमय।

ESPERANTO, [एस्-पर्-ऑन्ट्'-ओ], *n.* सं० an artificial language based upon the root-words common in Indo-European languages intended as a universal medium of communication. एक कृत्रिम भाषा जो संसार भर के मनुष्यों के परस्पर व्यवहार के लिये बनी है।

ESPLANADE, [एस्'-प्लॉन्-एड्], *n.* सं० a level place for walking in a town. नगर का परिभ्रमण का समतल मार्ग; a public promenade. सर्व सामान्य का क्रीडा प्रदेश।

ESPOUSE, [एस्-पाउज्], *v. t.* स० क्रि० to marry. विवाह करना; to adopt. अंगीकार करना; to support. अवलंबन करना।

ESPY, [एस्-पाइ], *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Espied**) to see from a distance. दूर से देख लेना; to catch sight of. ताकना।

ESSAY, [एस्'-ए], *n.* सं० an attempt. प्रयत्न; trial. परीक्षा; a short composition in prose or verse. गद्य अथवा पद्य में छोटा निबन्ध; *v. t.* स० क्रि० to attempt. प्रयत्न करना; to try. परीक्षा करना।

ESSAYIST, [एस्-ए-इस्ट्], *n.* सं० one who writes essays. लेखक निबन्ध।

ESSENCE, [एस्'-एन्स्], *n.* सं० an entity. सत्व; being. अस्तित्व; the distinctive nature of a thing. मूल वस्तु; indispensable element. अनिवार्य तत्व; an extract got from distillation. निःसारित तत्व या सार; perfume. गन्ध द्रव्य।

ESSENTIAL, [ए-सेन्'-शॉल्], *adj.* सं० वि० characteristic. सारभूत; distinguishing. अत्यवश्यक, indispensable अनिवार्य।

ESSENTIALITY, [ए-सेन्'-शि-ऑल्-ए-टी], *n.* सं० the quality of being essential. अत्यावश्यकता।

ESSERA, [एस्'-एर्-आ], *n.* सं० an irritant eruption on skin. खुजली सहित फफोला।

ESTABLISH, [इस्-टॉब्'-लिश्], *v. t.* स० क्रि० to settle beyond dispute. स्थिर करना; to settle on fixed basis. व्यवस्था करना; to prove as finally true, प्रमाणित करना; to set in a particular position. किसी विशिष्ट दशा में स्थापित करना।

ESTABLISHMENT, [एस् - टॉ - ब्लिश् मेन्ट्], *n.* सं० the act of establishing. संस्थापन; an institution. संस्थान, आलय; business house. कार्यालय; residence. निवास-स्थान; household. भृत्यवर्ग।

ESTATE, [एस्-टेट्], *n.* सं० condition. अवस्था, दशा; rank. पद; landed property. भूसम्पत्ति; total assets. सम्पूर्ण आय; part of body politic with share in government. रिक्थ; **The real estate** (landed property.) भूसम्पत्ति; **Personal estate** (movable

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

property). चलसम्पत्ति।

ESTEEM, [एस्-टीम्], *n.* सं० respect. आदर; high opinion. बहुमान; *v. t.* स० क्रि० to have a high opinion of. बहुमान करना; to consider. विचारना।

ESTIMATE, [एस्-टिम्-एट्], *n.* सं० approximate judgment of worth or size. मूल्य तथा आकार का अनुमान; rough calculation. मूल्य निरूपण।

ESTIMATE, [एस्'-टिम्-एट्], *v. t.* स० क्रि० to form an estimate of. मूल्य का निरूपण करना; to calculate roughly. कूतना।

ESTIMATION, [एस्'-टिम्-ए'-शन्], *n.* सं० the act of estimating. आदर, सम्मान।

ESTRADE, [एस्-ट्रेड्], *n.* सं० a daispीठिका, मञ्च।

ESTRANGE, [एस्-ट्रेन्ज्], *v. t.* स० क्रि० to alienate. अप्रीति उत्पन्न करना, स्नेह भेद करना।

ESTUARY, [एस्'-चू-एर्-ई], *n.* सं० the expanding tidal mouth of a river. नदीमुख।

ESURIENT, [ए-स्यू'-रि-एन्ट्], *adj.* सं० वि० hungry. बुभुक्षित, भूखा।

ETCETRA, [एट्-सेट्'-रॉ], phrase. वाक्यावयव; and so forth, and so on. प्रभृति, इत्यादि।

ETCH, [एच्], *n.* सं० ground from which crop has been removed. वह खेत जिसमें का अन्न हटा लिया गया हो।

ETCH, [एच्], *v. t.* स० क्रि० to produce pictures or designs on a plate with the help of corrosives. तीक्ष्ण क्षार द्वारा धातु के पत्र पर चित्र खोदना; *v. i.* अ० क्रि० to practise the art of etching. खोदाई का काम करना।

ETERNAL, [इ-टर्'-अल्], *adj.* सं० वि० perpetual. अनन्त; everlasting. अनादि, ceaseless. नित्य; without end. सनातन; **The eternal** (God). परमेश्वर।

ETERNALITY, [इट्'-अर्'-ऑल्'-इट्-ई], *n.* सं० the quality of being eternal. अनन्यता।

ETERNITY, [इ-टर्'-इट्-ई], *n.* सं० the state of being eternal. नित्यत्व; the future life. भविष्य-जीवन; **The eternities** (eternal truths). सर्वकालिक सत्यता।

ETHER, [ईथर्], *n.* सं० clear sky. स्वच्छ आकाश; upper regions of air beyond the clouds. तेजोवह (वायुरूप) तत्व।

ETHEREAL, [इथ्,इ-अर्-इ-ऑल्], *adj.* सं० वि० heavenly. दिव्य; spiritual. तैजस; delicate. सूक्ष्म।

ETHIC, [एथ्-इक्], *adj.* सं० वि० **ETHICAL,** [एथ्-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० relating to ethics. नैतिक, आचारशास्त्र संबंधी।

ETHICS, [एथ्-इक्स्], *n.* सं० *pl.* ब० व० the science which treats of morals. आचारशास्त्र, नीतिशास्त्र।

ETHNOLOGY, [एथ्-नॉल्-ऑ-जी], *n.* सं० the science which deals with the races of mankind. मानवजाति विज्ञान संबंधी।

ETHOS, [ई-थॉस्], *n.* सं० general disposition. सामान्य प्रवृत्ति।

ETIQUETTE, [एट्'-इक्-एट्], *n.* सं० conventional rules of conduct. शिष्टाचार, समयाचार।

ETYMOLOGICAL, [एट्'-इम्-ऑ-लॉज्'-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० relating to etymology. व्युत्पत्ति संबंधी, यौगिक।

ETYMOLOGY, [एट्' - इम्-ऑल्'-ऑ-जी], *n.* सं० the study of the derivation and origin of words. व्युत्पत्तिशास्त्र निरुक्ति।

EULOGIZE, [यू'-लॉज्-आइज्], *v. t.* स० क्रि० to praise highly. अति प्रशंसा करना।

EULOGY, [यू'-लॉज्-ई], *n.* सं० a speech or written testimony greatly praising some person or thing. श्लाघा, प्रशंसा।

EUNUCH, [यू'-नक्], *n.* सं० a castrated man. छिन्नमुष्क, क्लीव, हिजड़ा।

EUNUCHATE, [यू'-नक्-एट्], *v. t.* स० क्रि० to castrate. बधिया करना।

EUPEPSIA, [यू-पेप्-सि-ऑ], *n.* सं० good digestion. अच्छी पाचन शक्ति।

EUPEPTIC, [यु-पेप्'-टिक्], *adj.* सं० वि० of good digestion. अच्छी पाचन शक्ति का।

EUPHEMISM, [यू-फ़ेम्-इज़्म्], *n.* सं० the use of mild expressions to express an unpleasant idea. मृदुभाषण, कटुवार्ता को कोमल शब्दों में वर्णन करने की विधि।

EUPHEMISTIC, [यू'-फ़ेम्-इस्ट्'-इक्], *adj.* सं० वि० characterized by euphemism. मृदुभाषी।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

EUPHONIC, [यू-फ़ॉन्'-इक्], *adj.* सं० वि० **Euphonical** (-ऑल्); *adj.* सं० वि० of an agreeable sound. सुस्वर, सुनने में मधुर।

EUPHONISM, [यु-फ़ॉन्' - इज़्म], *n.* सं० well - sounding combination of sound. सुस्वरता, कोमल वचन।

EUPHONY, [यू'-फ़ॉन्-ई], *n.* सं० sweetness of sound. सुस्वरता।

EUPHORBIA, [यु-फ़ॉर्'-बि-ऑ], *n.* सं० a genus of prickly plants. असिपत्रिका, सीहुड़।

EUPHUISM, [यू'-फ़्यू-इज़्म्], *n.* सं० affected style of writing or speech. क्लिष्ट लेख या वचन शैली।

EUPNŒA, [यूप्-नी' - ऑ], *n.* सं० ease of breathing. श्वास लेने की सुगमता।

EURASIAN, [यु-रे'-शि-अन्], *n.* सं० the child of a European and Asiatic parent. किरानी।

EURAKA, [यु-रे'-का], *interj.* वि० अ० I have found it. मुझे पता लग गया है।

EURHYTHMY, [यु - रिथ्' - मी], *n.* सं० rhythmic pulsation. नाड़ी का लय में स्पन्दन।

EUROPEAN, [यू-'-रोप्-ई'-ऑन्], *n.* सं० an inhabitant of Europe. युरोप महाद्वीप का निवासी; *adj.* सं० वि० pertaining to Europe. युरप-सम्बन्धी।

EURYCEROS, [यू-रिस्'एर्-अस], *adj.* सं० वि० having broad horns. चौड़ी सींगों वाला। (पशु)।

EUTHANASIA, [यू'-थॉन्-एज़्'-इ-ऑ] *n.* सं० the making of death painless. अनायास मृत्यु।

EUTROPHY, [यू'-ट्रो-फ़ी], *n.* सं० healthy nutrition. अच्छी पाचन-शक्ति।

EVACUANT, [इ-वॉक्'-यू-ऑन्ट्], *n.* सं० a medicine that promotes evacuation. रेचक औषधि; *adj.* सं० वि० purgative. मलोत्सर्ग-कर, शौच लाने वाली।

EVACUATE, [इ-वॉक्'-यु-एट्], *v. t.* स० क्रि० to empty out. रिक्त करना; to rid of its contents. (भरे हुए द्रव्य को) निकालना; to remove troops from a dangerous position. भयंकर स्थान से सेना को हटा लेना।

EVACUATION, [इ-वॉक्'-यु-ए-शन्], *n.* सं० the act of evacuating. मलोत्सर्ग; matter which is evacuated. विष्ठा।

EVADE, [इ-वेड्'], *v. t.* स० क्रि० to lude. निष्फल करना; to avoid by dexterity. छल से अपहरण करना; to escape. भाग जाना।

EVALUATE, [इ-वॉल्'-यु-एट्], *v. t.* स० क्रि० to determine the value of. मूल्य निश्चित करना।

EVALUATION, [ई-वॉल्'-यु-ए'-शन्], *n.* सं० the act of evaluating. मूल्य निर्धारण।

EVAPORATE, [इ-वॉप्'-ऑर्-एट्], *v. t.* स० क्रि० to change into vapour. वाष्परूप में परिणत करना; to dissipate uselessly. वृथा अपव्यय करना या उड़ाना।

EVAPORATION, [इ-वॉप्'-ऑर्-ए'-शन्], *n.* सं० the act of evaporating. वाष्पीकरण, भाफ़ बनने का कार्य।

EVE [ईव्], *n.* सं० the wife of Adam. आदम की स्त्री का नाम।

EVE [ईव्], *n.* सं० the close of day. सायंकाल।

EVEN, [ईव्-एन्], *n.* सं० evening. सन्ध्या-काल (इस शब्द का प्रयोग कविता में होता है)।

EVEN, [ईव्'-एन्], *adj.* सं० वि० level. समतल; smooth. चिकना; flat. चिपटा; regular. समदर्शी; rhythmical. लयबद्ध; any number which is a multiple of two. युग्म संख्या; not easily disturbed. अविकारी; **To be even with** (to square accounts with). हिसाब बन्द करना।

EVEN [ईव्'-इन्], *adv.* क्रि० वि० just as. भी; according. अनुसार; at the same time. तौ भी; **Even though** (although). यद्यपि।

EVEN, [ईव्'-एन्], *v. t.* स० क्रि० to level. समतल बनाना; to make smooth. चिकना करना; to balance accounts. हिसाब बराबर करना; **To even up** (to balance). बराबर करना।

EVENING, [ईव्'-एन्-इङ], *n.* सं० the time between sunset and darkness. दिनान्त, सन्ध्याकाल; **Evening star** (a planet seen in the west soon after sunset). शुक्र (तारा)।

EVENLY, [इव्'-एन्-ली], *adv.* क्रि० वि० in an even manner. समतल रूप में; tranquilly. शान्तिपूर्वक।

EVENNESS, [ईव्-एन्-नेस्], *n.* सं० the quality of being even. समतल अवस्था।

EVENT, [इ'-वेन्ट्], *n.* सं० a happening.

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

घटना; the result of an action. परिणाम, फल; **In the event of** (in case of). सन्दर्भ में; **At all events** (in any case). सर्वथा।

EVENTFUL, [इ-वेन्ट्'-फ़ुल्], *adj.* सं० वि० full of incidents. बहुघटनापूर्ण।

EVENTIDE, [ई'व्-एन्-टाइड्], *n.* सं० evening. सन्ध्याकाल (इस शब्द का प्रयोग कविता में होता है)।

EVENTILATE, [ई-वेन्ट्'-इल्-एंट्], *v. t.* स० क्रि० to submit to the action of wind. आँधी के सम्मुख रखना; to fan. हवा करना; to discuss. वादाविवाद करना; to winnow. ओसाना।

EVENTUAL, [इ-वेन्ट्'-यू-ऑल्], *adj.* सं० वि० happening as the result of incidents, आनुषंगिक; ultimate. अन्तिम।

EVENTUALITY, [इ-वेन्ट्'-यू-ऑल्-इट्-ई], *n.* सं० a possible event. सम्भाव्य घटना।

EVENTUATE, [इ-वेन्ट्'-यू-एंट्], *v. i.* अ० क्रि० to happen. घटना होना; to result. परिणाम होना।

EVER, [एव्'-अर्], *adv.* क्रि० वि० always. सर्वदा; in any degree or condition. सब स्थिति में; repeatedly, बारम्बार; at any time. किसी समय; **Ever and anon** (at one time or another). किसी न किसी समय; **For ever and a day** (eternally). अनन्त रूप में।

SATURN, [सॉट्'-अर्न्], *n.* सं० one of the major planets, being the second largest and the sixth farthest from the sun with a broad flat ring round it. शनि ग्रह ; the ancient Italian god of agriculture and husbandry. प्राचीन इटली वासियों के कृषि देवता ।

SATYR, [सॉट्'-एर्], *n.* सं० a woodland deity of ancient Romans represented as part man and part goat. प्राचीन रोम के वन् देवता जिनका आधा शरीर मनुष्य और आधा बकरी जैसा होने वाला दर्शाया जाता है ; a lustful man. कामासक्त पुरुष ।

SAUCE, [सॉस्], *n* सं० a liquid preparation used with some articles of food to enhance the flavour. भोजन का स्वाद बढ़ाने वाला तरल मसाला (चटनी); impertinence. धृष्टता ; *v. t.* स० क्रि० to season with sauce. तरल मसाला मिलाकर स्वादिष्ट बनाना ; to make piquant. चटपटा बनाना ; to be impertinent to. किसी के प्रति धृष्ट होना ।

SAUCER, [सॉ'-सर्], *n.* सं० a shallow circular dish in which a cup of tea is set. चाय का प्याला रखने की छोटी थाली (तश्तरी) ।

SAUCY, [सॉ'-सि], *adj.* सं० वि० (*comp.* तरप्० **Saucier** *sup.* तमप्० **Sauciest**). impudent. धृष्ट ; rude. अशिष्ट ; smart. ढीठ ।

SAUNTER, [सॉन्'-टेर्], *n.* सं० a stroll. आनन्द भ्रमण (टहलना) ; a place for sauntering. आनन्द भ्रमण करने का स्थान ; *v. t.* अ० क्रि० to walk in a leisurely aimless way. बिना प्रयोजन शनैः शनैः भ्रमण करना ; to stroll. टहलना ; to loiter. इधर-उधर घूमना ।

SAURIAN, [सॉ'-रि-ऑन्], *n.* सं० a reptile of the lizard group. गोधा (छिपकली) जाति का एक उरग (रेंगने वाला जन्तु) ; *adj.* सं० वि० resembling a reptile. उरग के समान ।

SAUSAGE, [सॉस्'-एज्], *n.* सं० a roll of seasoned, finely chopped meat packed in skin. त्वचा में लपेटा हुआ मसालेदार महीन कटा हुआ मांस ।

SAUTERNE, [सॉ'-टेर्न्], *n.* सं० a sweet, white claret. एक प्रकार की मधुर श्वेत मदिरा ।

SAVAGE, [सॉव्'-एज्], *n.* सं० a human being at a primitive stage of development. असभ्य मानव ; a person of very fierce and cruel nature. अति भयंकर तथा क्रूर प्रकृति वाला व्यक्ति ; a bad-tempered person. बुरे स्वभाव का व्यक्ति ; *adj.* सं० वि० having the nature of a savage. असभ्य ; primitive. प्राथमिक युग का ; uncivilised. अशिष्ट ; inhabited by a savage. असभ्य व्यक्ति से बसा हुआ ; fierce. भीषण ; barbarous. आचारहीन ; merciless. दयाहीन ; brutal. अति क्रूर ; furiously angry. अति क्रुद्ध ; *v. t.* स० क्रि० to make savage. असभ्य बनाना ; to handle savagely. असभ्य व्यवहार करना ; to attack suddenly. अकस्मात आक्रमण करना ।

SAVANNA, SAVANNAH, [सॉव्'-ऑन्-ऑ], *n.* सं० a grass covered treeless plain. बिना वृक्षों का घास का मैदान ; a prairie. विशाल घास का क्षेत्र ।

SAVANT, [सॉव्'-ऑन्ट्], *n.* सं० a man of learning. विद्वान पुरुष ; a scientist. वैज्ञानिक ।

SAVE, [सेव्], *n.* सं an act of saving a goal in the game of football or hockey. फुटबाल या हाकी के खेल में 'गोल' बचाने का कार्य ; *v. t.* स० क्रि० to extricate from a dangerous situation. संकट की स्थिति से निकालना ; to lead to safety. रक्षा करना ; to rescue. बचाना ; to preserve for future use. भविष्य के लिए सुरक्षित रखना ; to put aside for the sake of economy. मितव्ययता के निमित्त पृथक रखना ; to hoard. संचित करना ; to set free from sin. पाप से मुक्त करना ; *v. i.* अ० क्रि० to economise. मितव्यय करना ; *prep.* शो अ० except. सिवाय ;

SAVELOY, [सॉव्'-एल्-ऑइ], *n.* सं० a highly seasoned sausage. मसालेदार मांस ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SAVING, [सेंव्'-विङ्], *n.* सं० the act of saving. बचाव ; that which is saved. बचाई हुई वस्तु; an economy. मितव्ययता ; *adj.* सं० वि० of a thrifty disposition. मितव्ययी स्वभाव का ; incurring no loss. बिना हानि उठाये हुए ; exempting from censure. निंदा मुक्त ; effecting salvation. उद्धार करने वाला ; *prep.* शo अo with the exception of. छोड़ कर ।

SAVIOUR, [सेंव्'-यर्], *n.* सं० a person who delivers from danger. संकट से रक्षा करने वाला व्यक्ति ; the saviour (Jesus Christ). ईसामसीह ।

SAVORY, [स'-वोर-इ], *n.* सo an aromatic potherb of mint family used in cookery. पुदीने के प्रकार की एक वनस्पति जो भोजन में प्रयुक्त होती है ।

SAVOUR, [सेंव्'-वोर्], *n.* सं० taste discerned by the palate. स्वाद ; sweet fragrance. सुगंध ; distinctive quality. विशिष्ट गुण ; spice. मसाला ; sharpness. तीक्ष्णता ; zest. अभिरुचि ; *v. i.* अo क्रि० to have a particular smell or taste. विशिष्ट गंध या स्वाद अनुभव करना ; *v. t.* सo क्रि० to relish. स्वाद लेना ; to like. रुचि होना ; to appreciate. गुणों का ज्ञान प्राप्त करना ।

SAVOY, [सॉ-वॉइ'], *n.* सं० a curlyleafed cabbage. एक प्रकार की बंद गोभी ।

SAW, [सॉ], *n.* सं० a cutting tool of steel with a toothed edge. आरा, आरी ।



SAW, [सॉ], *n.* सं० a traditional saying. विधि वाक्य ; a maxim. लोकोक्ति (कहावत)।

SAW, [सॉ], *v. t.* सo क्रि० to cut with a saw. आरी से काटना ; *v. i.* अo क्रि० to be cut with a saw. आरी से कटना ; to work with a saw. आरी से काम करना ।

SAW, [सॉ], *p. t.* of See. देखना क्रिया के भूतकाल का रूप ।

SAXE, [सॉक्स्], *adj.* सं० वि० of a light bright blue in colour. मन्द दीप्यवान नील वर्ण का ।

SAXHORN, [सॉक्स्-हार्न्], *n.* सं० a brass musical instrument with valves resembling the trumpet. एक प्रकार का पीतल की तुरही ।

SAXIFRAGE, [सॉक्स्'-इ-फ्रेज्], *n.* सं० a plant growing among rocks. चट्टानों में उगने वाला एक पौधा ।

SAXON, [सॉक्स्'-ऑन्], *n.* सं० a member of the Teutonic tribe that inhabited the northern coast of Germany and conquered Britain in the fifth and sixth centuries. उत्तरी जर्मनी में रहने वाली सॉक्सन जाति का सदस्य जिन्होंने पाँचवी तथा छठवीं शताब्दियों में ब्रिटेन पर विजय प्राप्त की थी ; the language of these tribes. इन जातियों की भाषा ; *adj.* सं० वि० relating to the saxons. सॉक्सन जाति संबंधी ।

SAY, [सें], *n.* सं० a kind of thin woollen serge. एक प्रकार का पतला ऊनी वस्त्र, सर्ज ।

SAY, [सें], *n.* सं० that which is said. कही हुई बात ; one's opinion. किसी का मत ; a speech. व्याख्यान ।

SAY, [सें], *v. t.* सo क्रि० (*p. t.* & *p. p.* भू० का० तथा भू० कृ० **Said**). शब्दों द्वारा प्रकट करना ; to speak. बोलना ; to utter. कहना ; to declare. घोषित करना ; to report. सूचित करना ; *v. i.* अo क्रि० to assert. दृढ़ रूप से कहना ; to state by speaking. भाषण करना ; to express an opinion. विचार व्यक्त करना ; **To say the word** (to give the order). आज्ञा देना ; **To say no more** (to stop speaking). बोलना बन्द करना ;

SCAB, [स्कॉब्], *n.* सं० a dry crust formed over a healed-up sore or wound. भरे हुए घाव के ऊपर की पपड़ी या खुट्टी ; a contagious disease in sheep. भेड़ को होने वाला एक प्रकार का छूत का रोग ; a mean fellow. अधम मनुष्य ; a worker who persists in working when a strike has been declared by his comrades. अपने साथियों द्वारा हड़ताल कर देने पर भी काम करते रहने वाला श्रमिक ; *v. i.* अo क्रि० to form a scab. पपड़ी या खुट्टी पड़ना ।

SCABBARD, [स्कॉब्'-अर्ड], *n.* सं० the sheath of a sword or dagger. खंग (तलवार) अथवा कटार का कोष (म्यान) ।

SCABIES, [स्केंब्'-बीज्], *n.* सं० the itch. खुजली का रोग ।

SCABIOUS, [स्कॉ-बि-अस्], *adj.* सं० वि० affected with itch. खुजली से पीड़ित ;

SCABROUS, [स्कॉ'-ब्रस्], *adj.* सं० वि०

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

rough. रूक्ष ; having sharp points. पैने नोकों वाला ; rugged. ऊबड़-खाबड़ ; indecent. अश्लील ।

SCAGLIOLA, [स्कॉल्'-लि-ओ'-लॉ], *n.* सं० imitation marble. बनावटी संगमरमर ।

SCALD, [स्कॉल्ड], *n.* सं० parasitic plant. दूसरे वृक्ष पर जीवित रहने वाला एक प्रकार का पौधा ; scurf on the head. सिर पर की रूसी ।

SCALD, [स्कॉल्ड], *n.* सं० a poet in ancient Scandinavia. स्कॉन्डिनेविया देश का एक प्राचीन कवि ।

SCALD, [स्कॉल्ड], *n.* सं० an injury to the tissues caused by the heat of boiling liquid or steam. खौलते तरल पदार्थ या भाफ़ से जलने की झुलसन ; *adj.* सं० वि० mean. तुच्छ ; poor. दरिद्र ; *v. t.* स० क्रि० to injure by contact with boiling water or steam. खौलते पानी या भाफ़ से झुलसाना ; to sterlise by means of boiling water. खौलते पानी में उबाल कर स्वच्छ करना ।

SCALE, [स्केल्], *n.* सं० one of the two pans of a balance. तराज़ू का पलड़ा ; a weighing machine. तौलने का यंत्र ; **Scales** (Libra, a sign of the Zodiac). तुलाराशि ; one of the many thin plates of horny substances grown by fishes and reptiles. मछलियों तथा रेंगने वाले जन्तुओं के त्वचा के ऊपर की परत ; a film which forms over the pupil of the eye. आँख की पुतली के ऊपर पैदा होने वाला जाला ।

SCALE, [स्केल्], *n.* सं० a ladder. सीढ़ी ; a series of steps. सीढ़ियों की पंक्ति ; a system of classification. श्रेणीबद्ध व्यवस्था ; the act of storming a fortification by means of ladders. सीढ़ियों द्वारा दुर्ग पर आक्रमण ; sounds graded in succession so as to form a gamut of regular notes. वाद्य यंत्र में ध्वनियों की क्रमबद्ध व्यवस्था ; set of marks for use in measuring. नापने का चिह्न ; **On a large scale** (in a large quantity). वृहत परिमाण में ; **To hold the scales even** (to be an impartial judge). निष्पक्ष निर्णायक होना ; **To sink in the scales** (to fall to a lower rank or level). नीचे के पद या स्तर को प्राप्त होना ; **To throw sword in scale** (to back claim with arms). अधिकार स्थापित करने के लिए शस्त्र की सहायता लेना ; **To turn the scales** (to be decisive). निर्णयात्मक होना ।

SCALE, [स्केल्], *v. t.* स० क्रि० to pare off a surface. सतह छीलना ; *v. i.* अ० क्रि० to come off in thin layers. पतली परतें उखाड़ना ; to peal off. छिलका उतारना ।

SCALE, [स्केल्], *v. t.* स० क्रि० to climb up by means of a ladder. सीढ़ी द्वारा ऊपर चढ़ना ; to set in proportion. अनुपात में रखना ।

SCALENE, [स्कें'-लीन्], *n.* सं० a triangle having its sides and angles unequal. त्रिकोण जिसकी भुजाएँ तथा कोण विषम हों ; *adj.* सं० वि० having unequal sides. विषम भुजाओं वाला ।

SCALLOP, SCOLLOP, [स्कॉल्'-अप्], *n.* सं० a kind of marine shell-fish. एक प्रकार की सीप ; **Scallops** (pleats giving an undulating edge to a dress). वस्त्र की लहरियादार झालर ; *v. t.* स० क्रि० to cook in a scallop shell. इस प्रकार के कोष में पकाना ; to make wavy the edge of a dress. वस्त्र का किनारा लहरियादार बनाना ।

SCALP, [स्कालप्], *n.* सं० the hairy skin of the head. कपाल (खोपड़ी) की त्वचा तथा बाल ; *v. t.* स० क्रि० to remove the scalp with a knife. खोपड़ी की खाल को छुरी से उतारना ।

SCALPER, [स्कालप्'-एर्], *n.* सं० a surgical instrument for scraping foul bones. सड़ी हड्डी को खुरचने का शस्त्रचिकित्सा का यंत्र ; an engravers gouge. धातु इत्यादि पर खोदाई करने वालों की गोलची ।

SCAMMONY, [स्कॉम्'-ऑन्-इ], *n.* सं० an Asiatic plant yielding a gum resin used as a drastic purgative. एक प्रकार का एशिया का पौधा जिसमें से रजन निकलती है जो कि तीव्र रेचन के लिए प्रयोग में लाई जाती है ।

SCAMP, [स्कॉम्प्], *n.* सं० a lazy rogue. आलसी दुष्ट ; a michievous boy. पाजी लड़का ; mean villain. दुर्जन ; *v. t.* स० क्रि० to do job in a careless manner. असावधानी से कोई कार्य करना ।

SCAMPER, [स्कॉम्प्'-एर्], *n.* सं० a rapid run. शीघ्रता की दौड़ ; a hasty departure. अविलम्ब प्रस्थान ।

SCAN, [स्कॉन्], *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू०

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

का० Scanned). to examine critically. सूक्ष्म परीक्षा करना ; to scrutinise. सावधानी से जाँच करना ; to count the feet in a line of verse. छन्द की मात्राओं को गणना करना ; *v. i.* अ० क्रि० to be right for the metre. छन्द के लिए उपयुक्त होना ।

SCANDAL, [स्कॉन्ड्'-ऑल्], *n.* सं० outrageous gossip. अति अपमानजनक गल्प ; disgrace. कलंक ; defamation. मानहानि ; *v. t.* स० क्रि० to defame. कलंकित करना ; to asperse. निन्दा करना ।

SCANSION, [स्कॉन्'-शॉन्], *n.* सं० the process of scanning. छंद के मात्राओं की गणना करने की विधि ।

SCANSORIAL, [स्कॉन्-सॉ'-रि-ऑल्], *adj.* सं० वि० fitted for climbing. चढ़ने योग्य ; *n.* सं० a climbing bird. ऊपर चढ़ने वाली एक चिड़िया ।

SCANT, [स्कॉन्ट्], *adj.* सं० वि० few in numbers. अल्प संख्यक ; not large. थोड़ा ; insufficient. अपर्याप्त ; deficient. न्यून ; unsatisving अतृप्तकारी ; *v. t.* स० क्रि० to stint. सीमित करना, न्यून करना ; *v. i.* अ० क्रि० to become less. संकुचित होना, न्यून होना ।

SCANTLING, [स्कॉन्ट्'-लिङ्], *n.* सं० a small amount. अल्प मात्रा ; a pattern. प्रतिरूप ।

SCANTY, [स्कॉन्ट्'-इ], *adj.* सं० वि० narrow. संकुचित ; small. अल्प ; not ample. अपर्याप्त ।

SCAPE, [स्केप्], *n.* सं० escape. बचाव ; *v. t.* स० क्रि० to effect escape. बचाव करना ।

SCAPE, [स्केप्], *n.* सं० a leafless flower-stalk rising from the root. जड़ से निकला फूल के पौधे का बिना पत्तियों का डंठल ; the shaft of a feather. पर की डंडी ।

SCAPEGOAT, [स्केप्'-गोट्], *n.* सं० a person who is made to suffer for another's crimes. दूसरे के अपराधों के लिए कष्ट भोगने वाला व्यक्ति (बलिदान का बकरा) ।

SCAPEGRACE, [स्केप्'-ग्रेस्], *n.* सं० a good-for-nothing fellow. निरुपयोगी मनुष्य ; a rogue. दुष्ट ; a rascal. दुर्जन ।

SCAPULA, [स्कॉप्'-यु-लॉ], *n.* सं० (*pl.* ब० व०) the shoulder-blade. स्कन्धास्थि (कन्धे पर की हड्डी), हँसुली ।

SCAR, [स्कार्], *n.* सं० a mark left on the body by a wound. घाव का चिन्ह ; a blemish. दोष ; a steep rock. खड़ी चट्टान ; *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Scarred**) to mark with a scar. चिन्ह बनाना ; *v. i.* अ० क्रि० घाव का चिन्ह पड़ना ।

SCARAB, [स्कॉ'-रॉब्], *n.* सं० the sacred black-winged beetle of the Ancient Egyptians. प्राचीन मिश्रवासियों का पवित्र काले पंखो वाला झींगुर ।

SCARAMOUCH, [स्कॉ'-रॉ-मूश्], *n.* सं० a clown in the old comedy. प्राचीन सुखान्त नाटक का विदूषक ; a rascal and braggart. दुष्ट और घमंडी मनुष्य ।

SCARCE, [स्केअर्स्], *adj.* सं० वि० insufficient. अपर्याप्त ; deficient. न्यून ; rare. विरला ; rarely come across. दुर्लभ ; *adv.* क्रि० वि० scarcely. दुर्लभता से ; with difficulty. कठिनता से ।

SCARCITY, [स्केअर्स्'-इ-टि], *n.* सं० the quality of being scarce. दुर्लभता ; deficiency न्यूनता ; dearth. अल्पता ; famine. दुर्भिक्ष ।

SCARE, [स्केअर], *n.* सं० a panic. आतंक ; alarm caused by unfounded rumour. अकारण भय ; *v. t.* स० क्रि० to strike with sudden fright. आतंकित करना ; to terrify. भयभीत करना ; **To scare away** (to frighten away). डरा कर भगा देना ।

SCARF, [स्काफ़्], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Scarfs or Scarves**) a covering worn about the shoulders. दुपट्टा ; a length of knitted wool to be wound round the throat. ग्रीवा वस्त्र (गुलूबन्द) ; a joint to unite two pieces of timber. एक प्रकार का धरन के छोरों का जोड़ ; *v. t.* स० क्रि० to fasten by means of a scarf. धरन के छोरों को इस प्रकार जोड़ना ।

SCARIFY, [स्कॉ'-रि-फ़ाइ], *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Scarified**) to scratch or cut the skin. त्वचा को खुरचना या काटना ; to break up the soil. भूमि को तोड़ना ।

SCARLET, [स्कार्'-लेट्], *n.* सं० a bright-red colour. गहरा लाल रंग ; cloth of this colour. गहरे लाल रंग का कपड़ा ; *adj.* सं० वि० having a scarlet colour. गहरे लाल रंग का ; sinful. पापी ; **Scarlet fever** (an infectious disease marked by the pre-

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

sence of red pimples). एक प्रकार का संक्रामक रोग जिसमें शरीर पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

S CARP, [स्कार्प्], *n.* सं० the steep face of a mountain side. पहाड़ का खड़ी ढाल वाला भाग ; the interior slope of a ditch. खाई के भीतर की ढाल ; *v. t.* स० क्रि० to make a steep slope. खड़ी ढाल बनाना।

SCATHE, SCATH, [स्केद्], *n.* सं० damage. हानि ; injury. क्षति ; *v. t.* स० क्रि० to injure. हानि पहुँचाना।

SCATTER, [स्कॉट्'-एर्], *v. t.* स० क्रि० to throw loosely about. इधर उधर फैलाना ; to disperse. छितराना, बिखेरना ; *v. i.* अ० क्रि० to be dispersed. छितराजाना ; to be dissipated. बिखर जाना।

SCAVENGER, [स्कॉव्'-एन्ज्-एर्], *n.* सं० a person employed as a street cleaner. सड़कों को स्वच्छ करने वाला व्यक्ति, मेहतर।

SCENE, [सीन्], *n.* सं० the place where any event occurs. घटना स्थल ; any remarkable sight. कोई महत्वपूर्ण दृश्य, a stage. रंगभूमि, रंगमंच ; the place where anything is exhibited. स्थान जहाँ कोई वस्तु प्रदर्शित की जाय ; an incident. घटना ; a subdivision of an act. नाटक के अंक का एक दृश्य।

SCENT, [सेन्ट्], *n.* सं० fragrance. सुगंध ; odour. महक ; perfume. इत्र ; **On the scent** (on the track). खोज में ; **To put off the scent** (to deceive by false indications). धोखा देना ; **To scent out** (to discover by search). खोज कर पता लगाना ; *v. t.* स० क्रि० to smell. सूँघना ; to sense. आभास प्राप्त करना ; to sprinkle with perfume. इत्र छिड़कना।

SCEPTIC, SKEPTIC, [स्केप्'-टिक्], *n.* सं० a person who doubts the divine origins of religious principles. नास्तिक ; a philosophic doubter. संशयवादी ; *adj.* सं० वि० doubting. संशयात्मक।

SCHEDULE, [शेड्'-युल्], *n.* सं० list. तालिका ; an inventory. नामावली ; catalogue. सूचीपत्र ; *v. t.* स० क्रि० to enter in a schedule. तालिका में लिखना ; to make catalogue. सूचीपत्र बनाना ; to settle the time for an event to take place. भविष्य के कार्य के लिए समय निर्धारित करना ; **Scheduled time** (time stated in the time-table). समय तालिका में निर्धारित समय ; **Scheduled castes** (people of low castes). परिगणित जातियाँ।

SCHEME, [स्कीम्], *n.* सं० a plan. योजना ; a system. व्यवस्था ; a diagram. रूपरेखा ; a plot. षड्यंत्र, कपट प्रबन्ध ; to contrive. कपट प्रबन्ध करना ; *v. i.* अ० क्रि० to form a plan. योजना बनाना ; to intrigue. षड्यंत्र करना।

SCHISM, [सिज़्म्], *n.* सं० division in religion. धर्म भेद।

SCHIST, [शिस्ट्], *n.* सं० an igneous rock tending to split easily into layers. एक प्रकार की चट्टान जो पतली तहों में अलग हो जाती है।

SCHOLAR, [स्कॉल्'-एर्], *n.* सं० a man of learning विद्वान् पुरुष ; a pupil. छात्र (विद्यार्थी) ; a disciple. चेला।

SCHOLARSHIP, [स्कॉल्'-एर्-शिप्], *n.* सं० erudition. पांडित्य ; a high standard of specialised learning. उच्चकोटि की विशिष्ट विद्या ; a grant of money to a scholar. छात्रवृत्ति।

SCHOLASTIC, [स्कॉल्-ऑस्ट्'-इक्], *n.* सं० a teacher in a medieval university. मध्यकालीन विश्वविद्यालय का शिक्षक ; an over-subtle philosopher. अति सूक्ष्म दार्शनिक ; *adj.* सं० वि० relating to a scholar. विद्वान् ; relating to the schoolmen. सूक्ष्म दार्शनिकों संबंधी ; educational. शिक्षा संबंधी ; too subtle. अति सूक्ष्म ; academic. विश्वविद्यालय संबंधी ; **Scholastic profession** (the teaching profession). शिक्षण कार्य।

SCHOLIAST, [स्कॉल्'-इ-ऑस्ट्], *n.* सं० a writer of explanatory notes in texts. टीकाकार ; a commentator. भाष्यकार।

SCHOOL, [स्कूल], *n.* सं० a shoal of fish. मछलियों का झुंड।

SCHOOL, [स्कूल्], *n.* सं० an educational establishment विद्यालय, पाठशाला ; the pupils of a school. किसी विद्यालय के विद्यार्थी गण ; instruction. शिक्षा ; the time devoted to the attendance in the class-rooms. विद्यालय का शिक्षण काल ; the system of a master. शिक्षक की व्यवस्था ; **Boarding school** (a school in which the pupils

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

are boarded and lodged as well as taught). विद्यालय जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, रहने तथा शिक्षा देने की व्यवस्था होती है ; **Grammar School** (a school at which Latin grammar was taught). पाठशाला, जिसमें लॉटिन् भाषा की व्याकरण पढ़ाया जाता था ; **High School** (a secondary school). माध्यमिक विद्यालय ; **Higher Secondary School** (an Intermediate College). उत्तर माध्यमिक विद्यालय ; **Night School** (a school in which ignorant adults are taught at night). रात्रि पाठशाला ; **Primary School** (an elementary school). प्राथमिक शिक्षा की पाठशाला ; *v. t.* स० क्रि० to educate. शिक्षा देना ; to instruct. अध्ययन कराना ; to train a horse in jumping. घोड़े को उछलना सिखाना ।

SCHOONER, SCOONER, [स्कू'-नर्], *n.* सं० a small sailing vessel fitted with two or more masts. दो या दो से अधिक मस्तूलों वाला छोटा पोत ।

SCIAGRAPHY, [सी'-एं-ग्रॉफ़ी], *n.* सं० the art of delineating shadows in picture. चित्रों में छाया दरसाने की कला ; the art of finding the hour by the shadows of the sun or moon. सूर्य अथवा चन्द्रमा की छाया द्वारा समय ज्ञान करने की कला ; *X*-ray photography. क्ष-किरण द्वारा चित्र उतारने का कार्य ।

SCIATIC, [सी-ऑट्'-इक्], *adj.* सं० वि० relating to the hip. कूल्हा संबंधी ।

SCIENCE, [साइ'-एन्स्], *n.* सं० organised knowledge. विज्ञान ; knowledge. विद्या ; **Applied science** (knowledge adapted for use in industry). उद्योग में प्रयोग होने वाला विज्ञान ; **Natural science** (Biology, Botany, Geology and Zoology). जीवशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भूगर्भ विद्या तथा प्राणिशास्त्र ; **Physical science** (Astronomy, Chemistry, electricity and mechanics). खगोल विद्या, रसायन शास्त्र, विद्युत शास्त्र तथा यन्त्र शास्त्र ।

SCILICET, [साई'-लि-सेट्], *adv.* क्रि० वि० (abbr. सु० रू० sc.)namely, viz. अर्थात् ।

SCIMITAR, CIMETER, [सिम्'-इट्-ऑर्], *n.* सं० a short curved sword with a single cutting edge. छोटी टेढ़ी कृपाण ।

SCINTILLATE, [सिन्'-टिल्-एट्], *v. i.* अ० क्रि० to glitter. जगमगाना ; to emit sparks. चिनगारी फेंकना ; to gleam. चमकना ; to shine in company. मित्र मंडली में आकर्षक होना ।

SCIOLISM, [सी'-ओलिज़्म्], *n.* सं० pretentious wisdom. दिखावटी बुद्धिमानी ; superficial knowledge. अगाढ़ा अथवा अल्पज्ञान ।

SCION, [सी'-ऑन्], *n.* सं० a young shoot of a tree. वृक्ष की छोटी शाखा ; a descendant. सन्तान ।

SCISSORS, [सिज़्-एर्ज़्], *n.* सं० (*pl.* ब०व०) a small cutting tool consisting of two blades fixed at a pivot. कैंची, कतरनी

Buttonhole scissors (scissors for cutting holes for buttons in a garment). वस्त्र में बटन का काज काटने वाली कैंची ; **Lamp scissors** (scissors for trimming wicks of lamps). लम्प की बत्ती काटने की कैंची ; **Nail scissors** (scissors of special shape for trimming nails). नख काटने की विशिष्ट रूप की कैंची ।

SCLEROTIC, [स्क्लेर्-ऑट्'-इक्], *n.* सं० the firm white outer coat of the eye. आँख का कड़ा श्वेत भाग ; *adj.* सं० वि० hard and dry. कड़ा और सूखा ; affected by sclerosis. तन्तुओं के कड़े पड़ने से ग्रसित ।

SCOFF, [स्कॉफ़्], *n.* सं० an expression of scorn. तिरस्कार का शब्द ; a gibe. ताना ; an object of contempt. घृणा की वस्तु ; a butt for ridicule. उपहास की वस्तु ; *v. t.* स० क्रि० to treat with scorn. तिरस्कार करना ; to redicule. उपहास करना ; *v. i.* अ० क्रि० to manifest contempt. घृणा प्रकट करना ।

SCOLD, [स्कोल्ड्], *n.* सं० a nagging woman who uses abusive language. गाली का प्रयोग करने वाली कर्कशा स्त्री ; *v. i.* अ० क्रि० to find fault with. दोष निकालना ; to rail with rude clamour. गाली गलौज करना ; *v. t.* स० क्रि० to chide with rudeness and clamour. अशिष्टता तथा कोलाहल के साथ झिड़कना ; to rate. गाली देना ।

SCONCE, [स्कॉन्स्], *n.* सं० a cover. रक्षा स्थान ; a fort. गढ़ ; the head. शिर ;

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

bracket candlestick to hang on wall. भीत पर लगाने की मोमबत्ती ; judgment. निर्णय ; discretion. विवेक ; fine for breach of discipline. अनुशासन भंग करने पर आर्थिक दण्ड ; *v. t.* सo क्रि० to fortify. गढ़ बना कर दृढ़ करना ; to impose fine. आर्थिक दण्ड देना ।

SCONE, [स्कोन्], *n.* सं० a plain soft cake of wheat or barley flour. गेहूँ या जव की सादी कोमल रोटी ।

SCOOP, [स्कूप्], *n.* सं० a ladle with a shallow bowl. बड़ा करछुल ; the act of using a scoop. करछुल का प्रयोग ; a profitable piece of good luck. सौभाग्य की लाभकर वस्तु ; an exclusive item of news for newspaper publication. समाचार पत्र में छपने की समाचार सामग्री ; *v. t.* सo क्रि० to bail out by means of a scoop. बड़े करछुल से निकाल कर देना ; to make hollow. खोखला करना ; to dig out. खोदना ; to win. विजय प्राप्त करना ; to scose over. दूसरों से आगे बढ जाना ।

SCOOT, [स्कूट्], *v. i.* अo क्रि० to run away hutriedly. दौड़कर भाग जाना ।

SCOOTER, [स्कूट्'-एर्], *n.* सं० a kind of low bicycle used by children. बच्चों की एक प्रकार की नीची द्विचक्री (साइकिल) ; **Motor scooter** (similar machine driven by motor). इसी प्रकार की स्वयं-चालित द्विचक्री (साइकिल) ।

SCOPE, [स्कोप्], *n.* सं० range. विस्तार ; area. क्षेत्र ; aim. लक्ष्य ; intention. अभिप्राय ; room. स्थान : range of capacity. समा सकने की सीमा ; length. लंबाई ।

SCOPE, [स्को'प्], *suf.* in the sense of 'watcher' or 'an instrument for observing or showing'. 'निरीक्षक' अथवा 'देखने वा दिखाने का साधन' अर्थ का प्रत्यय ।

SCORBUTIC, [स्कॉर्-ब्यू'-टिक्], *adj.* सं० वि० pertaining to scurvy. रक्तातिसार रोग संबंधी ; affected by scurvy. रक्तातिसार रोग से पीड़ित ।

SCORCH, [स्कॉर्च्], *n.* सं० a burn made by scorching. झुलसन ; a ride of a cycle or motor-cycle at top speed. द्विचक्री (साइकिल) या स्वतः चालित द्विचक्री (मोटर साइकिल) की तीव्रतम गति से दौड़ ; **Scorched earth policy** (the method of abandoning one's territory by a combatant after making it useless to the attacking force). लड़ने वाले का अपनी भूमि को नष्ट कर त्याग देने की रीति जिसमें वह भूमि आक्रमणकारी सेना के उपयोग में न आसके, घर फूंक नीति ।

SCORCH, [स्कॉर्च्], *v. t.* सo क्रि० to burn superficially. केवल बाहरी आवरण जलाना (झुलसाना) ; to affect painfully with heat. गर्मी से पीड़ित होना ; to ride at top speed. अति तीव्र गति से दौड़ाना ; *v. i.* अo क्रि० to become scorched. झुलसना ।

SCORE, [स्कोर्], *n.* सं० a notch. छिद्र ; an incision. फटन , a cut. कटन ; a line drawn. खींची हुई रेखा ; a reckoning. गणना ; reason. कारण ; sake. वास्ते ; a number of runs in cricket made by a single batsmen or by a side. बल्लेबाजी के खेल में एक बल्लेबाज अथवा एक पाली द्वारा बनाया हुआ 'रन' ; the number twenty. बीस की संख्या, कोड़ी ; *v. t.* सo क्रि० to notch. छिद्र करना ; to cut. काटना ; to engrave. खुदाई करना ; to mark by a line. रेखा द्वारा अंकित करना ; to make a score in games. खेलों में 'रन' या गोल बनाना ; to enter in an account. गणनापत्र में लिखना ; *v. i.* अo क्रि० to reap an advantage. लाभ प्राप्त करना ; **On that score** (so far as that matter is concerned). जहाँ तक उस विषय से संबंध है ; **To go off at score** (to start off vigorously). उत्साह से प्रारंभ करना ; **To pay off old scores** (to punish a person for past offence). पहिले के अपराध के लिए किसी को दंड देना ; **Score-book** (a book in which cricket-scores are entered). बल्लेबाजी के खेल में 'रनों' को अंकित करने की पुस्तिका ; **To keep score** (to register it as it is made). समय पर पंजीकृत करना ; **To score out words** (to draw a line through written words). लिखे हुए शब्दों को काटना ; **To score under** (to underline). रेखांकित करना ; **Scores of people** (a large number of people). अधिक संख्या में मनुष्य लोग; **To pay one's score** (to settle reckoning). गणना ठीक करना ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SCORIA, [स्कॉ'-रि-आ], *n.* सं० (*pl.* व० व० **Scoriae**) dross. मंडूर, मलिन भाग; the refuse of metals in fusion. धातुओं को गलाने पर निकला हुआ निकृष्ट अंश; (*pl.* व० व०) volcanic ashes. ज्वालामुखी से निकली हुई राख।

SCORN, [स्कॉर्न], *n.* सं० extreme contempt. अति घृणा; derision. तिरस्कार; an object of contempt. घृणा की वस्तु; to hold in contempt. तिरस्कार करना; to hold up to mockery. उपहास करना; to treat disdainfully. घृणा का व्यवहार करना; **To laugh to scorn** (to deride). हँसी उड़ाना।

SCOT, [स्कॉट्], *n.* सं० a tax. कर; a native of Scotland. स्कॉटलैंड देश का निवासी।

SCOTCH, [स्कॉच्], *n.* सं० a kind of whisky distilled in Scotland. स्कॉटलैंड देश में बनी एक प्रकार की मदिरा; the language of Scotland. स्कॉटलैंड की भाषा; the natives of Scotland. स्कॉटलैंड देश के निवासी लोग; a shallow incision. छिछली फाँक; *adj.* सं० वि० pertaining to Scotland. स्कॉटलैंड संबंधी; *v. t.* स० क्रि० to kill. हत्या करना; to give a superficial wound. साधारण चोट पहुँचाना; to stop. रोकना।

SCOTS, [स्कॉट्स्], *n.* सं० (*pl.* व० व०) the race who emigrated from Ireland and invaded the west of Scotland. वह जाति जिसने आयरलैंड से आकर पश्चिमी स्कॉटलैंड पर आक्रमण किया था; *adj.* सं० वि० relating to Scotland. स्कॉटलैंड संबंधी।

SCOUNDREL, [स्काउन्'-ड्रेल्], *n.* सं० a rascal. दुष्ट; a villain. दुर्जन; *adj.* सं० वि० mean. नीच; unprincipled. सिद्धान्तहीन।

SCOUR, [स्काउर], *n.* सं० a cleaning. स्वच्छ करने की क्रिया; a swift deep current. तीव्र गति से बहने वाली गहरी नदी; *v. t.* स० क्रि० to clean by rubbing. रगड़कर स्वच्छ करना (मांजना); to rub bright. रगड़ कर चमकाना; *v. i.* अ० क्रि० to clean. स्वच्छ होना; to be purged to excess. अति निर्मल होना।

SCOUR, [स्काउर्], *v. t.* स० क्रि० to search through thoroughly. पूर्ण रूप से किसी वस्तु की खोज करना; *v. i.* अ० क्रि० to run about in search of food. भोजन की खोज में इधर-उधर दौड़ना।

SCOURGE, [स्कर्ज्], *n.* सं० an instrument for flogging. कोड़ा; a whip. चाबुक; a drastic punishment. कठोर दण्ड; an evil pest. महामारी; *v. t.* स० क्रि० to flog severely. कठोरता से कोड़े लगाना; to punish with severity. कठोरता से दण्ड देना; to afflict greatly. अति पीड़ित करना; to oppress. अत्याचार करना; **The white scourge** (consumption). क्षय रोग।

SCOUT, [स्काउट्], *n.* सं० a man sent ahead to spy on enemy movements. शत्रु की बातों का भेद लगाने वाला आगे भेजा हुआ मनुष्य, भेदिया; a college servant. महाविद्यालय का सेवक (नौकर); a small fast one-seated aeroplane. छोटा तीव्र गति का एक मनुष्य के बैठने वाला वायुयान; a flat-bottomed river boat. चौड़ी पेंदी वाली नाव; *v. i.* अ० क्रि० to act as a scout. भेदिया का काम करना; *v. t.* स० क्रि० to treat with scorn. तिरस्कार करना; **Boy scout** (a member of an organisation for the development of manliness and self-reliance in boys). बालचर।

SCOW, [स्काउ], *n.* सं० a large flat-botomed boat. बड़ी चौड़ी पेंदी वाली नाव।

SCOWL, [स्काउल्], *n.* सं० a frowning displeased look. भृकुटी चढ़ी हुई क्रोधित मुखाकृत; an angry frown. क्रोधभरी भृकुटी; *v. i.* अ० क्रि० to frown. भृकुटी चढ़ाना; to look angry. क्रोधित दिखाई पड़ना; *v. t.* स० क्रि० to drive with a frown. भृकुटी चढ़ाकर हटाना।

SCRABBLE, [स्क्रॉब्ल्], *v. t.* स० क्रि० to mark with irregular lines. खरोचना; *v. i.* अ० क्रि० to make irregular marks. टेढ़ी मेढ़ी लकीर बनाना।

SCRAG, [स्क्रॉग्], *n.* सं० a lean person. दुर्बल व्यक्ति; a thin object. पतली वस्तु; a crooked branch. टेढ़ी शाखा; *v. t.* स० क्रि० to throttle. गर्दन घोंटना; to hang. फाँसी पर लटकाना; to twist the neck of. गर्दन ऐंठना।

SCRAMBLE, [स्क्रॉम्ब्ल्], *n.* सं० the act of climbing over rough ground using both arms and legs. दोनों हाथों और पैरों से असमतल भूमिपर चढ़ने का कार्य; a friendly struggle for something. छीना झपटी; *v. i.*

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

स० क्रि० to climb by catchhold with the hands. हाथों की सहायता से चढ़ना ; to catch eagerly at anything. किसी वस्तु को उत्सुकता से पकड़ना ।

SCRAN, [स्क्रॉन्], *n.* सं० food. भोजन सामग्री ।

SCRAP, [स्क्रॉप्], *n.* सं० a small piece. छोटा टुकड़ा ; a very small portion of food. भोजन का अति अल्प अंश ; refuse. कूड़ा कर्कट ; a piece of waste metal. निरर्थक धातु का खंड ; a fight. विग्रह ; a scuffle. छीना-झपटी ; **Not to care a scrap** (to be quite indifferent). पूर्णरूप से उदासीन रहना ; *v. t.* स० क्रि० to discard. उपेक्षा करना ; to throw away as useless. निरर्थक समझकर फेंक देना ; to destroy. नष्ट करना ; *v. i.* अ० क्रि० to fight. लड़ना ।

SCRAPE, [स्क्रेप], *n.* सं० a scratch. खुरचना ; a rubbing. रगड़ ; thin layer. पतली परत ; a difficulty. कठिनाई ; perplexity. व्यग्रता ; *v. t.* स० क्रि० to clean by scraping. खुरच कर स्वच्छ करना ; to abrade. घिसना ; to injure. हानि पहुँचाना ; to save money laboriously. परिश्रम से धन संचित करना ; *v. i.* अ० क्रि० to make a harsh noise. कर्कश ध्वनि करना ; to play awkwardly on the violin. भद्दा बेला बजाना ; **To scrape acquaintance with** (to get to know some one slightly). किसी से थोड़ा परिचय प्राप्त करना ; **To scrape one's chin** (to shave). क्षौर करना ; **To scrape one's boots** (to remove dirt from the soles of shoes). जूते के तल्ले की धूल हटाना ; **To scrape one's plate** (to leave no food on one's plate). थाली में भोजन का कुछ भी अंश न छोड़ना ; **To scrape through** (to manage to escape from a difficult situation). कठिन परिस्थिति से बच निकलना ; **Scrape penny** (a miser). कृपण मनुष्य (कंजूस) ।

SCRATCH. [स्क्रॉच्], *n.* सं० the act of scratching. खुरचने का कार्य ; a tear. फटन ; a slight wound on the nails. नखों की छिलोर ; the official mark from which a race is started. अधिकारी चिन्ह जहाँ से दौड़ आरम्भ की जाती है ; a wig. कृत्रिम बाल की टोपी ; the test. प्रतियोगिता ; **To play from scratch** (to play without handicap). बिना अवरोध के खेलना ; **To come up to scratch** (to meet requirements). आवश्यकताओं की पूर्ति करना ; *adj.* सं० वि० collected at random. एकाएक एकत्र किया हुआ ; to mark by drawing something sharp over a surface. किसी सतह के ऊपर किसी पैने अस्त्र से चिन्ह बनाना ; to tear with the finger nails. नख से खुजलाना ; **To scratch out** (to delete). लिखावट को काट देना ।

SCRAWL, [स्क्रॉल्], *n.* सं० a piece of hasty bad handwriting. शीघ्रता की अस्पष्ट लिखावट ; a poor piece of literature. निम्न श्रेणी की रचना ; *v. t.* स० क्रि० to write badly. घसीट लिखना ; to draw awkwardly and irregularly. टेढ़ी मेढ़ी तथा क्रम रहित रेखायें खींचना ; *v. i.* अ० क्रि० to scribble. घसीटना ।

SCREAM, [स्क्रीम्], *n.* सं० a sudden, loud, shrill cry. चिल्लाहट ; a shrick. चिग्घाड़ ; an object of mirth. प्रमोद की वस्तु ; *v. i.* अ० क्रि० to utter a harsh piercing cry. चीखना ; to laugh uncontrollably. ठहाका मार के हँसना ; to whistle. सीटी बजाना ।

SCREE, [स्क्री], *n.* सं० a steep slope covered with small loose stones. छोटे-छोटे पत्थरों से ढँकी हुई पहाड़ की खड़ी ढाल ।

SCREECH, [स्क्रीच्], *n.* सं० a short loud scream. चिल्लाहट ; a shrill piercing cry. चीख ; *v. i.* अ० क्रि० to cry out with a shrill voice. चीख मारना ।

SCREEN, [स्क्रीन], *n.* सं० a device to provide shelter. रक्षा करने वाला साधन ; a curtain. पर्दा ; a wooden partition. लकड़ी की टट्टी ; a large sheet upon which cinematograph or magic-lantern pictures are projected. बड़ा पर्दा जिसपर छायाचित्र या मैजिक लालटेन का चित्र दिखलाया जाता हो ; a coarse sieve. बड़ी चलनी ; a person who acts for a higher authority. उच्च अधिकारी के लिये कार्य करने वाला व्यक्ति ; the motion-picture industry. चल-चित्र उद्योग ; *v. t.* स० क्रि० to give protection by means of a screen. पर्दे के द्वारा रक्षा करना ; to project on to a screen. पर्दे पर चल-चित्र दिखलाना ; to convert into a film. चल-चित्र बनाना ; **To screen off** (to shut off) पृथक करना ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SCREW, [स्क्रू], *n.* सं० a cylindrical shaft of metal with a spiral groove used for fastening wood or metal. पेंच ; the action of screwing. पेंच कसने का काम ; a miser. कृपण व्यक्ति (कंजूस) ; a worn-out horse. बुड्ढा घोड़ा ; a jail-warden. बंदीगृह का रक्षक ; wages. पारिश्रमिक ; salary. वेतन ; **To have a loose screw** (to be slightly mentally deficient). अल्प बुद्धि वाला व्यक्ति ; *v. t.* स० क्रि० to fasten by means of a screw. पेंच द्वारा जोड़ना ; to twist. ऐंठना ; to distorn. विकृत करना ; to press. कसना ; *v. i.* अ० क्रि० to function as a screw. पेंच की तरह कार्य करना : **To have one's head screwed on the right way** (to have plenty of common sense). प्रचुर मात्रा में बुद्धि होना ; **To put the screw on** (to exert pressure in the way of extortion). रुपया ऐंठने के लिये दबाव डालना ; **Archimedean screw** (endless screw). किसी पहिये को निरन्तर घुमाने वाली पेंच।

SCRIBBLE, [स्क्रिब्ल्], *n.* सं० hastily and indistinctly written hand-writing. शीघ्रता से अस्पष्ट लिखा हुआ लेख ; writing of no value. मूल्यहीन रचना ; *v. t.* स० क्रि० to write hastily and indistinctly. शीघ्रता से अस्पष्ट लिखना ; to fill with worthless writing. निरर्थक लेख लिखना ; *v. i.* अ० क्रि० to scrawl. घसीट लिखना।

SCRIBE, [स्क्राइब्], *n.* सं० a writer. लेखक ; a clerk. लिपिकार ; *v. t.* स० क्रि० to score a line by means of a sharp metal point. धातु के नोकदार अस्त्र से रेखा खींचना ; *v. i.* अ० क्रि० to act as a scribe. लिपिकार की तरह कार्य करना।

SCRIMMAGE, SCRUMMAGE, [स्क्रिम्'-एज्], *n.* सं० a close, confused struggle. हाथापाई ; a brawl. दंगा ; a tussle. झगड़ा।

SCRIMP, [स्क्रिम्प्], *n.* सं० a miser. कृपण (कंजूस); *adj.* सं० वि० scanty. न्यून ; narrow. संकुचित ; *v. t.* स० क्रि० to reduce. अल्प करना ; to shorten. न्यून करना।

SCRIP, [स्क्रिप्], *n.* सं० A small bag. छोटा झोला ; a leather wallet. चमड़े का बैग ; a brief piece of writing. अल्प लेख ; a certificate. प्रमाणपत्र ; a certificate of shares in a joint-stock company. संयुक्त व्यापारिक संस्था के विभाग का प्रमाण-पत्र।

SCRIPT, [स्क्रिप्ट्], *n.* सं० type in the form of written letters. हाथ से लिखे अक्षरों के रूप का मुद्राक्षर (छापे का टाइप) ; handwriting. हस्तलिपि ; manuscript. हस्तलिखित पुस्तक ; type-script. टंकण-लिपि : the text of a play. नाटक का मूल ग्रंथ।

SCRIPTURE, [स्क्रिप्'-चर्], *n.* सं० any manuscript of holy writings. धर्म पुस्तक, वेद ; the Bible. इंजील, बाईबल।

SCRIVENER, [स्क्रिव्'ण्न्-एर्], *n.* सं० a person who drafts legal contracts. नियम-पत्र (सट्टा) लिखने वाला ; a moneybroker. ऋण की व्यवस्था करने वाला दलाल।

SCROFULA, [स्क्रॉफ्'-यु-लॉ], *n.* सं० the formation and deposition of tubercle in the lymphatic glands. गण्डमाला रोग।

SCROLL, [स्क्रोल्], *n.* सं० a roll of paper or parchment. गोल लपेटे हुए कागज या चर्म-पत्र का मुट्ठा ; an architectural ornament. घर का शोभन ; a list. सूचीपत्र ; a tracery or ribbon in spiral form. भवन में घूमे हुए पट्टे की खोदाई ; *v. t.* & *i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to curl up like paper. कागज की तरह ऐंठना ; **Scroll-lathe** (a lathe for spiral work). घुमौदा काटने का खराद।

SCROTUM, [स्क्रो'टम्], *n.* सं० (*pl.* बo वo **Scrota**) the bag of skin which contains the testicles. अण्डकोष।

SCROUNGE, [स्क्राउन्ज्], *v. t.* स० क्रि० to appropriate things belonging to others. दूसरों की वस्तुओं को रख लेना : *v. i.* अ० क्रि० to acquire in this way. इस प्रकार प्राप्त करना।

SCRUB, [स्क्रब्], *n.* सं० the act of scrubbing. रगड़ने का कार्य ; a person who labours hard and lives meanly. कठिन परिश्रम करने तथा दरिद्रता से रहने वाला व्यक्ति ; *v. t.* स० क्रि० to clean by rubbing hard with a brush. कूची से रगड़ कर स्वच्छ करना ; to brighten by vigorous rubbing with something hard. किसी कड़ी वस्तु से शक्ति के साथ रगड़कर चमकाना ; *v. i.* अ० क्रि० to be diligent and penurious. परिश्रमी तथा निर्धन होना।

SCRUFF, [स्क्रफ्], *n.* सं० the back of the

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

neck. गदन का पिछला भाग।

SCRUM, [स्कम्], *n.* सं० a scrummage. हाथापाई, झगड़ा।

SCRUMPTIOUS, [स्कम्प्'-शस्], *adj.* सं० वि० pleasing. आनन्ददायक; delightful. हर्षजनक।

SCRUPLE, [स्क्रू'-पल्], *n.* सं० a weight of twenty grains. बीस ग्रेन की तौल (प्रायः एक माशा); a very small quantity. अति अल्प परिमाण; hesitation. द्विविधा; doubt. संशय; *v. t.* स० क्रि० to doubt. संशय करना; to hesitate to believe. विश्वास करने में अत्मजस होना; *v. i.* अ० क्रि० to have doubts. संशय होना।

SCRUTATOR, [स्क्रूट्-ए'-टॉर्], *n.* सं० one who scrutinises. सूक्ष्म परीक्षण करने वाला; an examiner. परीक्षक।

SCRUTINEER, [स्क्रूट्'-इन्-ईअर्], *n.* सं० one who scrutinises ballat papers. निर्वाचन पत्रों का अन्वेषण करने वाला।

SCRUTINISE, [स्क्रूट्'-इन्-आइज़्], *v. i.* अ० क्रि० to search closely. सूक्ष्म अनुसंधान करना; to examine minutely. सूक्ष्म परीक्षण करना।

SCRUTINY, [स्क्रूट्'-इन्-इ], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Scrutinies**) close search. अनुसंधान; critical investigation. पर्यवेक्षण; minute inquiry. सूक्ष्म परीक्षण; an examination of the notes given at an election. निर्वाचन के मतदान पत्रों का परीक्षण।

SCUD, [स्कड्], *n.* सं० a swift running given impetus by a strong wind. हवा के झोंके दौड़ना; a mass of rain-laden clouds driven along the winds. जल-पूर्ण बादल जो हवा के झोंके से आगे बढ़ रहा हो; *v. i.* अ० क्रि० to run quickly. वेग से दौड़ना; to run before the wind. वायु की दिशा में भागना।

SCUFFLE, [स्कफ़्ल्], *n.* सं० a hand-to-hand fight. हाथापाई; a confused fight उपद्रव; *v. i.* अ० क्रि० to struggle. झगड़ा करना; to engage in a hand-to-hand fight. हाथापाई करना।

SCULL, [स्कल], *n.* सं० a light one-hand- ed oar. एक हाथ से चलाने वाला अल्पभार का



डाँड़ा; a light boat for sculling in. ऐसे डाँड़े से चलाने वाली छोटी नाव; *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to row a boat by means of a scull. ऐसे डाँड़े से नाव खेना।

SCULLERY, [स्कल्'-एर्-इ], *n.* सं० the room adjoining the kitchen in which dishes and other utensils are washed. रसोईघर से सटी कोठरी जिसमें थालियाँ तथा दूसरे पात्र माँजे जाते हैं।

SCULLION, [स्कल'-इ-ऑन्], *n.* सं० a person employed for washing kitchen, utensils. रसोई के पात्रों को माँजने वाला।

SCULPTOR, [स्कल्प्'-टॉर्], *n.* सं० a carver of wood or stone. लकड़ी या पत्थर पर खुदाई करने वाला; an engraver. मूर्तिकार।

SCULPTURE, [स्कल्प्'-चेर्], *n.* सं० the art of carving wood or stone into any designed form. मूर्ति कला; *v. t.* स० क्रि० to carve. मूर्ति बनाना; *v. i.* अ० क्रि० to be a sculpture. मूर्तिकार होना।

SCUM, [स्कम्], *n.* सं० the impurities which rise to the surface of liquids in boiling or fermentation. झाग; the refuse. मैल; that which is worthless. निरर्थक वस्तु; *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **scummed**) to skim off the scum. झाग या मैल हटाना।

SCUPPER, [स्कप्'-एर्], *n.* सं० the channel cut through the sides of a ship for carrying off the water. पोत के छत पर का पानी बहाने की नाली; *v. t.* स० क्रि० to cut holes for emergency draining in a ship's side आकस्मिक आवश्यकता पर पोत के पार्श्व में पानी निकालने के लिये नाली काटना; surprise and massacre. चकित करना तथा हत्या करना; to sink a ship. पोत को डुबाना।

SCURF, [स्कर्फ़्], *n.* सं० a small dry bits of skin which flake off a scalp in bad condition. शुष्क चर्म (रूसी); dandruff. जोर्याँ; anything adhering to the surface पपड़ा।

SCURRILOUS, [स्क्'-रिल्-अस], *adj.* सं० वि० containing low indecency. अश्लीलता युक्त; foul. नीच; abusive. दुर्वचन कहने वाला।

SCURRY, [स्क्'-रि], *n.* सं० a hasty running movement. वेग की दौड़; a short race

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

between horses. थोड़ी दूर की घुड़दौड़; *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Scurried**) hurry along with long short steps. वेग से दौड़ना।

SCURVY, [स्कर्व'-इ-], *n.* सं० a disease due to the lack of fresh fruit and vegetables. हरे फलों तथा तरकारियों के न खाने से उत्पन्न एक रक्त रोग ; *adj.* सं० वि० suffering from scurvy. ऐसे रक्त रोग से पीड़ित ; mean. नीच ; contemptible. कुत्सित ; shabby. भद्दा।

SCUT, [स्कट्], *n.* सं० the short tail of a hare. खरहा की छोटी पूँछ।

SCUTCHEON, [स्कच्'-अन्], *n.* सं० a plate for name or inscription. नाम या लेख खोद कर लिखने का धातु का पत्र ; the ornamental plate protecting a keyhole. ताले में चाभी लगाने के छेद की रक्षा करने वाला धातु का पत्र।

SCUTTLE, [स्कट्ल], *n.* सं० a broad shallow basket. खँचिया, छिछली टोकरी ; a metal receptacle for holding coals. कोयला रखने का धातु का पात्र ; a small opening with a hinged cover in a wall or roof. दीवाल या छत का झरोखा जिसमें कब्जेदार ढक्कन लगा हो ; a trapdoor. चोर दर्वाजा ; a quick pace with short steps. तीव्र गति ; *v. t.* स० क्रि० to sink a ship by making holes in its hull. पोत को उसके पेंदे में छेदकर डुबाना ; *v. i.* अ० क्रि० to run off in a hasty manner. भाग जाना।

SCYTHE, [साइद्], *n.* सं० an agricultural implement with a curved blade for mowing grass and cutting grain. घास या अनाज काटने की हँसिया ; *v. t.* स० क्रि० to cut with a scythe. हँसिया से काटना ; *v. i.* अ० क्रि० to hand a scythe. हँसिया का प्रयोग करना।

SEA, [सी], *n.* सं० the body of salt water covering the major part of the earth's surface. समुद्र ; the ocean. सागर ; a wave. समुद्र की लहर ; a great expanse of anything. किसी वस्तु का विशाल समूह ; **At sea** (out of sight of land, perplexed). स्थल से ओझल, विक्षिप्त ; **To go to sea** (to become a sailor). नाविक बनना ; **SEA FISH,** [सी'-फिश्] *n.* सं० fish living in the sea. समुद्री मछली।



SEA-HORSE, [सी'-हॉर्स], *n.* सं० the walrus. सूअस ; the hippopotamus. समुद्री घोड़ा।

SEAL, [सील्], *n.* सं० a device stamped on wax by an engraved die. लाह पर लगी हुई मुद्रा ; the die for this purpose. मुद्रा लगाने का साधन ; a token of genuineness. यथार्थता (सत्यता) का चिन्ह ; something securing secrecy. गुप्त रखने वाली वस्तु ; that which closes. बंद करने वाली वस्तु ; *v. t.* स० क्रि० to mark with seal. मुद्रा या छापा लगाना ; to close with a seal. मुद्रा लगा कर बंद करना ; to utterly shut up from any access. आने का मार्ग पूर्ण रूप से बंद कर देना ; to confirm. दृढ़ करना।

SEAM, [सीम्], *n.* सं० a join where two pieces of material are sewn together. वस्त्र की सीवन ; a junction where two boards are caulked together. दो लकड़ी के पटरों का जोड़ ; a scar. चोट का चिन्ह ; a thin layer between two thicker strata. दो मोटी चट्टानों की तह के बीच की पतली तह ; *v. t.* स० क्रि० to join with a seam. सीना ; to unite. जोड़ना ; to mark. चिन्हित करना।

SEAR, SERE, [सीएर्], *adj.* सं० वि० withered. मुर्झाया हुआ ; shrivelled. सिकुड़ा हुआ ; dry सूखा।

SEAR, [सीएर्], *v. t.* स० क्रि० to dry up. सुखाना ; to cause to wither. मुरझा देना ; to scorch. झुलसाना।

SEARCH, [सर्च], *n.* सं० the act of searching. खोज ; an inquiry. अनुसंधान ; the quest of a thing. किसी वस्तु को ढूँढ़ना ; *v. t.* स० क्रि० to explore. अन्वेषण करना ; to examine. परीक्षा करना ; to make enquiry. अनुसंधान करना ; *v. i.* अ० क्रि० to seek. खोज करना ; to look for. पता लगाना ; **To search out** (to investigate). अनुसंधान करना।

SEASON, [सीज़'-मॉन्], *n.* सं० one of the four seasons of the year. ऋतु ; suitable time. उचित समय ; the appointed time. स्थिर किया हुआ समय ; a period of time. कुछ समय ; **SEASON-TICKET,** [सीज़'न्-टिकट्] *n.* सं० a ticket for a season. ऋतु भर के लिए टिकट ; a ticket for a number of journeys. कई यात्राओं के लिए टिकट।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

To be in season (to be in good time). उचित समय में होना ; **To be out of season** (to be too late). अति विलंब करना ; **In season and out of season** (at all times). सर्वदा, सब समय में ; **Season ticket** (a ticket for a certain period irrespective of journeys). रेलवे इत्यादि का एक नियत काल के लिये टिकट जिसमें व्यक्ति अवधि के अंदर जितनी बार चाहे यात्रा कर सकता है ।

SEASON, [सीज़्'-ऑन्], *v. t.* सo क्रि० to render mature. परिपक्व करना ; to make fit for some use. किसी उपयोग के योग्य बनाना ; to accustom. अभ्यस्त करना ; to spice food. भोजन को मसालेदार बनाना ; to give a relish to. स्वादिष्ट बनाना ; to render more agreeable. अधिक रुचिकर बनाना ; *v. i.* अ० क्रि० to become mature. परिपक्व होना ; to become seasoned. स्वादिष्ट होना ।

SEAT, [सीट्], *n.* सं० that which is sat upon. जिस पर बैठा जावे ; that which is made to be sat upon. कुर्सी ; space in which one may sit down. बैठने का स्थान ; sitting accommodation for a specific time, place and occasion. किसी विशिष्ट समय, स्थान तथा अवसर पर बैठने का अधिकार ; membership of a body. किसी संस्था का सदस्य ; the location of a thing. किसी वस्तु की स्थिति ; residence. निवास ; throne. राज सिंहासन ; the principal residence of a dignitary. किसी अधिकारी का प्रधान निवास स्थान ; *v. t.* सo क्रि० to place on a seat. बैठने के स्थान पर रखना ; to cause to sit down. बैठना ; to fix in a place. किसी स्थान पर स्थित करना ; to provide with seats. बैठने की व्यवस्था करना ।

SEBACEOUS, [सेब्-ए'-शस्], *adj.* सं० वि० containing fat. वसायुक्त ।

SECANT, [सीक्'-ऑन्ट्], *n.* सo a cutting line. काटने वाली रेखा ; *adj.* सं० वि० cutting. काटने वाली ।

SECATEURS, [सेक्'-ऑट्-एर्ज़्], *n.* सं० a pair of clippers employed to prune shrubs, etc. झाड़ियों इत्यादि को छाँटने की कैंची ।

SECCOTINE, [सेक्'-कॉ-टीन्], *n.* सं० a liquid glue. एक प्रकार का सरेस ; *v. t.* सo क्रि० to stick with this glue. एक प्रकार के सरेस से जोड़ना ।

SECEDE, [सि-सीड्], *v. i.* अ० क्रि० to withdraw from an association. किसी संस्था से पृथक होना ; to separate one's self. अपने को अलग करना ।

SECESSION, [सि-सेश्'-ऑन्], *n.* सं० the act of seceding. परित्याग ।

SECLUDE, [सि-क्लुड्], *v. t.* सo क्रि० to separate from society and keep apart for a time. समाज से हटा कर कुछ काल के लिये पृथक रखना ; to shut up apart. अलग बंद रखना ।

SECOND, [सेक्'-ऑन्ड्], *n.* सं० the sixtieth part of a minute. मिनट का साठवाँ भाग ; a very short period of time. अति अल्प काल ।

SECOND, [सेक्' - ऑन्ड्], *n.* सं० a supporter in a duel. द्वन्द युद्ध में सहायक ; a second class. द्वितीय श्रेणी की उपाधि ; the competitor nearest to the winner in a contest. प्रतियोगिता में विजेता का निकटतम प्रतियोगी ।

SECOND, [सेक्'-ऑन्ड्], *adj.* सं० वि० ordinal or two. द्वितीय ; next to the first. दूसरा ; exactly resembling another. दूसरे के पूर्णतः अनुरूप ; *v. t.* सo क्रि० to support someone. किसी की सहायता करना ; to act his second in a duel. द्वन्द युद्ध में किसी मनुष्य का सहायक होना ; to support a motion immediately after the proposer. किसी प्रस्ताव के उपस्थित किये जाने के उपरान्त ही उसका समर्थन करना ; to encourage. उत्साहित करना : *adv.* क्रि० वि० in the second place. द्वितीय स्थान में ; **Second floor** (two floors above the ground-floor). घर का तीसरा खंड ; **Second chamber** (upper House in bicameral parliament). राजपरिषद ; **Second nature** (acquired tendency). अभ्यास ; **Second person** (the person spoken to—in grammar). व्याकरण में मध्यम पुरुष ; **Second teeth** (the teeth of adults). प्रौढ़ लोगों का स्थायी दाँत ; **Second thoughts** (opinion formed on reconsideration).

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

पुनर्विचार के उपरान्त स्थिर किया हुआ मत ; **Second to none** (surpassed by no other). अद्वितीय ।

SECONDARY, [सेक्'-ऑन्ड्-एर्-इ], *adj.* सं० वि० second in order. द्वितीय क्रम में ; not primary. अप्रधान ; subordinate. सहकारी ; inferior in rank. गौण ; **Secondary education** (advanced education). माध्यमिक शिक्षा ; **Secondary School** (a high school). माध्यमिक पाठशाला ।

SECONDER, [सेक्'-ऑन्ड्-एर्], *n.* सं० one supporting the proposer of a motion. प्रस्ताव के उपस्थित करने वाले का समर्थक (अनुमोदक) ।

SECRECY, [सी'-क्रेस्-इ], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Secrecies**) the state of being secret. गुप्तता ; seclusion. एकान्तता ; retirement. कार्य से अवकाश ।

SECRET, [सी'-क्रेट्], *n.* सं० that which is secret. गुप्त बात ; the truth of something mysterious. रहस्य का भेद ; a mystery. रहस्य ; *adj.* सं० वि० hidden from sight. अदृश्य ; done in secret. एकान्त में किया हुआ ; designed for concealment. छिपाने के लिये बनाया हुआ ; secretive. गुप्त ; mysterious. रहस्यमय ; **In secret** (in a private place). एकान्त स्थान में ; **Open secret** (a secret only to those who do not trouble to learn it). उनके लिये रहस्य जो उसे जानने का कष्ट नहीं उठाते ; **The secret parts,** (the genitals). गुप्तांग ।

SECRETARIAL, [सेक्'-रेट्-एर्'-ऑल्], *adj.* सं० वि० relating to a secretary. मन्त्री संबंधी ; pertaining to the functions of a secretary. मंत्री के कार्य संबंधी ।

SECRETARIAT, [सेक्'-रेट्-एअर्'-इ-ऑट्], *n.* सं० a body of officials carrying out the secretarial functions. सचिवालय ।

SECRETARY, [सेक्'-रेट्-एर्-इ], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Secretaries**) a person employed to manage the correspondence, written records, etc., of an organisation or person. सचिव, मंत्री ; the head of a department of state. राज्य के किसी विभाग का प्रधान ; **Private Secretary** (a person employed by another to assist him in correspondence and other confidential matters). निजी मंत्री ; **The Secretary of State** (minister in charge of a Government office). राज सचिव ; **Under-secretary** (one who assists a secretary of state). राज-सचिव का सहायक ।

SECRETE, [सि-क्रीट्], *v. t.* सं० क्रि० to conceal in a secret place. गुप्त स्थान में छिपाना ; to extract from the system and give out as a secretion. शरीर से स्राव एकत्र कर उसे बाहर निकालना ; to separate. पृथक करना ।

SECRETIVE, [सि-क्री'-टिव्], *adj.* सं० वि० tending to conceal one's thoughts and actions. अपने विचारों तथा कार्यों को गुप्त रखने वाला ; causing secretion. स्राव निकालने वाला ।

SECT, [सेक्ट्], *n.* सं० a body of persons with certain religious or philosophical views. पंथ, सम्प्रदाय ।

SMELT, [स्मेल्ट्], *p. t.* भू० का० तथा *p. p.* भू० कृ० of **Smell.**

SMELT, [स्मेल्ट्], *v. t.* स० क्रि० to heat ore so as to extract metal. अपरिष्कृत धातु को गलाकर (शुद्ध) धातु को पृथक् करना ।

SMILAX, [स्माइ'-लॉक्स्], *n.* सं० a kind of climbing plant. एक प्रकार की लता (चीत मूल) ।

SMILE, [स्माइल्], *n.* सं० the act of smiling. मन्द हास्य ; a look indicating mild happiness. मुस्कान ।

SMILE, [स्माइल्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to express pleasure by means of mild happiness. मन्द हास्य करना, मुस्कुराना ; **To smile at** (to consider with contempt). तिरस्कार दिखलाना ।

SMIRCH, [स्मर्च्], *n.* सं० a blot or stain. कलंक, धब्बा ।

SMIRCH, [स्मर्च्], *v. t.* स० क्रि० to stain. मलिन करना, कलुषित करना ; to blot. धब्बा लगाना ।

SMITE, [स्माइट्], *v. t. & v. i* स० क्रि० तथा अ० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Smote,** *p. p.* भू० कृ० **Smitten, Smit**) to strike hard. प्रहार करना ; to kill. हत्या करना ; to afflict. कष्ट

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

देना ; to chastise. दग्ध देना ; to defeat. हराना ; to be diseased. रोग ग्रस्त होना।

SMITH, [स्मिथ्], *n.* सं० a worker in molten or heated metals. लोहकार, लोहार (सोनार आदि)।

SMITHERY, [स्मि'-अर्-ई], *n.* सं० the workshop of a smith. लोहार, सोनार आदि की शिल्पशाला।

SMITTEN, [स्मिट्न्], *p. p.* भू० कृ० of Smite.

SMOCK, [स्मॉक्], *n.* सं० a woman's undergarment. स्त्री का अधोवस्त्र (भीतरी पहिरावा) ; a child's frock. बच्चे का ढीला वस्त्र ; *v. t.* स० क्रि० to clothe with a frock. अधोवस्त्र पहिराना।

SMOKE, [स्मोक्], *n.* सं० burning matter held in suspension in the air. धूम्र, धुवां ; a cloud of vapour. वाष्प का बादल ; a cigarette. चुरुट, बीड़ी ; **Smoke gas** (heavy gas). वाष्प रूप भारी द्रव्य।

SMOKE, [स्मोक्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to subject to smoke. धुवां लगाना ; to expel by means of smoke. धुवें से हटाना; to eject smoke. धुवां निकालना ; to practise smoking. धूम्रपान करना, तमाखू पीना।

SMOKER, [स्मोक्'-अर्], *n.* सं० one who smokes tobacco. तमाखू पीने वाला मनुष्य।

SMOKESTACK, [स्मोक्'-स्टॉक्], *n.* सं० a tall chimney or funnel of a factory. कार्यालय की बड़ी ऊंची धूम्र नाली (धुवांकस)।

SMOKY, [स्मोक्-ई], *adj.* सं० वि० (*comp.* तरप० **Smokier**, *sup.* तमप० **Smokiest**) filled with smoke. धूम्रमय, धुवें से पूर्ण।

SMOOTH, [स्मूथ्], *n.* सं० anything smooth. चिकना पदार्थ।

SMOOTH, [स्मूथ्], *adj.* सं० वि० (*comp.* तरप० **Smoother**, *sup.* तमप० **Smoothest**) free from roughness. समं (चौरस) ; polished. चिक्कण, चिकना ; calm. शान्त ; unruffled. निर्विघ्न ; free from harshness. अपरुष ; polite. सुशील, विनीत ; hairless. अलोमश, बिना रोवें का ; soft. मृदु ; flattering. प्रिय बोलनेवाला।

SMOOTH, [स्मूथ्], **SMOOTHE**, [स्मूद्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make smooth. चिकना करना ; to remove the obstacles. निर्विघ्न करना ; to calm or soothe. शान्त करना ; to become smooth. चिकना होना ; **To smoothe down** (to make or become less disordered). व्युतक्रम रहित बनाना या होना।

SMOOTH-SPOKEN, [स्मूथ्'-स्पोक्न्], *adj.* सं० वि० hypocritical in speech. प्रिय बोलने वाला।

SMOOTH-TONGUED, [स्मूथ्'-टङ्गड्], *adj.* सं० वि० conciliatory in speech. चाटुपटु, चाटुता में प्रवीण।

SMOTE, [स्मोट्], *p. t.* भू० का० of Smite.

SMOTHER, [स्मद्'-अर्], *n.* सं० a suffocating cloud of smoke or dust. धूल या धुवें का गला घोंटने वाला बादल।

SMOTHER, [स्मद्'-अर्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to check up the passage of air. वायुमार्ग रोकना ; to suffocate. गला घोंटना ; to kill by stifling. गला घोंटकर हत्या करना ; to suppress. दबाना ; to conceal. छिपाना ; to be suffocated. गला घुटना।

SMOULDER, [स्मोल्'-डर्], *n.* सं० the act of burning without flame. अन्तर्दाह, बिना ज्वाला के जलने का कार्य ; *v. i.* अ० क्रि० to burn away slowly. धीरे-धीरे करके जलना ; to exist in a suppressed condition. गूढ़ अवस्था में रहना, दबे रहना।

SMUDGE, [स्मज्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make a dirty mark upon. मलिन करना ; to stain. कलुषित करना ; to smear. लीपना ; *n.* सं० a black stain. काला धब्बा ; mark of dirt. ल का चिन्ह।

SMUG, [स्मग्], *adj.* सं० वि० (*comp.* तरप० **Smugger**, *sup.* तमप० **Smuggest**) maintaining an attitude of self-satisfaction. आत्मतृप्त ; affectedly nice in dress. सुवेषधारी ; prim. सुथरा।

SMUGGLE, [स्मग्'-गल्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to bring in or send out goods from a country with deliberate intention of avoiding customs duty. प्रतिशिद्ध वस्तु को देश के बाहर भेजना या मंगाना, कर लगने वाली सामग्री को चोरी से मंगाना या बाहर भेजना।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SMUT, [स्मट्], *n.* सं० a particle of soot. काजल का कण ; a mark or stain. धब्बा ; a parasitic fungus. गेरुई रोग (पौधों का) ; obscenity. अश्लील वार्ता ।

SMUT, [स्मट्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Smutted**) to make or be made dirty with soot. कज्जली से मलिन करना या मैला होना ; to cover with particles of dust. धूल से ढांपना ।

SNACK, [स्नॉक्], *n.* सं० a share. भाग, अंश ; a light meal eaten hurriedly : क्षिप्र भोजन ; जल्दी से किया हुआ जलपान (अल्प भोजन) ; **Snack-bar.** लघु भोजनालय ।

SNAFFLE, [स्नॉफ़्ल्], *n.* सं० a bit placed in a horse's mouth. घोड़े के मुख में रखने की खलिका (खूंटी) ।

SNAFFLE, [स्नॉफ़्ल्], *v. t.* स० क्रि० to steal. चुराना, मूसना ।

SNAG, [स्नॉग्], *n.* सं० a projecting piece of broken branch, root or tree stump. वृक्ष की उभड़ी हुई शाखा या ठूंठ ; a projecting tooth. उभड़ा हुआ दांत ; a source of trouble. आपत्ति स्थान ।

SNAG, [स्नॉग्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to lop off the projecting parts of trees. वृक्षों के उभड़े भाग छांटना ।

SNAGGY, [स्नॉग्'-इ], **SNAGGED,** [स्नॉग्ड्], *adj.* सं० वि० abounding with knots. गांठदार ।

SNAIL, [स्नेल्], *n.* सं० a slimy, slow moving insect with a spiral shell. शंबूक, घोंघा ; a slow moving person. धीमी चाल चलने वाला मनुष्य ।

SNAKE, [स्नेक्], *n.* सं० a limbless long reptile, a serpent. भुजंग, सर्प ; a cunning malevolent person. धूर्त, दुर्जन मनुष्य ; **A snake in the grass** (a deceitful enemy). छली शत्रु ; **To raise snakes** (to create disturbance). उपद्रव खड़ा करना ।

SNAKE, [स्नेक्], *v. t.* स० क्रि० to bind a rope spirally. लपेट कर रस्सा बांधना ; to move in the manner of a snake. सर्प की तरह सरक कर चलना ।

SNAKESTONE, [स्नेक्'-स्टोन्], *n.* सं० an ammonite. जहर मोहरा ।

SNAKY, [स्नेक्'-ई], *adj.* सं० वि० resembling a snake. सर्पवत् ; winding. लहरदार, चक्करदार ; sly. धूर्त ; deceitful. छली ; full of snakes. सर्पों से पूर्ण ।

SNAP, [स्नॉप्], *n.* सं० the sound that snapping teeth make. दांतों की कड़कड़ाहट ; a quick sudden bite. दांत से काटना ; a clasp that fastens with a snap. बंद करने का खटका ; instantaneous photograph. तात्कालिक (क्षणिक) छायाचित्र (फोटोग्राफ़); a spell of cold weather. तीखी ठंढ ।

SNAP, [स्नॉप्], *adj.* सं० वि० done by surprise. आकस्मिक किया हुआ ।

SNAP, [स्नॉप्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Snapped**) to cause to make a cracking sound. पड़पड़ शब्द करना ; to catch with teeth. दांत से पकड़ना ; to bite. दांत काटना ; to bring together. झटका करना ; to fasten with a click. सिटकनी लगाना ; to take a **snapshot** of. तात्कालिक छायाचित्र (फोटो) लेना ; **To snap a person's head off** (to interrupt rudely). धृष्टता से विघ्न डालना ; to reprimand. झिड़कना ; **To snap one's fingers at** (to show one's contempt for). तिरस्कार दिखाना ।

SNAPDRAGON, [स्नॉप्'-ड्रे-गॉन्], *n.* सं० a plant with bright flowers. चमकीले फूल का एक पौधा ।

SNAPPISH, [स्नॉप्-पिश्], *adj.* सं० वि० inclined to speak angrily. क्रोध से बोलने वाला ; eager to bite. दांत काटने को उद्यत ।

SNAPPY, [स्नॉप्-पी], *adj.* सं० वि० (*comp.* तरप० **Snappier,** *sup.* तमप० **Snappiest**) irritable. क्रोधी, चिड़चिड़ा ; neat in appearance. वेषधारी ; efficient. निपुण ।

SNAPSHOT, [स्नॉप्-शॉट्], *n.* सं० a shot without deliberate aim. अनिर्धारित लक्ष्य ; an instantaneous photograph. सहसा खींचा हुआ छायाचित्र (फ़ोटो) ।

SNARE, [स्ने-अर्], *n.* सं० a contrivance for catching birds or animals. पशु पक्षियों को पकड़ने तथा फँसाने का जाल, पाश ; that which has power to entangle. फंसाने का पदार्थ ।

SNARE, [स्नेअर्], *v. t.* स० क्रि० to catch by means of a snare. जाल में फंसाना ; to entrap. फन्दे में फंसाना ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SNARL, [स्नार्ल्], *n.* सं० a growling sound. घर्घर शब्द ; an entanglement. फंसाव ।

SNARL, [स्नार्ल्], *v. i.* अ० क्रि० to show the teeth and growl. दांत निकालकर गुर्राना ; to speak savagely. असभ्यता से बोलना ; to emboss. नक्काशी करना ।

SNATCH, [स्नॉच्], *n.* सं० hasty vigorous effort to seize. आकस्मिक ग्रहण ; a sudden catching. सहसा अपहरण ; a fragment. अंश, टुकड़े; a bit or small portion. छोटा टुकड़ा ।

SNATCH, [स्नॉच्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to seize hastily and vigorously. बलपूर्वक झट से पकड़ना ; to catch up in hand. मुट्ठी से पकड़ना ; to take without permission. बिना आज्ञा के ले लेना ; to remove by sudden force. शक्ति लगाकर हटाना ; **To snatch off** (to pilfer) चुराना ; **To snatch out.** वेगपूर्वक खींच लेना ।

SNATCHY, [स्नॉच्-ई], *adj.* सं० वि० scrappy. विच्छिन्न, खंडपूर्ण ।

SNEAK, [स्नीक्], *n.* सं० a mean fellow. नीच मनुष्य ; an informer. परगोप्य निवेदक ।

SNEAK, [स्नीक्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to steal. चुराना ; to pinch. चिकोटी काटना ; to move quickly as though hoping not to be seen. चुपके से भागना ; to creep. सरकना, रेंगना ; to behave with meanness. नीचता का व्यवहार करना ।

SNEAKER, [स्नीक्-अर्], *n.* सं० one who sneaks. चुपके से भागनेवाला ।

SNEAKING, [स्नीक्-इङ्], *adj.* सं० वि० mean. नीच , furtive. धूर्त ; engaged in telling tales. कहानी कहनेवाला ।

SNEER, [स्नियर्], *n.* सं० a verbal expression of contempt. उपहास ; gibe. अवज्ञा ; a look of disdain. तिरस्कार ।

SNEER, [स्नियर्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make ostentatious mocking remarks. उपहास करना, ताना मारना ; to show contempt. तिरस्कार दिखाना ।

SNEEZE, [स्नीज्], *n.* सं० the act of sneezing, the sound made by such an act. छिक्का, छींक ।

SNEEZE, [स्नीज्], *v. i.* अ० क्रि० to make an involuntary loud explosive sound while blowing air through the nose. छींकना ; **Not to be sneezed at** (having advantages worth considering). विचारणीय सुविधा का ।

SNELL, [स्नेल्], *n.* स० a short length of catgut attached to a fishing line. मछली फसाने की बंसी में लगाने का तांत का टुकड़ा ।

SNICK, [स्निक], *n.* सं० a notch cut in a piece of wood. काठ में कटा हुआ चिप्पड़ ; *v. t.* स० क्रि० to mark with a small notch. छोटे चिप्पड़ से अंकित करना ।

SNICKER, [स्निक्-अर्], *v. i.* अ० क्रि० to giggle. खिसियाना ; to neigh. हिनहिनाना ।

SNIDE, [स्नाइड्], *adj.* सं० वि० counterfeit. कृत्रिम, कूट, बनावटी ।

SNIF, [स्निफ्], *n.* सं० the act of expelling air from nose with loud noise. सशब्द निःश्वास या नाक की फूक ।

SNIFF, [स्निफ्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to draw in air swiftly through the nose so as to make a thin noise. नाक से सशब्द हवा खींचना, फों फों करना ; to have the sensation of smell. सूंघना ; to act in this way so as to express disapproval. नाक से शब्द करते हुए असन्तोष प्रगट करना ।

SNIFFY, [स्निफ़्-फ़ी], *adj.* सं० वि० (*comp.* तर० **Sniffier,** *sup.* सम० **Sniffiest**) contemptuous. तिरस्कारी ; having smell. सुगन्धी ।

SNIGGER, [स्निग्'-गर्], *n.* सं० suppressed laugh. अल्पहास, दबी हंसी ; *v. i.* अ० क्रि० to laugh with half expressed catches of voice. अल्पहास करना, दबी हँसी हँसना ।

SNIP, [स्निप्], *n.* सं० a single quick cut made by means of scissors. कैंची की काट ; the act of cutting. कतरने का काम ।

SNIP, [स्निप्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Snipped**) to clip by means of scissors or shears. कैंची से कतरना, या काटना ।

SNIPER, [स्नाइप्'-अर्], *n.* सं० a sharp shooter. अच्छा लक्ष्य करने वाला व्यक्ति ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

टुकड़ा ।

SNICK, [स्निक], *n.* सं० a notch cut in

SNIVEL, [स्निव्'-एल्], *n.* सं० running at the nose with stiff mucus. नासिका स्राव ; whispering expression of misery. कृत्रिम शोक ।

SNIVEL, [स्निव्'-एल्], *v. i.* अ० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Snivelled**) to run at the nose. नाक बहना ; to complain of misery in a whimpering way. रो रो कर कष्ट कहना ।

SNOB, [स्नॉब्], *n.* सं० one who pretentiously assumes a superior social status. अभिमान से समाज में अपना महत्व दिखलानेवाला व्यक्ति ।

SNOBBERY, [स्नॉब्'-बर्-ई], *n.* सं० snobbishness. असभ्यता ।

SNOBBISH, [स्नॉब्'-बिश्], *adj.* सं० वि० affected by snobbery. गंवार ।

SNOOD, [स्नूड्], *n.* सं० a band or net with which a womans hair is tied. स्त्रियों के बाल बांधने की पट्टी या जाली ; *v. t.* स० क्रि० to tie with a snood. परिंदे से बाल बांधना ।

SNOOKER, [स्नूक्'-अर्], *n.* सं० a variety of billiards played with coloured balls. रंगीन गेंदों से टेबुल पर खेलने का एक खेल ।

SNOOP, [स्नूप्], *v. i.* अ० क्रि० to investigate secretly. गुप्त रूप से भेद लेना या अन्वेषण करना ।

SNOOZE, [स्नूज़्], *n.* सं० a short sleep. स्वल्प निद्रा, झपकी ; *v. i.* अ० क्रि० to doze. झपकी लेना ।

SNORE, [स्नोर्], *n.* सं० a hoarse nasal breathing in sleep. नींद में का घर्राटा ; *v. i.* अ० क्रि० to breathe noisily when snores. नींद में घर्राटें लेना ।

SNORT, [स्नॉर्ट्], *n.* सं० the act of snorting, शब्द करते हुये नाक से वायु फेंकने का कार्य ; *v. i.* अ० क्रि० to force air violently through the nostrils. सशब्द उच्छ्वास लेना ।

SNORTER, [स्नार्ट्'-अर्], *n.* सं० a person or animal that snorts. सशब्द उच्छ्वास लेनेवाला प्राणी ।

SNOUT, [स्नौट्], *n.* सं० the projecting nose or nozzle of a beast. पशु की नाक का उभड़ा हुआ भाग, घोणा, थूथन ।

SNOW, [स्नो], *n.* सं० the moisture in the atmosphere frozen into flakes which float to the earth. तुषार, प्रालेय, पाला ; *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to fall from the sky like snow. हिम के सदृश भूमि पर गिरना ; to kill with snow balls. हिम के ढोके से मारना ; **Snowed under** (overwhelmed). व्यग्र ; **Snowed up** (obstructed from moving owing to heavy fall of snow). पाला गिरने के कारण गति रुका हुआ ।

SNOW-BALL, [स्नो-बॉल्], *n.* सं० a round ball of snow rolled together by the hands. हाथों से दबाकर बनाया हुआ हिम का गेंद ; a white haired Negro. सफेद बाल वाला हबशी ; *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to pelt with snowballs. हिम का गेंद खींचकर मारना ।

SNOWDRIFT, [स्नो'-ड्रिफ्ट्], *n.* सं० snow driven by the wind into a pile. वायु द्वारा एकत्र की हुई हिम राशि ।

SNOW-DROP, [स्नो'-ड्रॉप्], *n.* सं० a plant bearing a white flower. श्वेत पुष्प वाला पौधा ।

SNOW-PLOUGH, [स्नो'-प्लाऊ], *n.* सं० an implement for clearing away snow. हिम को काट कर मार्ग से हटाने का यन्त्र ।

SNOW-SHOE, [स्नो'-शू], *n.* सं० a shoe that prevents feet from sinking into snow. हिम पर चलने के लिये प्रयोग किया जाने वाला जूता ।

SNOW-STORM, [स्नो'-स्टॉर्म], *n.* सं० a storm of falling snow. हिम वर्षा की आंधी ।

SNOWY, [स्नो'-ई], *adj.* सं० वि० covered with snow. हिमपूर्ण ; pure white. पूर्ण श्वेत ।

SNUB, [स्नब्], *n.* सं० a rebuke. झिड़की ; *v. t.* स० क्रि० to reprove झिड़कना ; to humiliate with sharp words. कटु वचन द्वारा डांटना ; *adj.* सं० वि० short and turned up at the end. सिरे पर मुड़ी हुई ।

SNUFF, [स्नफ़्], *n.* सं० powdered tobacco to be breathed in through nose. *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to take in through the nose. सुँघनी सूंघना ; to clip off the wick of a candle. मोमबत्ती की

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

गुल काटना ।

SNUFFLE, [खफ्ल्], *n.* सं० the act of snuffling. नकियाने का कार्य ; *v. t.* स० क्रि० to speak through the nose. नाक से बोलना ; to sniff weakly नकियाना ।

SNUFFY, [खफ्'-ई], *adj.* सं० वि० soiled with tobacco snuff. सुंघनी से मलिन ।

SNUG, [स्नग्], *n.* सं० comfortable place. आरामदेह स्थान ; *adj.* सं० वि० cosy. सुखकर ; warm. उष्ण ; sheltered. सुरक्षित ; concealed गुप्त ; neatly pressed. उपयुक्त ; *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make one-self comfortable. सुख प्राप्त करना ।

SNUGGERY, [स्नग्'-अर्-ई], *n.* सं० a small cosy room. छोटा सुख कर कोष्ठ (कमरा) ।

SNUGGLE, [स्नग्'-गल्], *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to enfold so as to warm. शरीर में उष्णता देने के लिए बच्चों को चपकाना ; to lie close for comfort. सट कर सोना ।

SO, [सो], *adv.* क्रि० वि० in such a manner. इस प्रकार से ; to that extent. तदनुसार ; too. भी ; approximately. उसी रीति से ; *pron.* सर्वनाम० अमुक ; *conj.* सं० अव्यय ; therefore. इसलिए ; **So so** (in a tolerable manner). जैसे तैसे ; **So and so** (a person whose name is understood). अमुक व्यक्ति ; **So long as** (on condition that). जब तक कि ; **And so on** (et cetera). इत्यादि ; **Quite so Exactly so.** यथार्थ; **So far** (up to this point). यहाँ तक ; **So that** (therefore). इसलिए कि ।

SOAK, [सोक्], *n.* स० the act of soaking. भींगना ; a water-hole. जल का छिद्र ; a habitual drinker. पियक्कड़ ; *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to drench. भिगोना ; to immerse in water. जल से तर करना ; to lie immersed in water. जल से सींचा जाना ; to steep. भिगाना ; **To soak through** (to percolate through). पूर्णतया भींगना ।

SOAKER, [सोक्'-अर्], *n.* सं० one which soaks in a liquid. सोखने वाला ; a hard drinker. अति मदिरा पान करने वाला (पियक्कड़) ।

SOAP, [सोप्], *n.* सं० a substance made of fat mixed with alkaline used in washing and cleaning. साबुन ; *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to wash by means of soap and water. साबुन लगाकर स्वच्छ करना ।

SOAP-BUBBLE, [सोप्'-बब्-बल्], *n.* सं० a filmy sphere formed by soap water. साबुन का बुदबुदा ।

SOAPY, [सोप्'-ई], *adj.* सं० वि० having the qualities of a soap. साबुन के गुण वाला ; soft and smooth. चिकना ।

SOAR, [सोर], *v. i.* अ० क्रि० to rise high. ऊँचा उठना ; to ascend to great height in the air. आकाश में बहुत ऊँचे उड़ना ; to rise to a high pitch of imagination. कल्पना में अति बढ़ जाना ।

SOB, [सॉब्], *n.* सं० a convulsive drawing of breath due to extreme misery. सिसकी ; *v. t. & v. i.* स० तथा अ० क्रि० to uttera sob. सुसुकना ।

SOBER, [सो'-बर्], *adj.* सं० वि० temperate. संयमी ; not drunk. मदिरा पान न किये हुए ; of abstemious habits. शान्त स्वभाव वाला ; not fanciful. कल्पना रहित ; calm. गंभीर ; dispassionate. उद्वेग रहित; *v.t. & v.i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make sober. संयमी बनाना ; to become sober. शान्त बनना ।

SOBRIETY, [सो'-ब्राइ-टी], *n.* सं० the state of being sober. संयम ; gravity. गंभीरता ; calmness. शान्ति ।

SOCIABILITY, [सो-शि'-आब्-इल्'-इ-टी], *n.* सं० the quality of being friendly. सुजनता ; the habit of friendly intercourse. सुशीलता ।

SOCIABLE, [सो'-शि-आ-बल्], *adj.* सं० वि० ready to be friendly. मिलनसार ; willing to make up an acquaintance. संगमप्रिय ; affable. सबसे भाषण करने वाला ।

SOCIABLE, [सो'-शि-आ-बल्], *n.* सं० a tri-cycle for two people. दो व्यक्तियों के लिये बनी तीन पहियों की साइकिल ।

SOCIAL, [सो'-शल्], *n.* स० a meeting for gossip. विनोद के लिये आयोजित सभा ; *adj.* सं० वि० relating to society. सामाजिक ; living in society. सांसर्गिक ; disposed to be friendly. संगतिप्रिय ; convivial. परस्पर व्यवहार करने वाला ; **Social security** (national insurance against unemployment, old age etc.). वृद्धावस्था, बेकारी इत्यादि के लिये राष्ट्र द्वारा बीमा ।

SOCIALISM, [सो'-शाल्-इज्म्], *n.* सं० the

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

theory which advocates public ownership of the means of distribution, production and exchange. यह सिद्धान्त कि राष्ट्र का उत्पादन, वितरण, तथा विनिमय जनता में निहित हो (समाजवाद)।

SOCIALIST, [सो'-शाल्-इस्ट्], *n.* सं० a member of socialist party. समाजवादी।

SOCIALISTIC, [सो-शि'-आल्-इस्ट्-इक्], *adj.* सं० वि० relating to socialism. समाजवाद संबंधी।

SOCIALITY, [सो'-शि-आल्'-इ-टी], *n.* सं० the quality of being social. सामाजिकता।

SOCIALIZATION, [सो'-शि-आल्'-आइज़-ए-शन्], *n.* सं० the process of socializing. सामाजिक बनाने का कार्य।

SOCIALIZE, [सो'-शि-आल्-आइज़], *v. t.* स० क्रि० to render social. सामाजिक बनाना।

SOCIETY, [सो'-साइ-टी], *n.* सं० the company of human beings. समाज ; the upper class. उच्च वर्ग ; human association. जनसमूह ; a social mode of living. सामाजिक जीवन ; *adj.* सं० वि० relating to members of the upper class society. समाज के उच्च वर्ग संबंधी।

SOCIOLOGICAL, [सो'-शि-ओ लॉज्'-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० relating to sociology. समाज शास्त्र संबंधी।

SOCIOLOGIST, [सो'-शि-ओ-लॉज्-इस्ट्], *n.* सं० one devoted to the study of sociology. समाजशास्त्रज्ञ।

SOCIOLOGY, [सो'-शि-ओ-लॉज्-ई], *n.* सं० the scientific study of the nature of human society and its laws. समाज विज्ञान।

SOCK, [सॉक्], *n.* सं० a half-stocking. छोटा पाद आवरण (मोज़ा) ; a sole inserted into a shoe. जूते का भीतरी तल्ला ; the blow of a missile. शस्त्र का प्रहार ; *v. t.* स० क्रि० to strike hard. तीव्र प्रहार करना ; **To pull up one's socks** (to prepare oneself for a big effort). महत प्रयत्न के लिये तैयार होना।

SOCKET, [सॉक्'-एट्], *n.* सं० a cavity into wich something fits. छिद्र जिसमें कोई कोई वस्तु बैठाई जाती है।

SOCKETED, [सॉ'-केट्-एड], *adj.* सं० वि० set in a socket. छिद्र में स्थिर किया हुआ।

SOCLE, [सो'-कल्], *n.* सं० a block serving as a low pedestal. स्तंभ के नीचे का आधार।

SOCRATIC, [सॉ-क्रैट्'-इक्], *adj.* सं० वि० relating to Socrates. प्रसिद्ध ग्रीक दार्शनिक सुकरात संबंधी।

SOD, [सॉड], *n.* सं० soil covered with grass. तृण सहित भूमि का भाग ; a piece of turf. हरित भूमि।

SOD, [सॉड्], *p. t.* of **Seethe** 'सीद' क्रिया का भूत काल का रूप।

SODA, [सोडा], *n.* सं० a compound of sodium. खार (सोडा)।

SODA-WATER, [सो-डा-वा-टर्], *n.* सं० water charged with carbonic acid gas. क्षार युक्त जल।

SODDEN, [साड्'-डेन्], *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make sodden. गीला करना ; to become soaked. भींगा जल ; *adj.* सं० वि० soaked thoroughly. भींगा हुआ ; not well boiled. कम उबाला हुआ ; saturated. गीला।

SODIUM, [सो'-डि-यम्], *n.* सं० a soft metallic element. सोडे में पाया जाने वाला श्वेत तत्व।

SODOMY, [सो'-डो-मी], *n.* सं० sexual connection between males. गुदा मैथुन (पुरुष मैथुन)।

SOFA, [सो'-फा], *n.* सं० a kind of long couch with back and arms. शय्या (पलङ्ग)।

SOFT, [सॉफ्ट्], *adj.* सं० वि० smooth to the touch. चिकना ; delicate. कोमल ; low in tone. मधुर ; merciful. दयालु ; plastic. लचीला ; gentle. सौम्य ; courteous. मृदु ; not strong. दुर्बल ; disposed to be lenient. सरल प्रकृति वाला ; indistinct. अस्पष्ट ; *adv.* क्रि० वि० in a soft manner. मधुरता से ; *int.* वि०अ०; be careful ! शान्त !

SOFTEN, [सॉफ़्'-एन्], *v. t.* & *v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make soft. कोमल बनाना ; to become soft. मुलायम होना ; to alleviate. शमन करना।

SOFT-SOAP, [सॉफ्ट्'-सोप्], *n.* सं० a soap made from potash. साबुन।

SOFTY, [सॉफ्ट्'-ई], *n.* सं० delicate. कोमल ; a coward. कायर।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SOGGY, [सॉग्'-गी], *adj.* सं० वि० marshy. दलदली ; soaked with water. तर ।

SOIL, [सॉयल्], *n.* सं० the upper layer of the earth in which plants are nourished. भूमि ; land. धरती ; dirt. मैल ; a stain. धब्बा ; manure. खाद ; tarnish. मलिनता ; *v. t. & v. i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make dirty. मलिन करना ; to stain. दूषित करना ; to manure. खाद डालना ; to defile. नष्ट करना ; to feed cattle on green fodder. पशुओं को हरी घास खिलाना ।

SOILLESS, [सॉयल'-लेस्], *adj.* सं० वि० lacking soil. भूमि रहित ।

SOIREE, [स्वार'-ए], *n.* सं० a social entertainment in the evening. संध्याकालीन सामाजिक जमघट ।

SOJOURN, [सॉ'-जर्न], *n.* सं० a temporary residence. अल्पकालीन प्रवास ; *v. i.* अ० क्रि० to stay for a short time. अल्प काल के लिये कहीं ठहरना ।

SOLA, [सो'-ला], *n.* सं० pithy stemmed tropical plant. सुखड़ी ।

SOLACE, [सोल्'-एस्], *n.* सं० a consolation. आश्वासन ; relief. ढारस ; comfort. आनन्द ; *v. t. & i.* अ० क्रि० तथा स० क्रि० to cheer. धीरज देना ; to offer solace. सान्त्वना देना ।

SOLAN GOOSE, [सो'-लन्-गूस्], *n.* सं० a kind of sea-bird. एक प्रकार का समुद्री पक्षी ।

SOLAR, [सोल्'-अर्], *n.* सं० a room designed to catch the sun's rays. सूर्य की किरणों को एकत्र करने का कोष्ठ ।

SOLAR, [सोल्'-अर्], *adj.* सं० वि० pertaining to the sun. सूर्य संबंधी ; measured by the sun. सौर ; **Solar eclipse** (the eclipse of the sun). सूर्य ग्रहण ; **Solar month** (exact twelfth of the year). सौर मास ; **Solar system** (the planets which revolve round the sun). सूर्य मंडल ।

SOLATIUM, [सो-ले'-शि-अम्], *n.* सं० compensation for injury. क्षतिपूर्ति ।

SOLD, *p. t. & p. p.* of **Sell.**

SOLDER, [सोल्'-डर्], *n.* सं० a fusible alloy used to join edges of metals. धातु के सिरों को जोड़ने का टाँका ; *v. t.* स० क्रि० to cement with solder. टाँका लगाकर जोड़ना ।

SOLDIER, [सोल्'-जर्], *n.* सं० a man who is a member of an army. सैनिक ; a brave warrior. साहसी योद्धा ; *adj.* सं० वि० relating to a soldier. सैनिक संबंधी ; *v. t.* स० क्रि० to enlist as a soldier. सैनिक बनना ; **Old soldier** (person of experience). अनुभवी व्यक्ति ; **Soldier of fortune** (ready to take service under any state or person). किसी भी देश या व्यक्ति की सेवा करने को प्रस्तुत ; **Every inch a soldier** (a perfect soldier). पूर्ण रूपेण सैनिक ।

SOLDIERLIKE, [सोल्'-जर्-लाइक्], *adj.* सं० वि० having the style of a soldier. सैनिक के समान ढंग वाला ।

SOLDIERLY, [सोल्'-जर्-ली], *adv.* क्रि० वि० having the characteristics of a soldier. सैनिक के सदृश ; heroic. साहसी ; brave. वीर ।

SOLDIERSHIP, [सोल्'-जर्-शिप्], *n.* सं० military experience. सैनिक अनुभव ।

SOLDIERY, [सोल्'-जर्-ई], *n.* सं० military men. सैन्य दल ।

SOLE, [सोल्], *n.* सं० part of shoe below foot. जूते की पेंदी ; the underside of the foot. पैर का तलवा ; the lower part of a thing. पेंदी ; a kind of edible fish. खाने योग्य मछली ; *v. t.* स० क्रि० to provide with a new sole. जूते में नवीन तल्ला लगाना ; *adj.* सं० वि० only. केवल ; exclusive. अकेला ; without another. अद्वितीय ; unmarried. अविवाहित ।

SOLECISM, [सोल्'-ए-सिज्म्], *n.* सं० incorrect usage in speech or writing. बोलने या लिखने का अशुद्ध प्रयोग ; absurdity. असंगति ; grammatical mistake. व्याकरण की भूल ।

SOLECIST, [सोल्'-ए-सिस्ट्], *n.* सं० one guilty of solecisms. अशुद्धि करने वाला ।

SOLECISTICAL, [सॉल्-ए-सिस्ट्-इक्-ऑल्], *adj.* सं० वि० of the nature of a solecism. अशुद्ध प्रयोग वाला ।

SOLEMN, [सॉल्'-एम्], *adj.* सं० वि० serious. गंभीर ; important. विचारणीय ; impressive in dignity. वैभवपूर्ण ; sacred. पवित्र ; done in a formal manner. विधिपूर्ण ; deliberate. निश्चयपूर्वक ; pompous. आडंबरपूर्ण ; weighty. महत्वपूर्ण ; **To put on a solemn face** (to become grave). गंभीर बन जाना ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SOLEMNISE, [सॉल्'-एम्-नाइज़], *v. t.* सं० क्रि० to celebrate with due rites. शास्त्रानुसार उत्सव मनाना ; to render grave. गंभीर बनाना ।

SOLEMNITY, [सॉ-लेम्-निट्-ई], *n.* सं० impressiveness. गंभीरता ; serious dignity suitable to a religious occasion. धार्मिक उत्सव की गंभीरता ; gravity. गुरुता ।

SOLICIT, [सॉ'-लिस्-इट्], *v. t. & v. i.* स० तथा अ० क्रि० to beg for. विनती करना ; to make an earnest request. विनयपूर्वक याचना करना ; to importune. प्रार्थना करना ; to entice. ललचाना ; to ask for. माँगना ; to make appeals to. अभ्यर्थना करना ;

SOLICITATION, [सॉ-लिस्-इट्-ए-शॉन्], *n.* सं० earnest request. याचना ; the act of soliciting. प्रार्थना ।

SOLICITOR, [सॉ-लिस्'-इ-टॉर], *n.* सं० a legal practitioner. व्यवहारोपदेशक (वकील) ।

SOLICITOUS, [सॉ'-लिस्-इ-टस्], *adj.* सं० वि० anxious. उत्सुक ; very concerned. अति चिंतित ; careful. सावधान ।

SOLICITUDE, [सॉ-लिस्'-इ-ट्यूड], *n.* सं० concern. चिन्ता ; anxiety. उत्कंठा ।

SOLID, [सॉल्'-इड्], *n.* सं० a three dimensional figure. ठोस आकृति ; *adj.* सं० वि० not fluid. ठोस ; compact. घन ; firm. पुष्ट ; substantial. वास्तविक ; completely filled. पूर्ण ; genuine. सच्चा ; valid. यथार्थ ; reliable. विश्वसनीय ; profound. अगाध ; whole. समग्र ; sound. अविकल ; *adv.* क्रि० वि० unanimously. एक मत से ।

SOLIDARITY, [सॉल्'-इ-डॉर्-इ-टी], *n.* सं० unanimity of opinion and action. मतैक्य ।

SOLIDIFICATION, [सॉल्'-इड्-इफ़्-इक्-ए-शॉन्'], *n.* सं० the process of being solidified. ठोसपन (घनत्व) ।

SOLIDIFY, [सॉल्'-इड्-इ-फ़ाइ], *v. t. & i.* स० क्रि० तथा अ० क्रि० to make solid. ठोस बनाना ; to become solid. ठोस होना ।

SOLIDITY, [सॉ-लिड्'-इ-टी], *n.* सं० firmness. दृढ़ता ; compactness. घनता ।

SOLILOQUY, [सॉ'-लिल्-ऑ-क्वी], *n.* सं० talking to oneself. स्वगत भाषण (आप ही आप बकना) ।

SOLITAIRE, [सॉल्-इट्'-एअर्], *n.* सं० an ear-ring having a single precious stone. एक ही रत्न जड़ा हुआ कान का आभूषण ।

SOLITARY, [साल्'-इ-टॉ-री], *adj.* सं० वि० alone. निर्जन ; deserted. अकेला ; not frequented by people. नीरव ; secluded. पृथक् ; single. असहाय ; sole. केवल ; remote. दूर ; desolate. विजन ।

SOLITUDE, [सॉल्'-इ-ट्यूड], *n.* सं० a desert. मरुभूमि ; lonely place. एकान्त ; loneliness. निर्जनता ।

SOLO, [सो'-लो], *n.* सं० a tune sung by a single instrument. अकेले बाजे से उत्पन्न राग ; a song sung by one person. अकेले गाया हुआ गीत ; *adj.* सं० वि० performed alone. अकेले किया हुआ ।

SOLOIST, [सो-लो'-इस्ट्], *n.* सं० the performer of a solo. अकेला गाने-बजाने वाला ।

SOLSTICE, [सॉल्'-स्टिस्], *n.* सं० the point which marks the sun's extreme limit of distance from the equator. अयनकाल ; **Summer solstice** (the day about 21st June when the sun is farthest from equator. कर्क संक्रान्ति (उत्तरायण सूर्य) ; **Winter solstice** (the day about 22nd December when the sun is farthest from equator. मकर संक्रान्ति (दक्षिणायन सूर्य) ।

SOLSTITIAL, [सॉल्-स्टिश्'-आल्], *adj.* सं० वि० relating to solstice अयनान्त संबंधी ।

SOLUBILITY, [सॉल्'-यू-बिल्'-इ-टी], *n.* सं० the state of being soluble. गलने की स्थिति ।

SOLUBLE, [सॉल्'-यू-बल्], *adj.* सं० वि० able to be dissolved. गलनशील ।

SOLUS, [सोल्'-अस्], *adj.* स० वि० by oneself. बिना किसी दूसरे की सहायता के ।

SOLUTION, [सॉल्-यू-शन्], *n.* सं० the process of dissolving a solid in a fluid. घुलाव ; an explanation. व्याख्या ; resolution. निर्णय ; a method of discovering an answer. उपपत्ति ; removal of doubt. सन्देह-निवृत्ति ; dissolution. अलगाव ; **His ideas are in solution** (are unsettled). विचार अस्थिर हैं ।

SOLVABILITY, [सॉल्व्'-ऑ-बिल्'-इ-टी] *n.* सं० the state of being solvable. व्याख्या करने की योग्यता ।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SOLVE, [सॉल्व्], *v. t.* सं० क्रि० to clear up. व्याख्या करना ; to provide the right answer to. उत्तर निकालना ; to resolve. अलगाना ; to loosen. ढीला करना ; to unravel a difficulty. समस्या का हल निकालना, to separate the parts. अंशों को अलग करना; **To solve a question** (to be able to answer a problem). किसी समस्या का उत्तर निकालना ।

SOLVENCY, [सॉल'-वेन्-सी], *n.* सं० ability to pay all debts. ऋण शोधन क्षमता ; the state of being solvable. गलन शक्ति ।

SOLVENT, [सॉल'-वेन्ट], *n.* सं० a substance which has the strength of dissolving substances. द्रावण ; *adj.* सं० वि० having money enough to meet all financial burdens. ऋण चुकाने योग्य धन प्राप्त किया हुआ ; having the power of forming solution. गलाने की शक्ति वाला ।

SOMBRE, [सॉम्'-बर्], *adj.* सं० वि० sad. उदासीन ; gloomy. मलिन ; dark. अँधेरा ; melancholy. खिन्न ; overcast. मेघपूर्ण ; having a pessimistic frame of mind. निराशावादी प्रकृति का ।

SOMBRERO, [सॉम्'-ब्रे-रो], *n.* सं० a type of broad-brimmed hat. एक प्रकार की चौड़े किनारे की सोला टोपी ।

SOME, [सम्], *adj.* सं० वि० a quantity which is not given a specific definition. कुछ ; more or less. प्रायः ; one or other. कोई ; *pron.* सर्वनामo an unspecified thing. अमुक ; *adv.* क्रि० वि० in some degree. अल्प मात्रा में ।

SOMEBODY, [सम्'-बाड्-ई], *n.* सं० a person unknown. अज्ञात व्यक्ति ।

SOMEHOW, [सम्'-हाउ], *adv.* क्रि० वि० in some way or other. किसी न किसी रीति से ।

SOMEONE, [सम्-वन्], *pron.* सर्वनामo some person. कोई भी ।

SOMERSAULT, [सम्'-अर्-सॉल्ट्], *n.* सं० a leap in which a person turns heels over his head. कलैया ; *v. t.* सं० क्रि० to turn a somersault. हवा में कुदान लगाना ।

SOMERSET, [सम्'-अर-सेट्], *n.* सं० a form of saddle for a man who has lost leg. वैशाखी के रूप में बनी काठी ।

SOMETHING, [सम्'-थिङ्ग्], *n.* सं० an indefinite thing. अज्ञात वस्तु; an unspecified event. अज्ञात घटना ; a portion. भाग ; *adv.* क्रि० वि० to some extent. कुछ अंशों में (थोड़ा सा) ; **Something like** (approximately). समान ।

SOMETIME, [सम्-टाइम्], *adv.* क्रि० वि० at one time or other. किसी समय ; formerly. पूर्व समय में ; once. एक समय ।

SOMETIMES, [सम्'-टाइम्स्], *adv.* क्रि० वि० occasionally. कभी कभी ; at times. कदाचित् ; now and then. किसी किसी समय पर ।

SOMEWHAT, [सम्-ह्वाट्], *n.* सं० in some degree. थोड़े अंश में ; slightly. किञ्चित् ; to some extent. थोड़ा ।

SOMEWHERE, [सम्'-ह्वेअर्], *adv.* क्रि० वि० in some unspecified place. किसी भी स्थान में ।

SOMNAMBULISM, [सॉम्-नॉम्-ब्यू-लिज्म्], *n.* सं० the practice of walking in sleep. निद्रा भ्रमण की प्रवृत्ति ।

SOMNAMBULIST, [सॉम्-नॉम्'-ब्यू-लिस्ट्], *n.* सं० a person who walks in sleep. निद्रा में भ्रमण करनेवाला (स्वप्नचारी) ।

SOMNAMBULISTIC, [सॉम्-नॉम्'-ब्यू-लिस्ट्-इक्], *adj.* सं० वि० relating to somnambulism. निद्रा भ्रमण संबंधी ।

SOMNIFEROUS, [सॉम्'-नी-फे-अस्], *adj.* सं० वि० inducing sleep. निद्राजनक ।

SOMNOLENCE, [सॉम्'-नाल्-एन्स्], *n.* सं० a tendency to fall asleep. निद्रा ।

SOMNOLENT, [सॉम्'-नाल्-एन्ट्], *adj.* सं० वि० sleepy. निद्रालु ; drowsy. निद्रावश ।

SON, [सन्], *n.* सं० a male child. पुत्र ; a term of affection प्यारसूचक शब्द ।

SONG, [सॉङ्ग्], *n.* सं० a musical composition. गायन ; the notes of birds. पक्षियों का मधुर कलरव ; singing. गीत ; a short poem. छोटी सी कविता ; **To make a song about** (to make a fuss about). वृथा प्रपंच करना ।

SONGSTER, [सॉङ्ग्'-स्टर्], *n.* सं० a person who sings. गायक ; a poet. कवि ।

SONGSTRESS, [सॉङ्ग्'-स्ट्रेस्], *n.* सं० a

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

female singer. गायिका।

SON-IN-LAW, [सन्'-इन्-ला], *n.* सं० the husband of a daughter. जामाता।

SONNET, [सान्'-नेट्], *n.* सं० a decasyllabic poem of 14 lines. चौदह पंक्तियों का गीत।

SONNETEER, [सान्'-नेट्-इ-अर्], *n.* सं० one who composes sonnets. चौदह पंक्तियों का कविता बनाने वाला।

SONOROUS, [सो-नो-रस्], *adj.* सं० वि० emitting a deep sound when struck. मधुर शब्द निकालने वाला; resonant. मधुर ध्वनि वाला; high-sounding. आडम्बरपूर्ण।

SOON, [सून्], *adv.* क्रि० वि० (*com* तरप० **Sooner**, *sup.* तमप० **Soonest**) in a short time. अल्पकाल में; early. शीघ्र; without delay. बिना विलंब; readily. तत्काल; willingly. इच्छा से; **As soon as** (immediately). तुरन्त; **No sooner than** (as soon as). ज्योंही; **Sooner or later** (in the long run). अन्त में; **Too soon** (very early). अति शीघ्र।

SOOT, [सूट्], *n.* सं० a black substance, deposited in chimneys by fuel during imperfect combustion. कज्जली, काजल; *v. t.* स० क्रि० to cover with soot. काजल से ढँक देना; to stain with soot. काजल से धब्बा डालना।

SOOTH, [सूथ्], *n.* सं० truth. सत्यता; reality. वास्तविकता; **In sooth** (really). वास्तव में।

SOOTHE, [सूद], *v. t.* स० क्रि० to pacify. शान्त करना; to gratify. सन्तुष्ट करना; to flatter. चापलूसी करना; to calm the mind by means of kind and sympathetic words. दया तथा समवेदना के शब्दों द्वारा चित्त शान्त करना; to lessen. कम करना।

SOOTHSAYER, [सूथ्'-सें-यर्], *n.* सं० a person who predicts the future. भविष्यवक्ता; a fortune-teller. भावी बतलाने वाला।

SOOTY, [सूट्'-इ], *adj.* सं० वि० consisting of soot. कालिखयुक्त; relating to or resembling soot. कालिख संबंधी या कालिख के समान।

SOP, [सॉप्], *n.* सं० anything soaked through with liquid. तरल पदार्थ में भिगोई हुई वस्तु; anything given to pacify. शान्त करने के लिये दिया हुआ पदार्थ; *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Sopped**) to soak in an edible thick liquid. गाढ़े पेय में भिगोना; to drench. गीला करना।

SOPHISM, [सॉफ़्'-इज़्म्], *n.* सं० a false argument intended to deceive. धोखा देने के लिये मिथ्यावाद; a fallacy. वाक्छल।

SOPHIST, [सॉफ़्'-इस्ट्], *n.* सं० a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी; a specious arguer. वाक्छल करने वाला; an unscrupulous propagandist. निःशंक प्रचारक।

SOPHISTIC, SOPHISTICAL, [सो-फ़िस्'-इक्], (ऑल्), *adj.* सं० वि० relating to a sophist. मिथ्या हेतुवादी संबंधी।

SOPHISTICATE, [सो-फ़िस्ट्'-इक्-एंट्], *adj.* सं० वि० impure. अशुद्ध; corrupted. भ्रष्ट; adulterated. मिलावट किया हुआ; *v. t.* स० क्रि० to make sophistical. मिथ्या हेतुवादी बनाना; to corrupt. भ्रष्ट करना; to adulterate. मिलावट करना; to mislead. धोखा देना; *v. i.* अ० क्रि० to use sophistry. वाक्छल का प्रयोग करना।

SOPHISTICATION, [सो-फ़िस्ट्'-इक्-एं'-शॉन], *n.* सं० the act of adulterating. मिलावट; the process of making corrupt sophistically. मिथ्यावाद द्वारा भ्रष्ट करने का कार्य।

SOPHISTRY, [सॉफ़्'-इस्ट्-री], *n.* सं० specious reasoning. मिथ्या हेतुवाद।

SOPHOMORE, [सॉफ़्'-ओ-मोर्], *n.* सं० a university student in his second year. विश्वविद्यालय का द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी।

SOPORIFIC, [सॉ'-पॉ-रिफ़्'-इक्], *n.* सं० a medicine which induces sleep. निद्रा लाने वाली औषधि; *adj.* सं० वि० tending to induce sleep. निद्राकारी।

SOPPY, [सॉप्'-इ], *adj.* सं० soaked. भींगा हुआ; having no mental or physical energy. मानसिक अथवा शारीरिक शक्ति विहीन।

SOPRANO, [सो-प्रॉ'-नो], *n.* सं० (*pl.* ब० व० **Sopranos, Soprani**) highest female or boy's voice. स्त्री अथवा बालक का उच्चतम राग; *adj.* सं० वि० with the musical range of a soprano इस प्रकार के राग [illegible];

SORCERER, [सॉर्'-सेर्-एर्], *n.* सं० one who practises sorcery. ऐन्द्रजालिक; a magician. जादूगर; a wizard. मायाकार।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SORCERY, [सॉर्'-सेर-ई], *n.* सं० the art of magic. जादू की विद्या ; witchcraft. इन्द्रजाल।

SORDID, [सॉर्'-डिड्], *adj.* सं० वि० dirty. गन्दा ; contemptible. घृणित ; low in character. अधम चरित्र वाला ; niggardly. कृपण ; mean. नीच ; filthy. मलिन ; meanly avaricious. अति लालची।

SORE, [सॉर], *n.* सं० an ulcer. फोड़ा ; a boil. व्रण ; grief. दुःख ; affliction. वेदना; *adj.* सं० वि० painful in body or mind. शरीर या चित्त में कष्टदायी ; distressing. क्लेशपूर्ण ; affected with inflammation. शोथ (सूजन) से पीड़ित ; severe. कठोर ; *adv.* क्रि० वि० severely. कठोरता से ; grievously. क्लेश से।

SORGHUM, [सॉर्'-गम्], *n.* सं० the genus of tall cereal grasses allied to the sugarcane. गन्ने की जाति के लम्बे अन्न के पौधे।

SORREL, [सॉ'-रेल्], *n.* सं० a plant with small pinkish-white flowers. गुलाबी सफ़ेद फूलों वाला एक पौधा ; a horse red-brown in colour. धूसर (काला-भूरा) रंग का घोड़ा ; *adj.* सं० वि० of a yellowish brown colour. बदामी भूरे रंग का।

SORROW, [सॉ'-रो], *n.* सं० grief. शोक ; regret. खेद ; deep unhappiness. दारुण दुःख ; sadness. उदासी ; regret for error or sin committed. पश्चात्ताप ; contrition. व्यथा ; *v. i.* अ० क्रि० to feel or express sorrow. दुःखी होना या दुःख प्रकट करना ; to grieve. शोक करना ; to mourn. विलाप करना।

SORROWFUL, [सॉ'-रो-फ़ुल्], *adj.* सं० वि० full of sorrow. शोकपूर्ण ; sad. उदास ; unhappy. दुःखी ; grievous. खेदयुक्त।

SORTIE, [सॉर्ट'-ई], *n.* सं० a sudden raid made by a body of troops from a besieged place on the besiegers. घिरे हुए सैनिकों का घेरा डालने वाली सेना पर आकस्मिक आक्रमण।

SORTITION, [सॉर्-टिश्'-ऑन्], *n.* सं० selection by casting lots. चिट्ठी डाल कर स्थिर करने का काय।

SOT, [सॉट्], *n.* सं० a stupid person. मूढ़ व्यक्ति ; a habitual drunkard. पियक्कड़ (शराबी) ; *v. t.* स० क्रि० to make stupid by filling with drink. मदिरा पिला कर मूढ़ बनाना ; *v. i.* अ० क्रि० to drink till fuddled in the brain. मदोन्मत्त होना।

SOTTISH, [सॉट्'-इश्], *adj.* सं० वि० being in the state of a sot. मदिरा पीकर मूढ़ ; given to drinking. मदिरा का व्यसनी ; fuddled with drink. मदोन्मत्त ; weak in the brain. कुन्द बुद्धिवाला।

SOUCHANG, [सू'-चॉङ्ग्], *n.* सं० a kind of black tea from China. चीन देश की एक प्रकार की काली चाय।

SOUFFLE, [सफ़्'-ले], *n.* सं० a soft blowing sound made by the lungs. फेफड़े की मन्द ध्वनि।

SOUGH, [सफ़्', सॉ], *n.* सं० the whistle of the wind. वायु की सन् सन् की ध्वनि ; *v. i.* अ० क्रि० to sigh as the wind. वायु के समान सन् सन् शब्द करना।

SOUGHT, [सॉट्], *p. t. & p. p.* भू० का तथा भू० कृ० of 'Seek' ; searched for. खोज किया।

SOUL, [सोल्], *n.* सं० the spiritual part of man. आत्मा ; the seat of reason and conscience. अन्तःकरण; the vital principle. जीव-शक्ति ; essence. मूल तत्व ; life. जीवन ; internal power. आन्तरिक शक्ति ; a single person. एक व्यक्ति ; a pattern. प्रतिरूप ; courage. साहस ; **Animating soul** (spiritual part of a man). जीवात्मा ; **Departed soul** (the soul of a dead person). प्रेतात्मा ; **Heart and soul** (completely). पूर्ण रूप से ; **Supreme soul** (Immortal soul). परमात्मा, ईश्वर।

SOULLESS, [सोल्'-लेस्], *adj.* सं० वि० having no soul. आत्मविहीन ; destitute of human virtues. मानवीय गुणों से रहित ; cruel. क्रूर ; merciless. दयारहित ; selfish. स्वार्थी।

SOUND, [साउन्ड], *n.* सं० a sensation produced in the ear by vibration in the air. वायु में कंपन के द्वारा उत्पन्न कर्ण ज्ञान, ध्वनि ; a sound made by the power of speech. मनुष्य की वाणी ; noise. कोलाहल ; report. शब्द ; a strait connecting two seas. जलडमरूमध्य ; the air nebladder of a fish. मछली के अन्दर वायु की थैली ; a surgical instrument used for

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

probing. एक प्रकार का शल्य अस्त्र।

SOUND, [साउन्ड्], *adj.* सं० वि० entire. संपूर्ण ; unbroken. अखण्ड ; perfect. दोष-रहित ; healthy. स्वस्थ ; valid. प्रामाणिक ; right. उचित ; logical. तर्कसंगत ; sagacious. चतुर ; efficient. कार्यकुशल ; stout. हृष्ट-पुष्ट ; reliable. विश्वसनीय ; **Sound argument** (a valid argument). सप्रमाण तर्क ; **Sound sleep** (unbroken sleep). गाढ़ी निद्रा ; **Sound views** (right opinions). उचित विचार।

SOUND, [साउन्ड्], *adv.* क्रि० वि० in a sound manner. प्रामाणिक रूप से ; to a whole degree. पूर्ण रूप से ; healthily. स्वस्थ रूप से।

SOUND, [साउन्ड्], *v. t.* स० क्रि० to cause to make a noise. कोलाहल करना ; to utter audibly. उच्च स्वर में कहना ; to play on. बजाना (बाजा) ; to signal by a sound. शब्द द्वारा संकेत करना ; to honour by sounds. ध्वनियों द्वारा सन्मान करना ; to publish. प्रकाश में लाना ; to ascertain the depth of water. जल की गहराई का पता लगाना ; to try. प्रयत्न करना ; to examine. परीक्षा करना ; to devour to discover that which lies concealed in another's breast. दूसरे के हृदय में छिपे हुए भेद को जानने का प्रयास करना ; *v. i.* अ० क्रि० to make a noise. शब्द करना ; to utter a voice. कुछ कहना ; to exhibit by sound. ध्वनि द्वारा प्रकट होना ; to be spread. प्रचार होना।

SOUNDING, [साउन्ड्'-इङ्ग्], *n.* सं० the act of measuring the depth of water. जल की गहराई नापने का कार्य ; the measurement obtained by such a process. इस प्रकार नापी हुई नाप ; a place submitted to such a process. स्थान जहां जल की गहराई नापी जाये ; the act of endeavouring to discover the opinions or desires. विचारों तथा इच्छाओं को जानने का प्रयास ; *adj.* सं० वि० full of sound. ध्वनिपूर्ण ; making a noise. कोलाहलमय।

SOUP, [सूप्], *n.* सं० food in the form of water impregnated with meat or vegetables which have been boiled up in it and strained off. मांस या तरकारी का जूस, शोरवा ; **In the soup** (in trouble). संकट में।

SOUR, [साउर्], *n.* सं० that which is sour. खट्टा पदार्थ ; *adj.* सं० वि० sharp to the taste. खट्टा ; acidulous in flavour. अम्ल-स्वाद का ; astringent. अरेचक ; having a peevish nature. चिड़चिड़े स्वभाव वाला ; disagreeable. अप्रिय ; *v. t.* स० क्रि० to turn sour. खट्टा करना ; to make harsh. कर्कश करना ; to make unkindly. क्रूर बनाना ; to make cross. चिड़चिड़ा बनाना ; *v. i.* अ० क्रि० to turn acid. अम्ल (खट्टा) होना ; to become peevish. चिड़चिड़े स्वभाव का होना।

SOURCE, [सोर्स्], *n.* सं० the place of a spring or fountain from which a stream of water flows. नदी का उद्गम स्थान ; first cause. आदि कारण ; the starting-point of anything. किसी वस्तु का मूल कारण ; original work. मूल रचना।

SOUSE, [साउस्], *n.* सं० pickle. अचार ; a downpour of rainwater. घोर वर्षा ; *v. t.* स० क्रि० to pickle. अचार डालना ; to soak with water. पानी से भिगोना ; *v. i.* अ० क्रि० to plunge into water. पानी में कूद कर डुबकी लगाना ; to fall suddenly. अचानक गिरना ; *adv.* क्रि० वि० with a swoop. झोंके से।

SOUTANE, [सू'-टान्'], *n.* सं० a black robe worn by priests. पादरी का काला अंगरखा।

SOUTH, [साउथ्], *n.* सं० the cardinal point of the compass opposite to the north. दक्षिण दिशा ; the Southern hemisphere. दक्षिणी गोलार्ध ; a territory lying south of a certain point. किसी विशिष्ट स्थान के दक्षिण का प्रदेश ; *adj.* सं० वि० situated in a territory in the south. दक्षिण प्रदेश में स्थित ; southern. दक्षिणी ; coming from or grown in the south. दक्षिण से आने वाला या दक्षिण में उत्पन्न ; *v. i.* अ० क्रि० to move in a southerly direction. दक्षिण की ओर बढ़ना ; *adv.* क्रि० वि० towards the south. दक्षिण की ओर।

SOUTH-EAST, [सौथ्'-ईस्ट्], *n.* सं० a point of the compass midway between the south and east. आग्नेय दिशा, दक्षिण-पूर्व ; *adv.* क्रि० वि० towards the south-east. आग्नेय दिशा में।

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

SOUTH-EASTER, [सौथ्-ईस्ट्-अर्], *n.* सं० a south-easterly wind. आग्नेय दिशा से बहने वाली वायु ।

SOUTH-EASTERLY, [सौथ्-ईस्ट्-अर्-ली], *adj.* सं० वि० situated in the south-east. आग्नेय दिशा में स्थित ; *adj.* सं० वि० in the south-east direction. आग्नेय दिशा में ।

SOUTH-EASTERN, [सौथ्-ईस्ट्न्], *adj.* सं० वि० belonging to the south-east. आग्नेय दिशा संबंधी ।

SOUTHERLY, [सद्'-एर्-ली], *adj.* सं० वि० lying in the south. दक्षिण में स्थित ; coming from the south. दक्षिण से आने वाला । *adv.* क्रि० वि० towards the south. दक्षिण की ओर ।

SOUTHERN, [सद्'-एर्न्], *adj.* सं० वि० situated in the south. दक्षिण में स्थित ; belonging to the south. दक्षिण दिशा का, दक्षिणी ; coming from the south. दक्षिण से आने वाला ।

SOUTHERNER, [सद्'-एर्न्-एर्], *n.* सं० an inhabitant of the south. दक्षिण देश का निवासी ।

SOUTHMOST, [सौथ्'-मोस्ट्], *adj.* सं० वि० farthest towards the south. दूर दक्षिण दिशा का ।

SOUTHWARD, [सौथ्'-वर्ड्], *adj.* सं० वि० directed towards the south. दक्षिण की ओर का ; *adv.* क्रि० वि० in a southerly direction. दक्षिण दिशा में ।

SOUTH-WEST, [सौथ्'-वेस्ट्], *n.* सं० the point of the compass between the south and west. दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैऋत्य दिशा ; *adj.* सं० वि० situated in the south-west. दक्षिण-पश्चिम के कोण में स्थित ; *adv.* क्रि० वि० in the direction of the south-west. दक्षिण-पश्चिम के कोण की दिशा में ।

SOUTH-WESTER, [सौथ्'-वेस्ट'-एर्], *n.* सं० a south-westerly wind. दक्षिण-पश्चिमी वायु ।

SOUVENIR, [सू'-वेन्-ईर्], *n.* सं० a small object kept as a reminder. स्मरण रखने के लिये रक्खी हुई छोटी वस्तु ; a keepsake. स्मारक वस्तु ।

SOVEREIGN, [सॉव्'-रेन्], *n.* सं० a monarch. महाराज ; a king. राजा ; an emperor. सम्राट् ; a British gold coin worth twenty shillings. बीस शिलिंग की ब्रिटेन की एक सुवर्ण मुद्रा ; *adj.* सं० वि० possessing the status of supreme domination. महान् आधिपत्य के पदवाला ; paramount. सर्वश्रेष्ठ ; excellent. अति उत्तम ।

SOVERFIGNTY, [सॉव्'-रेन्-टी], *n.* सं० the status of supreme power. महान राजसत्ता का पद ; supreme domination. सर्वोच्च आधिपत्य (प्रभुत्व) ; **Sovereing authority** (supreme domain). सर्वश्रेष्ठ राजसत्ता ; **Sovereign medicine** (the most effectual remedy). अति गुणकारी औषधि ।

SOVIET, [सॉव्'-इ-एट्], *n.* सं० an elected governing council in Russia. रूस देश का निर्वाचित शासन परिषद् ; *adj.* सं० वि० governed by Soviets. निर्वाचित शासन परिषद् द्वारा शासित ।

SOW, [सौ], *n.* सं० an adult female pig. प्रौढ़ शूकरी (सुअरी) ; a large mould into which molten metal is run. गले हुए धातु को ढालने का बड़ा साँचा ।

SOW, [सो], *v. t.* स० क्रि० (*p. t.* भू० का० **Sowed** ; भू० कृ० *p. p.* **Sown**) to cast seed on the ground. बीज बोना ; to plant with seed. बीज बैठाना ; to propagate. प्रचार करना ; *v. i.* अ० क्रि० to scatter seed for growth. जमने के लिये बीज का फेंकना ।

SPA, [स्पा], *n.* सं० a health resort with a mineral spring. स्वास्थ्यकर स्थान जहाँ पर गंधक के पानी का सोता हो ।

SPACE, [स्पेस्], *n.* सं० extension between objects. स्थान ; area. क्षेत्र ; the extension supposed to contain the universe. ब्रह्माण्ड ; a period of time. समय ; a while. अल्प काल ; a blank interval between words. शब्दों के बीच का रिक्त स्थान ; *v. t.* स० क्रि० to make intervals between words or lines. शब्दों या पंक्तियों के बीच स्थान छोड़ना ; **To space out** (to place at intervals). थोड़ी थोड़ी दूरी पर रखना ; **Infinite space** (infinite time). अनन्त आकाश ; **Intervening space** (middle space). मध्य का स्थान ; **Pervading all space** (existing in all directions). सब दिशाओं में व्यापक ; **Space of time** (inter-

CC-0. JK Sanskrit Academy, Jammmu. Digitized by S3 Foundation USA

val of time). अवधि ।

SPACIOUS, [स्पेश्'-शस्], *adj.* सं० वि० affording ample space. पर्याप्त स्थान वाला ; extensive. विस्तृत ; vast in extent. विशाल ।

SPADE, [स्पेड्], *n.* सं० a digging implement. फरसा ; a shovel. फावड़ा ; the black suit of playing cards. ताश में हुकुम का रंग ; *v. t.* स० क्रि० to dig with a spade. फरसे से खोदना ; **To call a spade a spade** (to speak plainly). स्पष्ट कहना ।

SPADEFUL, [स्पेड्'-फुल्], *n.* सं० as much as a spade will hold. फरसा भर कर ।

SPADE-WORK, [स्पेड्'-वर्क्], *n.* सं० preparatory work. प्रारंभिक कार्य ; hard labour. कठिन परिश्रम ।

SPAKE, [स्पेक्], old *p. t.* of 'speak' क्रिया के भूत काल का प्राचीन रूप ।

SPALPEEN, [स्पॉल्'-पीन्], *n.* सं० a rascal. दुष्ट ; a mean fellow. नीच व्यक्ति ।

SPAN, [स्पॉन्], *n.* सं० the distance between the tip of the thumb and little finger when the hand is fully extended. एक बित्ता ; nine inches. नव इंच ; a short period. अल्प काल ; duration. अवधि ; the space between the supports of an arch. कमान की चौड़ाई ; a yoke of oxen. जुए में बँधे हुये बैल की जोड़ी ; **Span of life** (the full course of life). जीवन की अवधि ; *v. t.* स० क्रि० to measure by stretching thumb and fingers. बित्ते से नापना ; to stretch across. फैलाना ; to cross over. पार करना ; to secure with ropes. रस्से से बाँधना ।

SPAN, [स्पॉन्], *p. t.* & *p. p.* भू० का० तथा भू० कृ० of 'Spin'.

SPANGLE, [स्पॉङ्'-गल्], *n.* सं० a tiny disc of bright metal. चमकीले धातु की छोटी टिकुली ; any little thing sparkling and brilliant. चमकीली ; *v. t.* स० क्रि० to set with spangles. चमकी टाँकना ।

SPANIARD, [स्पॉन्'-यर्ड्], *n.* सं० a native of Spain. स्पेन देश का निवासी ।

SPANNER, [स्पॉन्'-एर्], *n* सं० a tool for turning nuts. ढिबरी घुमाने का अस्त्र ; a wrench. हथकल ।

SPANISH, [स्पॉन्'-इश्], *adj.* सं० वि० relating to Spain. स्पेन देश संबंधी ; *n.* सं० the language of Spain. स्पेन देश की भाषा ।

SPANK, [स्पॉङ्क्], *n.* सं० a blow on the buttocks with the flat of the hand. चूतड़ पर थप्पड़ की मार ; *v. t.* स० क्रि० to stick on the buttocks with the open hand. चूतड़ पर थप्पड़ मारना ; **To spank along** (to move at a brisk pace). तीव्र गति से आगे बढ़ना ।

SPANKER, [स्पॉङ्क'-एर्], *n.* सं० a fast-going horse. वेग से दौड़ने वाला घोड़ा ; a remarkable and excellent action or object. विलक्षण तथा श्रेष्ठ कार्य या वस्तु ।

SPANKING, [स्पॉङ्क्'-इङ्ग्], *n.* सं० a beating with a flat object. समतल वस्तु से मारने का कार्य ; *adj.* सं० वि० brisk. चपल, तीव्र ; large. बड़ा ; stout. हृष्ट-पुष्ट ।

